सूर्योदय प्रातः 5:24 सूर्यास्त संध्या 6:24 पखवाड़ा श्रावण शु. प्रतिपदा, संवत 2083 तापमान अधिकतम 31° न्यूनतम 25°



# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, गुरुवार, 13 अगस्त 2026, वर्ष : 17, अंक : 180, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


**शेयर बाजार**

सेंसेक्स 77,966.35 -187.90 (-0.24%)

निफ्टी 24,435.95 -35.75 (-0.15%)

**सर्राफा बाजार** प्रति 10 ग्राम

24 carat सोना 1,50,620.00

चांदी 2600.00

## एक झलक

### जनगणना–2027 की तैयारियां तेज

**नयी दिल्ली :** देश में जनगणना-2027 की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण और आवास गणना का काम 31 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में पूरा हो चुका है। बाकी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में यह काम सितंबर 2026 तक पूरा किया जायेगा। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना के दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना की तैयारियां भी पूरी की जा रही हैं।

### न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर लगे आरोपों की जांच में पुष्टि

**नयी दिल्ली :** न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास से बिना हिसाब की नकदी बरामद होने के मामले में तीन सदस्यीय जांच समिति ने उनपर लगे तीनों आरोपों को सही पाया है। समिति के अनुसार उनके दिल्ली स्थित सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में बिना हिसाब की नकदी मिली थी। लोकसभा में आज समिति की रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा गया। रिपोर्ट के अनुसार उनके खिलाफ किसी तरह की साजिश होने के कोई सबूत नहीं मिले हैं। यह भी कहा गया है कि इतनी बड़ी मात्रा नकद नजरअंदाज रहे, यह नहीं हो सकता।

### यूजीसी को पांच वर्षों में 90,051 करोड़ से अधिक जारी

**नयी दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने वर्ष 2021–22 से 2025–26 के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को 90,051.94 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की। इसमें से केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को 73,148.65 करोड़ रुपये और विश्वविद्यालयों से जुड़े संस्थानों को 2,743.04 करोड़ रुपये जारी किये गये। शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने बुधवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2021–22 में यूजीसी को 13,839.43 करोड़ रुपये जारी किये गये और 13,606.52 करोड़ रुपये खर्च हुए।

## अंदर के पन्नों पर


3 बाल श्रम व बाल तस्करी के खिलाफ सामूहिक प्रयास...

5 सदर अस्पताल अब राज्य के बेहतर सदर अस्पतालों...

7 'विकसित भारत-जी राम जी योजना' को लेकर जिला...

9 ग्रीनफील्ड सैटलाइट टाउनशिप में जमीन की...

10 जसप्रीत बुमराह 21 महीने से लगातार नम्बर-1 टेस्ट बॉलर...


## कार्टून कोना




# झारखंड के 29 पुलिस अधिकारियों-कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस पर मिलेगा पुलिस पदक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के तीन भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों समेत 29 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उनकी विशिष्ट, वीरतापूर्ण और सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जायेगा। गृह विभाग ने पदक पानेवाले अधिकारियों और कर्मियों की सूची जारी कर दी है।

जारी सूची के अनुसार, एक एएसआई को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक, पांच पुलिसकर्मियों को वीरता पदक और तीन आईपीएस अधिकारियों समेत 23 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को सराहनीय सेवा पदक प्रदान किया जायेगा। इस बार सम्मान पानेवालों में पांच महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। विशिष्ट सेवा के लिए जैप-1 के एएसआई कैलाश प्रसाद श्रेष्ठ को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जायेगा। वहीं, वीरता पदक पानेवालों में लातेहार के अवर निरीक्षक विनय कुमार, आईआरबी-4 लातेहार के सहायक उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार राय, लातेहार जिला बल के आरक्षी वेद प्रकाश महतो और रामचंद्र कुमार महतो तथा आईआरबी-1 जामताड़ा के आरक्षी



कृष्णा मुर्मू शामिल हैं।

सराहनीय सेवा के लिए पदक पानेवालों में महानिरीक्षक रेल डॉ. माइकल राज एस, केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात आईपीएस अधिकारी अन्नेपु विजयालक्ष्मी और कोल्हान के उपमहानिरीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा शामिल हैं। इनके अलावा स्पेशल ब्रांच के उपाधीक्षक नीरज कुमार, वायरलेस के इंस्पेक्टर अरुण कुमार, एसटीएफ के इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय, आईटीएस रांची के इंस्पेक्टर असित कुमार मोदी, एसटीएफ के एसआई अरविन्द कुमार पालित, वशिष्ठ कुंवर, संजीव कुमार झा और विजय कुमार को भी सराहनीय सेवा पदक दिया जायेगा।

रांची जिला के एएसआई दीपक पुंज, सीआईडी के एएसआई महेन्द्र महतो, एसटीएफ के हवलदार इकबाल, हवलदार बिन्दराय मुण्डरी और हवलदार विजय थापा भी सराहनीय सेवा के लिए सम्मानित होंगे।

इस बार पदक पानेवालों में पांच महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं। जैप-10 हटवार की महिला आरक्षी मान्ती खलखो और प्रभा देवी तथा महिला हवलदार रंजिता कुजूर को सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा जैप-10 की महिला आरक्षी पुष्पा ओड़ेया को भी सराहनीय सेवा के लिए पदक प्रदान किया जायेगा। गढ़वा के आरक्षी विदेशी मांझी, चतरा के आरक्षी अजय कुमार दूबे और गुमला के आरक्षी दीपक कुमार सिंह को भी सराहनीय सेवा पदक मिलेगा। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## रिम्स में यूजी की 250 और पीजी की 275 सीटें करने की तैयारी

# 830 करोड़ रुपये की योजनाओं पर चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची स्थित राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में मेडिकल शिक्षा के विस्तार और अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर बुधवार को नेपाल हाउस में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में मेडिकल सीटों में वृद्धि के साथ आधारभूत संरचना के विस्तार, मरीजों की भर्ती-डिस्चार्ज व्यवस्था और संस्थान की नियमावली में बदलाव को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर चर्चा हुई।

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि रिम्स में यूजी सीटों की संख्या 180 से बढ़ा कर 250 करने की तैयारी है। इसके लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने सीट वृद्धि के लिए सैद्धांतिक रूप से शर्तों के साथ मंजूरी दी है। वहीं, पीजी सीटों को 176 से बढ़ा कर 275 और पोस्ट-पीजी सीटों को 11 से बढ़ा कर 100 करने के लिए भी डीपीआर तैयार करने पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि सीटों में वृद्धि के अनुरूप रिम्स के पुराने आईपीडी, ओपीडी और एकेडमिक ब्लॉक के रेनोवेशन एवं विस्तार की जरूरत होगी। इन कार्यों का प्रस्ताव सेंट्रल स्पॉन्सर्ड स्कीम के तहत भेजा जायेगा। इस पर करीब 380 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। रिम्स के नॉर्थ और साउथ कैम्पस स्थित हॉस्टल एवं क्वार्टर के रेनोवेशन को भी इस योजना में शामिल किया जायेगा। पीजी एवं पोस्ट-पीजी हॉस्टल और स्टेडियम कॉम्प्लेक्स के विकास का प्रस्ताव पीपीपी मोड में तैयार किया जा रहा है। इन कार्यों पर करीब 450 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

बैठक में मरीजों के एडमिशन और डिस्चार्ज के लिए स्पष्ट एसओपी तैयार करने के निर्देश दिये गये। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि उपचार पूरा होने के बाद चिकित्सकीय सलाह के अनुसार मरीजों को समय पर डिस्चार्ज किया जाये, ताकि गम्भीर मरीजों के लिए बेड उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बिना रेफरल मरीजों की भर्ती को नियंत्रित करने और केवल आवश्यक मामलों में ही भर्ती सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। ● शेष पृष्ठ 11 पर



### 380 करोड़ से बढ़ेगा आधारभूत ढांचा

सीटों में वृद्धि के अनुरूप पुराने आईपीडी, ओपीडी और एकेडमिक ब्लॉक के रेनोवेशन व विस्तार की जरूरत होगी। इसके लिए करीब 380 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। नॉर्थ और साउथ कैंपस के हॉस्टल एवं क्वार्टर के रेनोवेशन को भी योजना में शामिल किया जायेगा।

### मरीजों के एडमिशन-डिस्चार्ज की बनेगी एसओपी

मरीजों की भर्ती और डिस्चार्ज के लिए स्पष्ट एसओपी तैयार करने के निर्देश दिये गये। उपचार पूरा होने के बाद चिकित्सकीय सलाह के अनुसार समय पर डिस्चार्ज सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि गंभीर मरीजों के लिए बेड उपलब्ध हो सकें।

# जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं की सीबीआई जांच की मांग को लेकर छात्रों का आन्दोलन 19वें दिन जारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जेपीएससी-जेएसएससी की भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच समेत अन्य मांगों को लेकर छात्रों का आन्दोलन बुधवार को लगातार 19वें दिन भी जारी रहा। वहीं, आमरण अनशन का नौवां दिन रहा। आन्दोलनकारी छात्र परीक्षाओं में पारदर्शिता, कथित गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं।

आन्दोलनकारी छात्र विनय मेहता ने कहा कि छात्र जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में शांतिपूर्ण तरीके से आमरण अनशन कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों की मांगों पर गम्भीरता से विचार नहीं कर रही है। देर रात धरना स्थल पर पुलिस प्रशासन की सक्रियता को लेकर उन्होंने आशंका जतायी कि कहीं आन्दोलन को दबाने का प्रयास तो नहीं किया जा रहा है। उन्होंने सरकार से छात्रों की मांगों पर गम्भीरता से विचार करने की अपील की।

इसी बीच, आन्दोलनकारी उम्मा हबीब की ● शेष पृष्ठ 11 पर



### छात्र आन्दोलन की गूंज दिल्ली तक पहुंची

**झारखंड** में जेपीएससी-जेएसएससी समेत अन्य भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ जारी छात्र आन्दोलन की गूंज अब दिल्ली तक पहुंच गयी है। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों ने संसद भवन परिसर में मकर द्वार पर प्रदर्शन कर झारखंड में छात्रों पर कथित लाठीचार्ज का विरोध किया और उनके समर्थन में आवाज उठायी।

## एन. चंद्रशेखरन ने किया टाटा समूह के अध्यक्ष पद से हटने का ऐलान

**नयी दिल्ली :** देश के अग्रणी उद्योग समूह टाटा संस के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन ने आज घोषणा की, कि वह अपने वर्तमान कार्यकाल 20 फरवरी 2027 को समाप्त होने पर पुनर्नियुक्ति के लिए अपना नाम प्रस्तुत नहीं करेंगे। उन्होंने बोर्ड से शीघ्र उनका उत्तराधिकारी चुनने का अनुरोध किया है। आयु में 63 वर्ष के हो चुके चंद्रशेखरन ने बुधवार को अपने वक्तव्य में कहा कि टाटा समूह में उनके पेशेवर जीवन के 40 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस प्रतिष्ठित संस्थान में योगदान देना उनके लिए अत्यन्त संतोषजनक रहा है। पिछले एक दशक से टाटा संस का नेतृत्व करना उनके लिए बड़ा सम्मान और गहरी जिम्मेदारी रही है।

# रांची के मधुकम वाले महादेव उरांव को सुप्रीम कोर्ट से भी लगा झटका

■ **आदिवासी जमीन मामले में एसएलपी खारिज**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुकम स्थित शिव-दुर्गा मंदिर रोड में आदिवासी जमीन पर 50-60 वर्षों से रह रहे गैर-आदिवासी परिवारों के 12 मकान तोड़े जाने के मामले में जमीन मालिक महादेव उरांव को सुप्रीम कोर्ट से भी करारा झटका लगा है। सर्वोच्च अदालत ने मामले में दायर स्पेशल लीव पीटिशन (एसएलपी) को खारिज कर दिया। सुनवाई के दौरान अदालत ने जमीन की बिक्री और बाद में उसे खाली कराने के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाने पर कड़ी नाराजगी जतायी। अदालत की सख्त टिप्पणी के बाद याचिकाकर्ता की ओर से एसएलपी वापस लेने का आग्रह किया गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए याचिका खारिज कर दी।

**जमीन बेचने के बाद बेदखली की मांग पर कोर्ट नाराज**

**सुप्रीम** कोर्ट में सुनवाई के दौरान यह सवाल प्रमुखता से उठा कि सम्बन्धित लोगों ने जमीन के बदले बड़ी रकम ली गयी और बाद में उन्हीं लोगों ● शेष पृष्ठ 11 पर

# सरकार संसद में नीट परीक्षा को लेकर छात्र आन्दोलन पर चर्चा को तैयार : शाह

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिख कर कहा कि सरकार संसद में नीट परीक्षा को लेकर छात्र आन्दोलन के मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।



उन्होंने विपक्ष से चर्चा में इस विषय पर पर्याप्त समय आवंटित करने का अनुरोध किया है। अमित शाह ने पत्र में कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में सरकार की ओर से संसद में नीट परीक्षा को लेकर छात्र आन्दोलन के मुद्दे पर चर्चा के लिए सहमति दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के आग्रह पर पहले ही संसद के मौजूदा सत्र में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा हो चुकी है, जिसमें विपक्ष के किसी भी सांसद ने नीट परीक्षा के संबंध में सदन में कोई विचार व्यक्त नहीं किया। इसके बावजूद सरकार इस मुद्दे पर चर्चा के लिए फिर तैयार है। गृहमंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया कि विपक्ष से चर्चा कर आपसी सहमति से आज ● शेष पृष्ठ 11 पर

## गृहमंत्री के चर्चा के प्रस्ताव पर राहुल का पलटवार

# भाषण नहीं, छात्रों पर कार्रवाई का जवाब चाहिए

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संसद में छात्रों के विरोध-प्रदर्शन से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा के लिए सरकार के तैयार होने और विपक्ष को 24 घंटे का समय देने के बयान पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष गृहमंत्री का भाषण सुनने में रुचि नहीं रखता। उनकी मांग केवल यह जानने की है कि दिल्ली में छात्रों पर गोली चलाने और उनके खिलाफ बल प्रयोग का आदेश किसने दिया था। राहुल गांधी ने बुधवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि विपक्ष यह जानना चाहता है कि किस छात्रों पर गोली किसने चलायी, गोली चलाने के आदेश किसने दिये, एक छात्र की आंखों की रोशनी किस तरह गयी और एक छात्र के कान में गोली किसने मारी। छात्रों पर लाठी चलाने और कथित तौर पर कीलों वाले डंडों के इस्तेमाल के आदेश किसने दिये, इसका जवाब गृहमंत्री को देना चाहिए।



उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस और आरएसपी गृह मंत्रालय के अधीन हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने छात्रों पर कार्रवाई के आदेश दिये थे या ● शेष पृष्ठ 11 पर

# विपक्ष चर्चा से भाग रहा है, यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं : रिजिजू

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** संसद के मॉनसून सत्र में जारी गतिरोध के बीच संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने बुधवार को कहा कि वह मौजूदा स्थिति से निराश हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में पहली बार वह ऐसी स्थिति देख रहे हैं, जब सरकार खुद संसद में चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष चर्चा से पीछे हट रहा है।



किरण रिजिजू ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'मैं पूरी तरह निराश हूं। पहली बार अपने जीवन में ऐसी स्थिति देख रहा हूं, जहां सरकार संसद में चर्चा चाहती है, लेकिन विपक्ष चर्चा से भाग रहा है।' उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में सामान्य तौर पर विपक्ष चर्चा की मांग करता है और सरकार उस पर जवाब देती है, लेकिन मौजूदा स्थिति इसके बिलकुल उलट है। उन्होंने कहा कि सरकार स्पष्ट रूप से कह रही है कि वह चर्चा कराने और सभी सवालों के जवाब देने के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष सरकार का जवाब सुनना नहीं चाहता। रिजिजू ने कहा कि लोकतंत्र के लिए यह अच्छी स्थिति नहीं है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि सरकार ने विपक्ष ● शेष पृष्ठ 11 पर

# विपक्ष के जोरदार हंगामे के कारण फिर नहीं चली लोकसभा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** संसद के मॉनसून सत्र के 18वें दिन बुधवार को भी विपक्ष ने अपनी मांगों को लेकर सदन में भारी हंगामा किया। विपक्ष के सांसदों की नारेबाजी के कारण लोकसभा की कार्यवाही लगातार बाधित रही। कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और 'चंदा चोर, गद्दी छोड़' के नारे लगाये। हंगामा बढ़ने के कारण पहले 02 बजे तक के लिए और उसके बाद 03 बजे तक के लिए और अंततः लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार, 13 अगस्त को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

इससे पहले नीट, छात्रों पर पुलिस की बर्बरतापूर्ण कार्यवाही, राम मंदिर चढ़ावा चोरी और अन्य मुद्दों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जम कर नोक-झोंक भी हुई, जिससे सदन में गतिरोध बना रहा। बार-बार स्थगन के बावजूद सदन में स्थिति सामान्य नहीं हो सकी। संसद के बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में कहा कि सरकार नीट के मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और गृह मंत्री अमित शाह विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए सदन में मौजूद रहने को तैयार हैं। उन्होंने स्पीकर को चर्चा के लिए चिट्ठी भी लिखी है। रिजिजू ने विपक्षी सांसदों से अपनी सीटों पर लौटने और सदन को सुचारु रूप से चलने देने की अपील की। रिजिजू ने कहा कि मॉनसून सत्र के अब केवल दो दिन ● शेष पृष्ठ 11 पर

■ **अमित शाह की चिट्ठी और किरेन रिजिजू का आश्वासन भी नहीं आया काम, गतिरोध जारी**



## विदेशी फंडिंग से जुड़ा एफसीआरए विधेयक जेपीसी को भेजा गया

**लोकसभा** में बुधवार को 'विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026' को संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया। संयुक्त समिति में लोकसभा के 21 सदस्य और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल होंगे। इन्हें लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति नामित करेंगे। समिति को विधेयक की जांच और शीतकालीन सत्र 2026 के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का कार्य सौंपा गया है। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को विधेयक को संयुक्त समिति को भेजे जाने का प्रस्ताव रखा। विपक्षी दलों ने विधेयक को वापस लिये जाने की मांग की। सत्ता पक्ष ने कहा कि विधेयक अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं है।

# राज्यसभा से राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (संशोधन) विधेयक 2026 ध्वनिमत से पारित

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा ने बुधवार को करीब एक घंटे तक चली चर्चा के बाद राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (संशोधन) विधेयक, 2026 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इससे पहले यह विधेयक मंगलवार को लोकसभा से भी पारित हो चुका है। इस बीच कांग्रेस ने सदन से गृहमंत्री के सदन में जवाब की मांग को लेकर बहिर्गमन किया। सहकारिता राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल द्वारा प्रस्तुत यह विधेयक राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) अधिनियम, 1962 में संशोधन करता है, जिससे सहकारी समितियों को सीधा वित्त पोषण और ऋण मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस संशोधन विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की वित्तीय क्षमता और अधिकारों का विस्तार करना है ताकि वह सहकारी क्षेत्र से जुड़ीं संस्थाओं और परियोजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से वित्तीय सहायता दे सके। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि देश में 08 लाख से अधिक सहकारी संस्थाएं हैं, जिनसे करीब 30 करोड़ लोग जुड़े हुए हैं। ● शेष पृष्ठ 11 पर



## एक झलक

### आश्वासन समिति ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपी रिपोर्ट, इमरजेंसी सेल बनाने की अनुशंसा

**रांची :** झारखंड विधानसभा की सरकारी आश्वासन समिति ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो को तीन महत्वपूर्ण रिपोर्ट सौंपी। समिति के सभापति अरूप चटर्जी के नेतृत्व में सदस्यों ने 50वीं, 51वीं और 52वीं रिपोर्ट की प्रतियां विधानसभा अध्यक्ष को पेश कीं। इस दौरान समिति के सदस्य कुमार उज्ज्वल, ममता देवी और उदय शंकर सिंह मौजूद रहे। समिति की रिपोर्ट में वर्ष 2010 से अब तक लंबित सरकारी आश्वासनों की स्थिति का विस्तृत उल्लेख किया गया है। आश्वासनों के निष्पादन को लेकर विभागीय एवं समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं और उनकी कार्रवाई की स्थिति की भी जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कुल चार प्रमुख अनुशंसाएं की गई हैं। समिति ने कहा कि लंबित सरकारी आश्वासनों के क्रियान्वयन में विभागीय अधिकारियों को गंभीरता दिखानी चाहिए। सरकार को भी इसकी नियमित समीक्षा और जानकारी लेनी चाहिए।

### पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की का मांडू में किया गया स्वागत

**मांडू :** रांची से हजारीबाग जाने के क्रम में बुधवार को पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की का मांडू करमाली टोला के लोगों ने बैजनाथ करमाली,जगत करमाली के नेतृत्व स्वागत किया। स्वागत के उपरांत पूर्व मंत्री ने कहा करमाली समाज का विकास एकजुटता से ही संभव है। विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए सभी को शिक्षित, सजग और जागरूक होना होगा। मौके पर जिला परिषद चुरचू वासुदेव करमाली, 20 सूत्री अध्यक्ष रामगढ़ सुनील करमाली, छोटेलाल करमाली, साल्हेड़ा मुखिया रोजे करमाली, श्रवण करमाली, जगत करमाली, नीरज मुंडा, संतोष करमाली, उर्मिला देवी, गुड़िया देवी, चंदा कुमारी,प्रीति कुमारी, सीमा देवी सहित अन्य लोग शामिल थे।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ मां तारामाता मंदिर का स्थापना दिवस



**भुरकुंडा :** शिवनगर स्थित मां तारा मंदिर स्थापना दिवस में बुधवार से कलश यात्रा के साथ धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुआ। अवसर पर बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई यात्रा में दर्जनों श्रद्धालु महिलाएं शामिल हुईं। यात्रा मंदिर परिसर से निकली जो नलकारी नदी तट पहुंची जहां पुजारी अनिल मिश्र ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ कलशों में जल भरवाएं। यहां से कलश यात्रा वापस उसी मार्ग से वापस मंदिर पहुंची और कालशो को स्थापित किया गया। इस दौरान श्रद्धालु जय माता काली, जय मां तारा, हर हर गंगे के नारे से गुंजायमान रहा। बताया गया कि कलश स्थापित करने के उपरांत माँ तारा की पूजा अर्चना की जाएगी गुरुवार को हवन, मंगल आरती और दोपहर बाद भव्य भंडारा किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिलीप मिश्र, प्रदीप मिश्रा, मनन मिश्रा, विजय सिंह, सोनू तिवारी, निखिल गुप्ता, रंजीत गुप्ता, नीरज, शंकर अग्रवाल सहित अन्य अपना योगदान दे रहे हैं।

### पीवीयूएनएल टाउनशिप में बच्चों का हुआ कराटे ग्रेडिंग टेस्ट

**पतरातू :** पीवीयूएनएल टाउनशिप में छोटे-छोटे बच्चों का कराटे ग्रेडिंग टेस्ट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह ग्रेडिंग टेस्ट मॉडर्न मार्शल आर्ट्स कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के मुख्य प्रशिक्षक सेंसी विकास पाठक, जूनियर टाइगर ली एवं सुमित्रा की देखरेख में आयोजित किया गया। ग्रेडिंग टेस्ट में व्हाइट बेल्ट के लिए अद्वैत कायमल एवं जैविक ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। वहीं येलो बेल्ट में हीजल, केशव मिश्रा, अयाक्षियां मिश्रा, आदर्श कायमल एवं मोक्षिता श्री ने शानदार प्रदर्शन करते हुए येलो बेल्ट प्राप्त की। सीनियर वर्ग में जैसलीन एवं अनुश्री त्रिपाठी ने कराटे की तकनीकों का बारीकी से प्रदर्शन करते हुए ग्रीन बेल्ट हासिल की। बच्चों के शानदार प्रदर्शन पर मौजूद अभिभावकों ने खुशी एवं संतोष व्यक्त किया। बच्चों की उपलब्धि पर अभिभावकों में हर्ष व्याप्त दिखा।

## उपायुक्त ऋतुराज ने सदर अस्पताल रामगढ़ का किया औचक निरीक्षण

# तीन चिकित्सकों को शो-कॉज, वेतन पर लगी रोक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपायुक्त ऋतुराज ने बुधवार को सदर अस्पताल रामगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति, ओपीडी संचालन, साफ-सफाई, दवा एवं जांच की व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में तीन चिकित्सक–ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. कीर्ति सिन्हा, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. राजन पांडे एवं डमेटोलॉजिस्ट डॉ. अजीत कुमार सिंह–अनुपस्थित पाए गए। उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीनों चिकित्सकों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के साथ अगले आदेश तक उनके वेतन पर रोक लगाने का निर्देश दिया। सदर अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीजों के आने को देखते हुए उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को ऑर्थो, गायनो एवं मेडिसिन विभाग में प्रतिदिन दो ओपीडी संचालित कराने का निर्देश दिया, ताकि मरीजों को बेहतर एवं सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें तथा उन्हें अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। उपायुक्त ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित पदाधिकारियों को अस्पताल परिसर एवं सभी वार्डों में नियमित रूप से बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुए सभी योग्य लाभुकों को योजना से आच्छादित कर इसका लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों से सीधे संवाद किया। उन्होंने मरीजों से अस्पताल में मिल रही चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं, जांच, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली तथा उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इसके अलावा उपायुक्त ने सदर अस्पताल में संचालित सभी ओपीडी, लैब, रजिस्ट्रेशन काउंटर, शौचालय, मेस, अल्ट्रासाउंड रूम एवं एक्स-रे रूम सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों को होने वाली परेशानियों को दूर करने तथा अस्पताल की विभिन्न सेवाओं को सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाने के निर्देश दिए।मेस के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मरीजों को निर्धारित समय पर भोजन उपलब्ध कराने तथा निर्धारित मेन्यू के अनुरूप ही गुणवत्तापूर्ण भोजन देने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को अस्पताल में मरीजों की सुविधा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करने का निर्देश दिया।

## लापुंग में धूमधाम से निकाली गयी तिरंगा यात्रा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** देश प्रेम और राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन लापुंग में किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित इस तिरंगा यात्रा में कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय की छात्राओं ने एवं भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। यात्रा लापुंग ब्लॉक चौक से शुरू होकर देशभक्ति के गगनभेदी नारों के साथ लापुंग बिरसा चौक तक पहुंची, जहां भारत माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल प्रभारी सन्नी टोप्पो एवं मंडल प्रवासी केदार महतो सहित मंडल के सम्मानित पदाधिकारीगण और वरिष्ठ कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा के समापन पर बिरसा चौक पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी सन्नी टोप्पो ने कहा की तिरंगा केवल तीन रंगों का कपड़ा नहीं, बल्कि हमारे देश के स्वाभिमान, बलिदान, एकता और अखंडता का अमर प्रतीक है। आज जब पूरा क्षेत्र तिरंगे के रंग में रंगा नजर आ रहा है, तो यह हमारे अमर शहीदों और वीर जवानों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस तिरंगा यात्रा में मंडल के सभी सम्मानित पदाधिकारी, मंच-मोर्चा के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या छात्राएं शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## डीएवी विवेकानंद के बच्चों ने उठायी झाड़ू, दिया 'स्वच्छ बेड़ो-सुंदर बेड़ो' का संदेश



- स्कूली बच्चों ने चलाया वृहद स्वच्छता अभियान, लोगों को किया जागरूक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए बुधवार को डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, बेड़ो के विद्यार्थियों ने बेड़ो महावीर चौक और रांची गुमला मुख्य मार्ग पर एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर युवाओं तक ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। हाथों में झाड़ू और कचरा एकत्र करने वाले थैले लिए स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने सड़क किनारे फैले प्लास्टिक व कचरे को साफ किया।

इस दौरान बच्चों ने हाथों में आकर्षक स्लोगन और रंग-बिरंगे पोस्टर थाम रखे थे। पोस्टर्स के माध्यम से बच्चों ने स्थानीय राहगीरों और दुकानदारों को स्वच्छता का महत्वनसमझाते हुए अपने आसपास साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरित और जागरूक किया।

**स्वच्छता से ही स्वस्थ समाज की नींव : कैलाश कुमार**

**कार्यक्रम** के दौरान विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार ने बच्चों के प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि हमारे जीवन का एक अहम संस्कार है। यदि हर व्यक्ति अपने आसपास का वातावरण साफ रखे, तो एक स्वच्छ, सुंदर और रोगमुक्त समाज का निर्माण संभव है। बचपन में बोए गए स्वच्छता के ये बीज आगे चलकर बच्चों में एक जिम्मेदार नागरिक का गुण विकसित करेंगे।

## डॉ. अम्बेडकर विद्या ज्योति छात्रवृत्ति योजना के तहत हुआ कार्यक्रम



**रांची :** केनरा बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय हजारीबाग ने उप महाप्रबंधक जयगुरू मिश्रा व सहायक महाप्रबंधक मयूर कृष्णा के मार्गदर्शन में डॉ. अंबेडकर विद्या ज्योति छात्रवृत्ति योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती कुमारी नीलम उपस्थित थी। इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रधान अध्यापिकाएं एवं केनरा बैंक के विभिन्न शाखाओं के प्रबंधक ने भाग लिया। केनरा बैंक के मंडल प्रबंधक आशीष कुमार वर्मा और अनुभाग प्रभारी अर्चना कुमारी ने केनरा बैंक के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत इस छात्रवृत्ति योजना के बारे में सभी को अवगत कराया।

## ए ला एंग्लाइज विद्यालय में राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन

# रक्षाबंधन पर भाई-बहन के पावन प्रेम का दिया संदेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** ए ला एंग्लाइज विद्यालय परिसर में भारतीय डाक विभाग के राखी मेल अभियान के अंतर्गत राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी पसंद और कल्पना के अनुरूप आकर्षक राखियाँ तैयार कीं। रंग-बिरंगे धागों, मोतियों, रिबन, कागज, चमकीले स्टोन्स तथा विभिन्न सजावटी सामग्रियों का प्रयोग कर बच्चों ने सुंदर एवं मनमोहक राखियाँ बनाईं। कुछ राखियों में पारंपरिक भारतीय कला की झलक दिखाई दी, जबकि कुछ में आधुनिक डिजाइन और रचनात्मक सोच देखने को मिली। विद्यार्थियों की मेहनत और कलात्मक अभिव्यक्ति ने प्रतियोगिता को बेहद आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय डाक विभाग के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों से संवाद किया और राखी मेल की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डाक विभाग के माध्यम से भाई-बहनों के बीच प्रेम और शुभकामनाओं का संदेश दूर-दराज तक आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस पहल ने विद्यार्थियों को पारंपरिक त्योहारों को आधुनिक संचार माध्यमों के साथ जोड़ने का सुंदर अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में भारतीय डाक विभाग की ओर से चंदन महतो रिलेशनशिप मैनेजर, राजेंद्र कुमार पीओ, नीलम कुमारी बीपीएम, कुमार शुभम बीपीएम, तुलसी बेदिया बीपीएम एवं अंशिका एबीपीएम उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई राखियों का अवलोकन किया तथा उनकी रचनात्मकता और मेहनत की सराहना की।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी कुमारी कक्षा 12वीं विज्ञान, द्वितीय स्थान कुमुद कृष्णा कक्षा 8वीं-ए तथा तृतीय स्थान वर्षा कुमारी कक्षा 9वीं-ए ने प्राप्त किया।

## पीएम श्री उच्च विद्यालय बरियातू में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन, शीतल महतो बने अध्यक्ष



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड के पीएम श्री उच्च विद्यालय बरियातू में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। पूर्व में चयनित 19 सदस्यों में से अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव विभागीय पर्यवेक्षक अमर खत्री एवं प्रमोद कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता अंगद महतो ने की। अध्यक्ष पद के लिए शीतल महतो, जयप्रकाश चौधरी एवं कविता देवी ने दावेदारी पेश की। मतदान में सर्वाधिक 10 मत प्राप्त कर शीतल महतो अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं सोनी देवी, पति करण करमाली को उपाध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद रामाधार तिवारी ने फूलमाला पहनाकर शीतल महतो का स्वागत किया। ग्रामीणों ने भी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। समिति के सदस्यों में नेहा देवी, रीना देवी, सोनी देवी, झुमुला देवी, लाखों देवी, राधा देवी, सब्रा खातून, सुनीता देवी, छोटू मुंडा, जयराम महतो, संजीव कुमार, मुजाहिद अंसारी, विजय महली, जयप्रकाश चौधरी, विजय कुमार महतो एवं जिम्मी रीबीट शामिल हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शीतल महतो ने कहा कि विद्यालय के विकास, विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी।

## पीवीयूएनएल ने विद्यालयों में हर घर तिरंगा अभियान के तहत किया कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पतरातू :** पीवीयूएनएल और एनटीपीसी पतरातू के तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन 9 अगस्त से 17 अगस्त तक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और तिरंगे के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अभियान का औपचारिक शुभारंभ 9 अगस्त को हुआ। इसमें एनटीपीसी के कर्मचारियों और उनके परिवारों के साथ सीआईएसएफ के जवान भी शामिल हुए। इस अवसर पर टाउनशिप में प्रभात फेरी निकाली गई और तिरंगों का वितरण किया गया। टाउनशिप में स्थापित एलईडी स्क्रीन के माध्यम से भी हर घर तिरंगा अभियान से जुड़े संदेश प्रसारित कर लोगों को जागरूक किया गया। 12 अगस्त को पीवीयूएनएल ने इस अभियान को आसपास के समुदायों और विद्यालयों तक पहुंचाया। इसी कड़ी में एसएस उच्च विद्यालय, पतरातू में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच 200 राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए गए। देशभक्ति गीत, नारे, कविता, शायरी और भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों को अभियान के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में लगभग 20 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। उनके उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कार वितरण भी किया गया। सभी प्रतिभागियों को उपहार के साथ राष्ट्रीय ध्वज प्रदान किए गए। कुल 200 राष्ट्रीय ध्वज विद्यार्थियों को दिए गए ताकि वे अपने घरों में गर्व के साथ तिरंगा फहराने का संदेश आगे बढ़ा सकें। विद्यालय में हुए इस जागरूकता कार्यक्रम में पीवीयूएनएल के मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई और कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग किया।

## महलीडीह में मां मनसा पूजा को लेकर हुई बैठक, शांतिपूर्ण आयोजन का लिया संकल्प



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** मगनपुर पंचायत अंतर्गत महलीडीह गाँव में बुधवार को माँ मनसा पूजा के आयोजन को लेकर ग्रामीणों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पूजा समिति का गठन करते हुए सर्वसम्मति से अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चयन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि माँ मनसा पूजा गाँव के लोगों की आस्था से जुड़ा आयोजन है। सभी ग्रामीणों के सहयोग और आपसी समन्वय से पूजा को भव्य एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने आयोजन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में सभी से सहयोग की अपील की। बैठक में पूजा की तैयारियों, साफ-सफाई, आयोजन स्थल की व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा तथा ग्रामीणों की सहभागिता को लेकर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने भी पूजा को सफल बनाने के लिए हरसंभव सहयोग करने का संकल्प लिया। बैठक में लखी करमाली, कैलाश करमाली, अघनु करमाली, बिरसा करमाली, प्रयाग करमाली, चंद्रदेव करमाली, कमल महतो, कृष्ण करमाली, रवि करमाली, आशीर्वाद करमाली, राहुल करमाली, किशन करमाली, मटन महतो, रमेश महतो, प्रदीप करमाली, संजय करमाली, कर्मदेव करमाली, दीपक कृष्ण शर्मा, राम किस्टो मुंडा, देवानंद करमाली, शिवा करमाली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## संत जगत ज्ञान एमएम स्कूल में लगा पाक-कला खाद्य मेला

- विद्यार्थियों ने दिखायी पाक-कला व रचनात्मकता, सीखे टीमवर्क और स्वच्छता के गुण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** संत जगत ज्ञान एमएम पब्लिक स्कूल में बुधवार को एक आकर्षक एवं आनंदमय पाक-कला खाद्य मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर अपनी पाक-कला, रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**खाद्य स्टॉल बने आकर्षण का केन्द्र**

**मेले** में विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए विभिन्न खाद्य स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने न केवल स्वादिष्ट व्यंजन बनाए, बल्कि उन्हें आकर्षक तरीके से सजाकर भी प्रस्तुत किया। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वच्छता, टीमवर्क, जिम्मेदारी, प्रस्तुति-कौशल और आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण गुणों को व्यावहारिक रूप से सीखा।

**प्रधानाचार्य और शिक्षिका ने किया मूल्यांकन**

**इस** खाद्य मेले के निर्णायक के रूप में स्कूल के प्रधानाचार्य संदीप राज व शिक्षिका भावना उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के व्यंजनों की गुणवत्ता, स्वाद, स्वच्छता, प्रस्तुति और रचनात्मकता का मूल्यांकन किया तथा विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा यह खाद्य मेला विद्यार्थियों के लिए सीखने,आनंद लेने और अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनके उत्साह और मेहनत के लिए बधाई दी।

## शहीद विश्वनाथ शाहदेव के परिवार के सदस्यों को नौकरी दे सरकार : सुधांशु शाहदेव

**रांची :** अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की 209वीं जयंती बुधवार को अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में हटिया स्थित शहादत स्मारक स्तंभ परिसर में मनाई गई। इस अवसर पर ठाकुर निवास, बड़कागढ़, जगन्नाथपुर में आयोजित समारोह में अमर शहीद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमर शहीद के प्रपौत्र ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव थे। समारोह में जगन्नाथपुर, मौसीबाड़ी, हटिया, सिंहमोड़ और तुपुदाना से पहुंचे लोगों का स्वागत किया गया। ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने अमर शहीद के जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए शहादत स्मारक स्तंभ के सौंदर्यीकरण की मांग की।

## RTCIT में रक्तदान शिविर का आयोजन, छात्र-शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक किया स्वैच्छिक रक्तदान

# रक्तदान के महत्त्व पर प्राचार्य डॉ. एन. हरि बाबू ने किया जागरूक




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी अनंदी ओरमांझी में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने में योगदान देना था। कार्यक्रम की शुरूआत एंकरिंग के माध्यम से विनिता हिन्ज ने की। इसके बाद संस्थान के प्राचार्य डॉ. एन. हरि बाबू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है और स्वस्थ लोगों को स्वेच्छा से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। आमंत्रित वक्ता मोईन ने भी रक्तदान के लाभ एवं सामाजिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय पर उपलब्ध रक्त कई जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद बी-ब्लॉक स्थित कक्ष संख्या 107 में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने रक्तदान को मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी से जुड़ा कार्य बताया। शिविर के कार्यक्रम समन्वयक सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक सोनू कुमार तथा सीएसई विभाग के अरविंद कुमार रहे।

# ग्रामीण प्रतिभा लीलावती का प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थान में हुआ चयन, क्षेत्र में खुशी का माहौल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** चितरपुर प्रखंड के मुरुबंदा निवासी ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली प्रतिभाशाली छात्रा लीलावती, पिता धीरेंद्र ओहदार, निवासी ग्राम मुरुबंदा का देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थानों में शामिल राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईएसईआर), भुवनेश्वर के पांच वर्षीय एकीकृत स्नातकोत्तर विज्ञान कार्यक्रम में चयन हुआ है। लीलावती ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि राष्ट्रीय प्रवेश जाँच परीक्षा (नेस्ट) 2026 के माध्यम से हासिल की है। राष्ट्रीय प्रवेश जाँच परीक्षा देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रमुख राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है। राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन एक स्वायत्त एवं प्रतिष्ठित संस्थान है। यह संस्थान बुनियादी विज्ञान के क्षेत्र में उच्च स्तरीय शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। संस्थान के पाँच वर्षीय एकीकृत स्नातकोत्तर विज्ञान कार्यक्रम में भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित एवं जीवविज्ञान जैसे प्रमुख विषयों का अध्ययन कराया जाता है। विद्यार्थियों को विषयगत शिक्षा के साथ-साथ अनुसंधान एवं वैज्ञानिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर भी मिलता है। लीलावती के चयन की खबर से उनके परिवार, गाँव, समाज एवं पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। उनके परिजनों एवं शुभचिंतकों ने कहा कि यह उपलब्धि केवल परिवार की नहीं, बल्कि मुरुबंदा गाँव एवं आसपास के पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता ग्रामीण क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। परिवार के अनुसार, लीलावती ने पढ़ाई के प्रति निरंतर गंभीरता, मेहनत और समर्पण बनाए रखा। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल कर उन्होंने यह संदेश दिया है कि उचित मार्गदर्शन, निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर ग्रामीण क्षेत्र का कोई भी विद्यार्थी देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थानों में अपनी जगह बना सकता है। राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान में प्रवेश लीलावती के लिए उच्च स्तरीय वैज्ञानिक शिक्षा एवं अनुसंधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले पांच वर्षों में उन्हें अनुभवी शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में बुनियादी विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों का अध्ययन करने तथा अनुसंधान संबंधी गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। परिवार ने आशा व्यक्त की है कि लीलावती अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर आगे चलकर एक कुशल वैज्ञानिक के रूप में अपनी पहचान बनाएंगी तथा अपने गांव, परिवार एवं पूरे क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगी। लीलावती की इस उल्लेखनीय सफलता पर उनके परिवार, रिश्तेदारों, शिक्षकों, मित्रों एवं ग्रामीणों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने कहा कि उनकी यह सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी उच्च शिक्षा एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। लीलावती को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की अनंत शुभकामनाएं।

## बेड़ो से 57 शिवसैनिक कांवरियों का जत्था रवाना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** इटकी व बेडो प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से शिवसेना के 57 महिला व पुरुष कांवरियों का जत्था राजू सिंह की अगुवाई में महादानी मंदिर बेड़ो से बाबा वैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुआ?। जहां झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह,जितेंद्र सिंह,शिवम सिन्हा व नरेश साहू ने सभी सदस्यों को उनकी यात्रा के लिए मंगल शुभकामनाएं दीं। मौके पर दीपक सिंह ने कहा कि बाबा भोलेनाथ आप सभी की यात्रा सफल करें। साथ ही आपकी मनोकामनाएं पूर्ण करें। यह यात्रा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि यह हमारे भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करती है। मुझे विश्वास है कि आप सभी बाबा धाम में शांति और आध्यात्मिकता का अनुभव करेंगे। यह जत्था बाबा धाम में विशेष पूजा-अर्चना करेगा और झारखंड की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करेगा। इसके पूर्व शिवसैनिकों ने महादानी बाबा के दरबार में मत्था टेका। साथ ही बोल बम ,हर हर महादेव व ॐ नमः शिवाय का जयघोष करते हुए बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए रवाना हो गया। इधर जत्थे का नेतृत्व कर रहे राम सुभद सिंह ने बताया कि पूरा जत्था एक साथ यहां से सीधे सुल्तानगंज पहुंचेगा।

## एक झलक

### दान सहित अमावस्या पर्व पर हुए कई अनुष्ठान



**रांची** : पहाड़ी मंदिर के सन्निकट दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में 12 अगस्त बुधवार को श्रावणी अमावस्या तिथि के उपलक्ष्य पर श्रद्धा-भक्ति और श्रीवैष्णव परंपरा के अनुसार धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। जिसमें प्रथम दुग्धपान कराकर अखिल विश्ववंदनीय भगवान का विश्वरूप दर्शन हुआ। फिर सुप्रभातम, करावलंबम और मंगलाशासनम के बाद तिरूवाराधन संपादन हुआ। भगवान श्रीमन्नारायण का श्रुति, स्मृति और आगमों में बताई हुई विधि के अनुसार पूजन करना उचित बताया गया है। किंतु गुरुपरंपरा के अनुसार भगवान श्रीहरि का यथायोग्य पूजन हो तो वह अतिउत्तम माना जाता है। इसलिए श्रीरामानुजाचार्य संप्रदाय गुरुपरंपरा के अनुरूप पांचरात्र में बताये गये विधान से श्रीतिरुपति बालाजी की पूजा-अर्चना की जाती है। पांचरात्र में बताये गये विधान आगम ' कहलाता है। वेदों तथा ब्राह्मण ग्रंथों में बताई हुई पूजा श्रौत ' कहलाती है। वासिष्ठी पद्धति के अनुसार की जाने वाली पूजा को स्मार्त ' कहते हैं। भगवान विष्णु श्रीवेंकटेश्वर की आराधना बहुत ही उत्तम कर्म है ,इस क्रिया का कभी लोप नहीं करना चाहिए। इसलिये अनुष्ठान के आयोजन में प्रथम चरण में आराधना संपादन हुआ। फिर महाआरती करके नैवेद्य भोग निवेदन किया और श्रुति,उपनिषद और देशिक स्तोत्राणि के उत्कृष्ट ऋचाओं से महास्तुति हुई।

### थाईलैंड ओपन कराटे चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने रेंशी सुनील किस्पोट्टा बैंकॉक रवाना



**रांची** : 14 से 16 अगस्त तक थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के कसेटसार्ट यूनिवर्सिटी में थाईलैंड कराटे फेडरेशन के तत्वाधान में थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है प्रतियोगिता में कराटे इंडिया आर्गनाइजेशन के खिलाड़ी भारत देश का प्रतिनिधित्व करेंगे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और मार्गदर्शन करने के लिए कराटे इंडिया आर्गनाइजेशन के ट्राइबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमिशन के चेयरमैन रेंशी सुनील किस्पोट्टा बैंकॉक के लिए रवाना हुए वे आधिकारिक रूप से इस अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे रेंशी सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में शामिल होना गौरव की बात है कराटे इंडिया आर्गनाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा के नेतृत्व में भारतीय कराटे खिलाड़ी लगातार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार भी भारतीय खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

### रांची में दिनदहाड़े चेन छिनतई, जांच में जुटी पुलिस

**रांची** : राजधानी रांची में बुधवार सुबह कोकर चौक स्थित सीमा सुजुकी के सामने बाइक सवार दो अपराधियों ने एक व्यक्ति के गले से सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुनील महतो हर दिन की तरह बुधवार सुबह अपने घर के बाहर बच्चों की स्कूल बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक गली में पहुंचे। मौका मिलते ही दोनों ने सुनील महतो के गले से सोने की चेन झपट ली और बाइक से फरार हो गए। घटना के बाद सुनील महतो ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस को अपराधियों की गतिविधियों से संबंधित फुटेज मिल गई है। फुटेज के आधार पर उनकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# बाल श्रम व बाल तस्करी के खिलाफ सामूहिक प्रयास जरूरी : राज्यपाल

■ अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर बाल कल्याण संघ एवं ILO के संयुक्त तत्वावधान में स्टेकहोल्डर परामर्श, बाल श्रम उन्मूलन के लिए राज्य कार्य योजना लॉन्च



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बाल कल्याण संघ एवं अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को बाल श्रम-बाल तस्करी से आजादी विषय पर स्टेकहोल्डर परामर्श आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से बाल हित में कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रमुख,राज्य के जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ,बाल कल्याण समिति सहित 200 युवाओं ने भाग लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार थे। कार्यक्रम में बाल तस्करी, बाल श्रम, बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा, पुनर्वास और युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गयी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि विशेषकर सुदूर ग्रामीण एवं कमजोर क्षेत्रों में बाल संरक्षण को लेकर लगातार सजगता और संवेदनशीलता की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। जो बच्चे किसी कारण से विद्यालय से बाहर हैं, उनकी पहचान कर उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गरीबी, असुरक्षा, शोषण और बाल तस्करी जैसी परिस्थितियों से प्रभावित बच्चों के प्रति संवेदनशीलता के साथ काम करने की जरूरत है। हर बच्चे को सुरक्षित वातावरण में रहने, शिक्षा प्राप्त करने, सपने देखने और उन्हें पूरा करने का अवसर मिलना चाहिए। जब कोई बच्चा विद्यालय जाने की उम्र में मजदूरी करने को मजबूर होता है या तस्करी एवं शोषण का शिकार होता है, तो सिर्फ उसका बचपन प्रभावित नहीं होता, बल्कि समाज और देश की प्रगति भी प्रभावित होती है। राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बच्चों के संरक्षण, शिक्षा, देखभाल और कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की गयी हैं। विकसित भारत@2047 का संकल्प तभी मजबूत होगा, जब हर बच्चा सुरक्षित, शिक्षित और स्वस्थ हो तथा उसे आगे बढ़ने का अवसर मिले । श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में 2700 निरीक्षण किए गए तथा ।59 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गयी, जबकि झारखंड के 71 बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराया गया। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अगस्त तक 812 निरीक्षण किए जा चुके हैं और 52 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया है। उन्होंने कहा, केवल कानून किसी बालक को नहीं बचा सकता। कानून को लागू करने वाले लोग ही बच्चों को बचाते हैं।

## पत्रकार हित और सुरक्षा के मुद्दों पर राज्यपाल से मिला भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड में पत्रकारों के हित, सुरक्षा और कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर अपनी मांगें रखीं। संघ के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, जिलाध्यक्ष जावेद अख्तर एवं उपाध्यक्ष विनय मुर्मू ने पत्रकारों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, पत्रकारों एवं उनके आश्रित परिवारों के लिए बीमा योजना शुरू करने तथा पत्रकारों के लिए आवास योजना शुरू करने की मांग रखी। इसके अलावा पत्रकारों पर दर्ज मामलों की निष्पक्ष समीक्षा और पत्रकारिता के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान का मुद्दा भी उठाया गया। मुलाकात के दौरान प्रोजेक्ट भवन में बिना आईडी कार्ड पत्रकारों के प्रवेश पर रोक के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि पत्रकारों को समाचार संकलन के दौरान आवश्यक सुविधाएं और सुगम प्रवेश मिलना चाहिए, ताकि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन बेहतर तरीके से कर सकें। प्रतिनिधिमंडल ने पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार के स्तर पर सकारात्मक पहल किए जाने का आग्रह किया। संघ ने कहा कि राज्य में पत्रकारों को सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके सामाजिक और आर्थिक हितों की रक्षा भी जरूरी है।

## जील इंडिया केमिकल्स के प्रोपराइटर की याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई, फैसला सुरक्षित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड उच्च न्यायालय ने मेसर्स जील इंडिया केमिकल्स, रांची के प्रोपराइटर अजय जालान की ओर से दाखिल याचिका पर बुधवार को सुनवाई की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अजय जालान ने पीएमएलए कोर्ट द्वारा उनकी डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने और उनके खिलाफ आरोप गठित किए जाने के आदेश को झारखंड उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार दास और अधिवक्ता सौरभ कुमार ने पक्ष रखा।

**क्या है मामला?**

**मामला** मेकान से जुड़े कथित भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से संबंधित है। आरोप के अनुसार, मेकान के मेटालर्जिकल विंग में सीनियर मैनेजर के पद पर तैनात यूएन मंडल ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए चेन्नई की शिव मशीन टूल और रांची की जील इंडिया केमिकल्स को कार्यादेश जारी किया था। इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 30 अक्टूबर 2017 को प्राथमिकी दर्ज की थी। बाद में ईडी ने सीबीआई की प्राथमिकी को आधार बनाकर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में ईसीआईआर दर्ज की। जांच एजेंसियों के आरोप के अनुसार, मेकान के सीनियर मैनेजर यूएन मंडल ने दोनों कंपनियों को कार्यादेश जारी करने के एवज में करीब 1.65 करोड़ रुपये की रिश्वत ली थी।

**पीएमएलए कोर्ट के आदेश को दी चुनौती**

**इसी** मामले में जील इंडिया केमिकल्स के प्रोपराइटर अजय जालान ने पीएमएलए कोर्ट में डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल कर खुद को मामले से मुक्त करने की मांग की थी। हालांकि, पीएमएलए कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी और बाद में उनके खिलाफ आरोप भी गठित किए गए। पीएमएलए कोर्ट के इस आदेश को चुनौती देते हुए अजय जालान ने झारखंड उच्च न्यायालय का रुख किया।

## विविधताओं के बीच एकता भारत को बनाती है श्रेष्ठ : परमजीत कौर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची के कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में बुधवार को इंटर हाउस देशभक्ति गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की निदेशक सह प्राचार्या परमजीत कौर ने किया। इस अवसर पर परमजीत कौर ने कहा कि भारत विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और कलाओं का देश है। विविधताओं के बावजूद यहां एकता, समरसता और सौहार्द की भावना कायम है। राष्ट्रीय एकता की यही भावना भारत को दुनिया के अन्य देशों से अलग और विशिष्ट बनाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को देश की भाषायी और सांस्कृतिक विविधता को समझने का अवसर मिलता है। साथ ही, ये गतिविधियां नई शिक्षा नीति की मूल भावना को भी मजबूत करती हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न हाउस के प्रतिभागियों ने हिंदी समेत कई भाषाओं में लोकप्रिय देशभक्ति गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में यमुना हाउस ने प्रथम, गोदावरी हाउस ने द्वितीय, गंगा हाउस ने तृतीय और सतलज हाउस ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में गोदावरी हाउस ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर प्रथम स्थान हासिल किया। सतलज हाउस राजस्थानी नृत्य के साथ द्वितीय, गंगा हाउस कश्मीरी नृत्य के साथ तृतीय और यमुना हाउस पंजाबी नृत्य की प्रस्तुति के साथ चतुर्थ स्थान पर रहा। कार्यक्रम का संचालन अनुभव कुमार और अनुष्का सिंह ने किया।

## झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू पांच दिवसीय दौरे पर 15 अगस्त को आ रहे रांची



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू पांच दिवसीय दौरे पर 15 अगस्त को रांची आ रहे हैं। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव और मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि कांग्रेस प्रभारी के० राजू पहले दिन 16 अगस्त को धनबाद संसदीय क्षेत्र के पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगे। अगले दिन 17 अगस्त को हुए लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक करेंगे। जबकि 17 अगस्त को ही कांग्रेस प्रभारी शाम में रांची स्थित होटल बीएनआर में झारखंड प्रोफेशनल कांग्रेस के पदाधिकारी की बैठक में भी शामिल होंगे। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि कांग्रेस प्रभारी 18 अगस्त को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इन बैठकों में संबंधित संसदीय क्षेत्र की पार्टी गतिविधियों की समीक्षा बैठक की जाएगी। बैठक में संबंधित संसदीय प्रभारी,सह-प्रभारी, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, जिला प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और प्रदेश सचिव के अलावा ब्लॉक अध्यक्ष और एसआईआर प्रशिक्षक उपस्थित रहेंगे।

## बिरसा मुण्डा होटवार जेल, रांची में सशक्त युवा व सशक्त भारत को लेकर डालसा का हुआ विधिक जागरूकता कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन के नेतृत्व में सशक्त युवा, सशक्त भारत के अभियान को लेकर बिरसा मुण्डा होटवार, रांची में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी, राजेश कुमार सिन्हा, सहायक एलएडीसी, वीरेन्द्र प्रताप, पीएलवी दीपक मुण्डा, आरती कमारी, भुप्रताप महतो, जेल के अधिकारी एवं कर्मचारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे। सहायक एलएडीसी वीरेन्द्र प्रताप ने कहा कि 18 से 25 वर्ष आयु के बंदियों को अपराधी परिवीक्षा अधिनियम-1958 के तहत प्रथम बार और छोटे-मोटे अपराध करनेवाले को सुधरने का अवसर देने के लिए बनाया गया है। इस अधिनियम की धारा-3 चेतावनी के बाद रिहाई, धारा-4 अच्छे आचरण कि परिवीक्षा पर रिहाई, धारा-5 मुआवजा और लागत के बारे में उपस्थित बंदियों को जानकारी प्रदान की युवाओं के संरक्षण हेतु धारा - 6 के बारे में भी बताया।

## किशोरगंज चौक की दुकान पर नगर निगम की कार्रवाई पर हाई कोर्ट की रोक, छह सप्ताह में जवाब तलब

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची के किशोरगंज चौक स्थित एक दुकान के स्ट्रक्चर को हटाने की रांची नगर निगम की कार्रवाई पर झारखंड उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति आनंद सेन की अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए रांची नगर निगम को छह सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में प्रार्थी मेहुल मृगेंद्र की ओर से अधिवक्ता शादाब इकबाल और अधिवक्ता आयुष राज ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शादाब इकबाल ने अदालत को बताया कि 7 अगस्त को रांची नगर निगम ने उनके आवास के सामने स्थित दुकान के स्ट्रक्चर को अवैध बताते हुए उसे हटाने के लिए 24 घंटे का समय दिया था। अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि जिस परिसर में दुकान स्थित है, उसका स्वीकृत नक्शा मौजूद है। इसके बावजूद नगर निगम की ओर से दुकान के स्ट्रक्चर को तोड़ने का प्रयास किया गया, जो उचित नहीं है। प्रार्थी की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने नगर निगम की तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए निगम को छह सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

## बिरसा उच्च विद्यालय में 'आजादी के रंग' के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता, भव्य तिरंगा यात्रा आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सामाजिक संस्था अर्थ फाउंडेशन की ओर से आज दिनांक 12 अगस्त 2026 दिन बुधवार को कांके रोड स्थित बिरसा उच्च विद्यालय में 'आजादी के रंग' पेंटिंग प्रतियोगिता सह भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर अर्थ फाउंडेशन के ट्रस्टी दीपक बंका एवं 'दीप कौचर की बुटीक' की संचालिका दीपा बंका उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर स्कूल की प्राचार्या सुषमा तिवारी, समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी और आशीष रोशन जी उपस्थित थे। साथ ही इस मौके पर अर्थ फाउंडेशन के ट्रस्ट मेंबर अमित कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि दीपक बंका (ट्रस्टी, अर्थ फाउंडेशन) एवं दीपा बंका (संचालिका, दीप कौचर की बुटीक) ने संयुक्त रूप से कहा, आजादी का अमृत महोत्सव महज एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के दिलों में अमर बलिदानियों के प्रति कृतज्ञता और राष्ट्र निर्माण की ज्वाला प्रज्वलित करने का महाअभियान है। जब ये बाल-मन अपनी तूलिका (ब्रश) से तिरंगे के रंग उकेरते हैं, तो वह नए और सशक्त भारत की मजबूत बुनियाद को रेखांकित करता है। अर्थ फाउंडेशन ऐसी राष्ट्रीय चेतना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं विशिष्ट अतिथि आशुतोष द्विवेदी (समाजसेवी) ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में राष्ट्रप्रेम और सामाजिक दायित्व की भावना और अधिक सुदृढ़ होती है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के लगभग 300 बच्चों ने 'आजादी के रंग' थीम पर स्वतंत्रता

## झारखंड के छह जिलों में 14 अगस्त को बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**रांची** : झारखंड के छह जिलों में 14 अगस्त को बहुत भारी बारिश होने की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनमें गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, गुमला और लोहरदगा शामिल हैं। मौसम विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार, 16 अगस्त तक राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। कई स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। इसे देखते हुए राज्य के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में राज्य के कई हिस्सों में अच्छी बारिश दर्ज की जा रही है। हालांकि, एक जून से 12 अगस्त तक झारखंड में कुल 492.8 मिलीमीटर बारिश हुई है, जबकि इस अवधि में सामान्य बारिश का आंकड़ा 627.6 मिलीमीटर है। इस लिहाज से राज्य में अब तक सामान्य से 21 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है।

## भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार ने किया अद्भुत शिव परिवार और अलौकिक हनुमान दरबार राज्यवासियों को समर्पित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार, रांची, के स्थापना वर्ष सन 1958 से श्री श्री 108 भगवती मां दुर्गा के वृहद पूजा का आयोजन शारदीय नवरात्र में होता आ रहा है। संस्था के संस्थापक सदस्यों के उल्लास, भावना एवं अथक प्रयास से संस्था वर्तमान समय तक उत्तरोत्तर नए आयाम से जुड़ते जा रही है। संरक्षक रमेश खेमका ने बताया कि सन् 1992 में तत्कालीन सदस्यों एवं कार्यकताओं ने यह संकल्प लिया के इस स्थान पर माता का स्थाई निवास होना चाहिए। इस कार्य हेतु संस्था के वरिष्ठ सदस्य स्वः गिरधारी जलान एवं अन्य सदस्यों की एक कमेटी गठित कर भव्य मंदिर के निर्माण का सार्थक प्रयास प्रारंभ हुआ। सभी सदस्यों एवं समाज के वरिष्ठ सज्जनों के सहयोग से सन् 1999 में मां भगवती के एक भव्य मंदिर की स्थापना की गई एवं मंदिर के रखरखाव और संचालन व्यवस्था हेतु एक ट्रस्ट का गठन किया गया। आज यह मन्दिर विगत 27 वर्षों से



भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार, दुर्गा मंदिर के नाम से जाना जाता है और जो भी भक्तजन इस मंदिर में शुद्ध भावना से कामना लेकर आते हैं मातारानी उनकी मनोकामना अवश्य पूरा करती है। प्रवक्ता अमित बजाज ने बताया कि वर्ष 2017 संस्था के तमाम सदस्यों ने मिलकर मंदिर को एक नया स्वरूप देने का संकल्प लिया था जिसमें संपूर्ण मंदिर के बाहरी स्वरूप में अलौकिक परिवर्तन संभव हुआ जिसे राजस्थान के वास्तुकारों द्वारा मूर्त रूप दिया गया था।

## झारखंड सरकार छात्रों की मांगों का समाधान बातचीत व लोकतांत्रिक तरीके से करना चाहती है : कांग्रेस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को राज्य सरकार के चार मंत्रियों राधा कृष्ण किशोर, दीपिका पांडेय सिंह, डॉ. इरफान अंसारी और शिल्पी नेहा तिर्की ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की ओर से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर लगाए गए आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार छात्रों के मुद्दे को लेकर गंभीर है और उनकी मांगों का समाधान बातचीत एवं लोकतांत्रिक तरीके से करना चाहती है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि विधानसभा का सत्र आहूत था और सरकार छात्रों से जुड़े मुद्दों पर सदन में चर्चा के लिए तैयार थी। इसके बावजूद भाजपा ने सदन में चर्चा करने के बजाय राजनीतिक आंदोलन का रास्ता चुना। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अपने सभी विधायकों के साथ सुबह सात बजे से मुख्यमंत्री आवास के समक्ष धरने पर बैठ गए थे। इससे स्पष्ट है कि भाजपा की मंशा छात्रों की समस्याओं पर सदन में चर्चा करने की नहीं थी। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आंदोलनरत छात्रों पर किसी भी तरह के बल प्रयोग या हिंसा के खिलाफ है। जिला प्रशासन और सरकार ने पूरे मामले में संयम बरता है। उन्होंने दावा किया कि आंदोलनरत छात्रों ने भी स्वीकार किया है कि प्रदर्शन के दौरान कुछ बाहरी उपद्रवी तत्व शामिल हुए थे, जिन्होंने हिंसा को अंजाम दिया। राधा कृष्ण किशोर ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकारों के कार्यकाल में भी आंदोलनों के दौरान पुलिस कार्रवाई हुई थी। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी के कार्यकाल में दो फरवरी 2001 को कोयलकारो परियोजना से जुड़े आंदोलन के दौरान पुलिस फायरिंग में आठ आंदोलनकारियों की मौत हुई थी। अर्जुन मुंडा और रघुवर दास के कार्यकाल में भी विभिन्न प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई में प्रदर्शनकारियों की जान गई थी। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने इस मौके पर कहा कि सरकार की स्पष्ट मंशा छात्रों की जायज मांगों का समाधान करना है और उनकी हर मांग पर गंभीरता से पहल की जा रही है। सीबीआई जांच की मांग पर उन्होंने कहा कि 2015 से अब तक 17 परीक्षाओं की जांच सीबीआई को सौंपी गई है, लेकिन इन मामलों में जांच की प्रगति संतोषजनक नहीं रही है। उन्होंने कहा कि इन मामलों में अब तक केवल एक दोषसिद्धि हुई है। यह मामला हरियाणा न्यायिक सेवा परीक्षा-2017 से संबंधित था, जिसमें अगस्त 2024 में दिल्ली की एक अदालत ने फैसला सुनाया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले की जांच सीबीआई ने नहीं, बल्कि चंडीगढ़ एसआईटी ने की थी। संवाददाता सम्मेलन के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि राहुल गांधी पूरे देश में छात्रों की आवाज बनकर उभरे हैं और झारखंड के छात्रों के मामले में भी उनका संदेश स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी किसी भी तरह की हिंसा के खिलाफ हैं और छात्रों की मांगों का समाधान बातचीत एवं लोकतांत्रिक तरीके से चाहते हैं। डॉ. अंसारी ने कहा कि आंदोलनरत छात्रों को सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि आंदोलन में शामिल सभी छात्रों का मुफ्त इलाज उनकी देखरेख में कराया जा रहा है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आरोप लगाया कि भाजपा छात्र आंदोलन को हिंसक बनाने का प्रयास कर रही है।

## छात्रों के आन्दोलन को राजनैतिक हथियार बना रही भाजपा : केशव महतो कमलेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की ओर से राहुल गांधी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार पर लगाए गए आरोपों की आलोचना की है। उन्होंने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भाजपा छात्रों के आंदोलन को राजनीतिक हथियार बनाने की कोशिश कर रही है। केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा को यदि छात्रों के हित की इतनी ही चिंता है तो उसे पहले केंद्र और भाजपा शासित राज्यों में युवाओं के साथ हुए अन्याय पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी छात्रों के साथ खड़े हैं और संसद से सड़क तक उनकी आवाज उठा रहे हैं। साथ ही, वे छात्रों से सीधे संवाद भी कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा का राहुल गांधी से सवाल पूछना हास्यास्पद है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा से सवाल किया कि पिछले वर्षों में देश में हुए पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी और भर्ती परीक्षाओं की अव्यवस्था के मुद्दे पर पार्टी ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री से कितनी बार जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि भाजपा को छात्रों के दर्द पर घड़ियाली आंसू बहाना बंद करना चाहिए। झारखंड के छात्र अपने अधिकार और भविष्य की लड़ाई लड़ रहे हैं। कांग्रेस छात्रों की जायज मांगों, निष्पक्ष जांच और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के पक्ष में मजबूती से खड़ी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि छात्रों की समस्याओं का समाधान राजनीतिक नारेबाजी से नहीं, बल्कि गंभीर बातचीत और संवेदनशील निर्णय के जरिए होगा।

# 15 अगस्त से पहले भूमि जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में राजस्व विभाग, भू-अर्जन, एनटीपीसी, एनएच सहित विभिन्न परियोजनाओं एवं आधारभूत संरचनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनटीपीसी की पकरी बरवाडीह, केरेडारी एवं चट्टी बरियातू कोल परियोजनाओं से संबंधित भूमि अधिग्रहण, मुआवजा भुगतान, पंचायत भवन डिमोलिश की स्वीकृति, म्यूटेशन, जांच प्रतिवेदन एवं मेजरमेंट सहित विभिन्न मामलों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को लंबित मामलों का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं



एवं आधारभूत संरचनाओं से संबंधित भूमि जांच प्रतिवेदन, एफआरए, वंशावली, वैल्युएशन, स्कूल शिफ्टिंग तथा नर्सिंग कॉलेज निर्माण के लिए भूमि चिह्नित कर भूमि हस्तांतरण सहित अन्य समस्याओं को परियोजना प्रतिनिधियों द्वारा उपायुक्त के समक्ष रखा गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को 15 अगस्त से पूर्व क्षेत्र भ्रमण कर भूमि से संबंधित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

**राजस्व विभाग के कार्यों की भी हुई समीक्षा**

**बैठक** में राजस्व विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान पीजी पोर्टल, भू-मापी, म्यूटेशन, दाखिल-खारिज, सो-मोटो म्यूटेशन, ई-रिवेन्यू कोर्ट, आरसीएमएस ऑनलाइन रिपोर्ट, ऑनलाइन लगान, परिशोधन पोर्टल सहित अन्य राजस्व संबंधी मामलों की प्रगति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को एलपीसी निर्गत करने में विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अंचलाधिकारी को शीघ्र ही एलपीसी निर्गत करने के लिये नए एलपीसी फॉर्म उपलब्ध कराई जाएगी। फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारियां स्पष्ट, तथ्यात्मक एवं निष्पक्ष रूप से दर्ज करेंगे। उपायुक्त ने सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण के मामलों की समीक्षा करते हुए सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने म्यूटेशन एवं रिजेक्टेड मामलों की भी समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। बैठक में उपायुक्त हेमन्त सती के अलावा उप विकास आयुक्त रिया सिंह, अपर समाहर्ता महेंद्र छोटन उरांव, भू-अर्जन पदाधिकारी सह डीसीएलआर राजकिशोर प्रसाद, बरही एसडीओ जोहन टुडू, सभी अंचलाधिकारी, अंचल निरीक्षक, कर्मचारी, विभिन्न परियोजनाओं के प्रतिनिधि एवं संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## उर्वरक की कालाबाजारी एवं निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश

**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में बुधवार को कृषि, पशुपालन, भूमि संरक्षण, गव्य विकास, जल छाजन, लघु सिंचाई, मत्स्य, जेएसएलपीएस एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, लक्ष्य एवं उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई। कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने उर्वरक, विशेषकर यूरिया की कालाबाजारी एवं निर्धारित सरकारी दर से अधिक मूल्य पर बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने खरीफ 2026 के दौरान अप्रैल, मई, जून एवं जुलाई माह में उर्वरकों की बिक्री एवं खपत से संबंधित आंकड़ों की समीक्षा की। बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के जून माह में जिले में 4,017 मीट्रिक टन उर्वरक की खपत हुई थी, जबकि वित्तीय वर्ष 2026-27 के जून माह में 6,277 मीट्रिक टन उर्वरक की खपत हुई है। उपायुक्त ने कहा कि किसानों को सरकार द्वारा अनुदानित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराया जाता है, ताकि कृषि लागत कम हो और किसानों की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सरकारी निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर खाद एवं यूरिया बेचने अथवा उर्वरकों की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से उर्वरक दुकानों का निरीक्षण करने तथा किसानों को निर्धारित दर एवं उपलब्धता की जानकारी देने का निर्देश दिया।

## सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा एवं संरक्षण में करें सहयोग

**हजारीबाग :** उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग (जिला राजस्व शाखा) द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग जिला अंतर्गत किसी भी स्थान पर सरकारी तालाब, गैर मजरूआ खास भूमि, जंगल झाड़ी, नदी, नाला आदि पर यदि किसी प्रकार का अतिक्रमण किया गया हो अथवा इस संबंध में कोई मामला संज्ञान/प्रकाश में आता है, तो इसकी सूचना/शिकायत संबंधित साक्ष्य (फोटोग्राफ एवं आवश्यक दस्तावेजों) के साथ निम्नांकित ई-मेल आईडी पर दर्ज कराई जा सकती है। E-mail Id: bhumiatikar-manhzb@gmail.com

जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। आमजनों से अपील है कि सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा एवं संरक्षण में सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार के अतिक्रमण की जानकारी अविलंब उपलब्ध कराएं।

## एक झलक

### 407 ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, रेफर

**बरही :** हजारीबाग रोड़ पर बुधवार को एक 407 ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप घायल हो गया। ग्रामीणों एवं बरही पुलिस प्रशासन के सहयोग से आनन फानन में इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक किसी काम से हजारीबाग से बरही की ओर आ रहा था इसी दौरान यह घटना घटी। घायल युवक की पहचान हजारीबाग के दीपुगढ़ा निवासी अशोक सोनी के 35 वर्षीय पुत्र रोबिन कुमार के रूप में हुई।

### बरही में भाजपा की तिरंगा यात्रा, मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में उमड़ा जनसैलाब

**बरही :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य रूप से शामिल हुवा बता दे यात्रा भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण से शुरू होकर बरही चौराहा के रास्ते मुख्य मार्गों से होते हुए तिलैया रोड स्थित विधायक आवास पर संपन्न हुई। यात्रा में हाथों में तिरंगा लिए सैकड़ों लोगों ने देशभक्ति का जज्बा दिखाया। यात्रा में विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय संगठन सचिव राजकुमार यादव, मुखिया मोतीलाल चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, अशोक यादव, युगल यादव, प्रकाश ठाकुर, सहदेव यादव, राजकुमार केसरी, अभिषेक निषाद, शिवा निषाद, घनश्याम यादव, टिंकू आलम, बलराम केसरी, उदय केसरी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे। भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सभी आचार्यगण एवं छात्र-छात्राओं ने भी पूरे उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा में भाग लिया। पूरे रास्ते भारत माता की जय के नारों से माहौल देशभक्तिमय हो गया।

### जी.एम महाविद्यालय में स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**हजारीबाग :** बुधवार को जी.एम महाविद्यालय के सभागार में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से डॉ रमण भल्ला ने स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें उन्होंने ऑनलाइन बैंकिंग का सही उपयोग सही रख रखाव, सुरक्षा मापदण्ड और उचित निवेश के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। डॉ रमण भल्ला ने विद्यार्थियों को भविष्य हेतु अभी से निवेश करने का आदत डालने पर भी विशेष रूप से बल दिया । विद्यार्थियों को सही समय पर सही निवेश करने का भी सलाह दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन एन.एस.एस के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ उमेश ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों के साथ साथ विनय कुमार मेहता, रेयाज अहमद, अभिनव कुमार, पवन कुमार सिंह, मनोज राणा इत्यादि उपस्थित थे।

### सौ केबीए विद्युत ट्रांसफार्मर का विधिवत किया उद्घाटन



**विष्णुगढ़ :** प्रखंड अंतर्गत चेडरा के चलंगा के ग्रामीणों ने एक सौ केबीए का विद्युत ट्रांसफार्मर जल जाने से बीते पांच दिनों से बिजली के अभाव में अंधेरे में अपना गुजारा कर रहे थे। इसकी जानकारी विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार बरनवाल उर्फ (दीपू भाई) को मिली। उन्होंने पूरी तत्परता से हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से संपर्क कर सांसद के सौजन्य से एक सौ केबीए का विद्युत ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को उपलब्ध कराया। बुधवार को विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि विष्णुगढ़ पश्चिम रविंद्र कुमार बरनवाल (दीपू भाई) ने विधिवत पूजा-अर्चना कर फीता काटकर उद्धघाटन किया। नये विद्युत ट्रांसफार्मर से गांव में बिजली आने से ग्रामीणों ने अपने सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया साथ ही कहा कि हमारे साँसद हर छोटी- बड़ी बातों का ध्यान रखते है। इसके लिए उनको बहुत-बहुत धन्यवाद। इस मौके पर मुख्य रूप से विष्णुगढ़ पश्चिमी पूर्व मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, पूर्व महामंत्री शंकर प्रसाद बर्मन, कोषाध्यक्ष अनुभव भारती, सक्रिय सदस्य द्वारका साव, मंजीत सिंह, उपेंद्र सिंह, सुरेश सिंह, वार्ड सदस्य विनोद राम, मनोज भुइंया, पंचम राम, सचिन सिंह, महेश नारायण सिंह, सुरेश सिंह, छोटू सिंह, रघु घटवार, कुसुम देवी, मंजरी देवी, तिलक घटवार, दिलीप टूरी, अनुज सिंह, दुर्गा देवी, अनीता देवी, अजय घटवार, नन्हकू तुरी, सुरेश राम सहित दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

# ब्राउन शुगर व गांजा के साथ दो गिरफ्तार, दो वाहन जब्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पदमा :** मादक पदार्थों की तस्करी और खरीद-बिक्री के खिलाफ पदमा पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गारूकरुहा रेलवे ओवरब्रिज और बंदरबेला मोड़ के समीप छापेमारी कर 15 ग्राम ब्राउन शुगर और 350 ग्राम गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से एक हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल और एक होंडा सिटी कार भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार, 11 अगस्त की शाम करीब 6:30 बजे पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को सूचना मिली थी कि गारू करुहा रेलवे ओवरब्रिज पर कुछ लोगों द्वारा ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही बरही एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर लखिन्द्र कुमार डांगी (30), पिता जागेश्वर डांगी, ग्राम ढोढ़ी, थाना मयुरहंड, जिला चतरा को 15 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया। इसी कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बंदरबेला मोड़ के समीप दाउजीनगर-कुटीपिसी जाने वाले रास्ते से विशाल कुमार यादव (21), पिता लक्ष्मी यादव, ग्राम मेलकाना, थाना चौपारण, हजारीबाग को 350 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा। पूछताछ में पुलिस को ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री से जुड़े एक अन्य व्यक्ति की जानकारी मिली। पुलिस के अनुसार लखिन्द्र ने बताया कि ब्राउन शुगर उसने सुरेन्द्र डांगी, पिता श्यामलाल डांगी, ग्राम ढोढ़ी, थाना मयुरहंड, जिला चतरा से खरीदा था। पुलिस ने उसके खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी है और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

**एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज**

**इस** मामले में बरही (पदमा) थाना कांड संख्या 279/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

**ये सामान हुए जब्त**

**पुलिस** ने आरोपियों के पास से 15 ग्राम ब्राउन शुगर, 350 ग्राम गांजा, हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल (JH02AT-1528) और होंडा सिटी कार (JH10A-8591) बरामद की है।

## छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण



**चौपारण :** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय रामपुर में बुधवार को छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रामपुर की मुखिया सुनीता देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मंटू कुमार, प्रधानाध्यापक नंदकिशोर तथा विद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति में पात्र विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित कीं। इस अवसर पर मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि सरकार की साइकिल वितरण योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा विद्यालय आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों को कम करना है। वहीं प्रधानाध्यापक नंदकिशोर ने छात्रों से नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगा कर पढ़ाई करने की अपील की।

# एसआईआर 2026 व नये मतदाताओं के पंजीकरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में चुनावी साक्षरता क्लब के अन्तर्गत विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)-2026 एवं नये मतदाताओं के पंजीकरण विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने तथा निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय हजारीबाग के हेल्प डेस्क मैनेजर सूरज कुमार ने प्रशिक्षुओं को निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से फॉर्म संख्या 6,7 एवं 8 के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की तथा बताया कि इन फॉर्मों का उपयोग किस परिस्थिति



में और किस प्रक्रिया के तहत किया जाता है। उन्होंने नये मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया समझाते हुए बताया कि जिन प्रशिक्षुओं की आयु 01.10.2026 तक 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है या होने वाली है, वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अपील की कि वे अपने मताधिकार के महत्व को समझें और पात्र होने पर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं ने निर्वाचन एवं मतदाता पंजीकरण से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका सूरज कुमार ने सरल एवं स्पष्ट तरीके से समाधान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी की ओर से जिला निर्वाचन कार्यालय हजारीबाग के प्रति आभार व्यक्त व्यक्त करते हुए कहा कि ‘इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम प्रशिक्षुओं को अपने संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## दैहर पंचायत के ग्राम दूरा गड़ा में विशेष शिविर का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण :** प्रखंड के दैहर पंचायत अंतर्गत दुरागढ़ा गांव स्थित बिरहोर टोला में बुधवार को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा किए। शिविर में कुल 241 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में ग्रामीणों को सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। संबंधित विभागों के कर्मियों ने ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने के साथ योजनाओं की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी भी दी। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। बिरहोर टोला जैसे क्षेत्रों में विशेष शिविर लगाकर ग्रामीणों को उनके घर के नजदीक योजनाओं की जानकारी और आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर में प्राप्त आवेदनों की जांच एवं सत्यापन के बाद पात्र लाभुकों को नियमानुसार योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा।

# बरनवाल महिला समिति विष्णुगढ़ के श्रावणी महोत्सव ने किया मुग्ध

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बरनवाल महिला समिति विष्णुगढ़ के द्वारा होटल अतिथि सत्कार में श्रावणी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विघ्नहर्ता गणपति बप्पा की वंदना तथा महामृत्युंजय मंत्र, गायत्री महामन्त्र के उपरांत महाराज अहिबरन जी की आरती के साथ की गई। श्रावणी महोत्सव में महिलाओ और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया बच्चों एवं महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम में भजन, नृत्य नाटक आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम के केंद्र बिंदु में राधा कृष्ण नृत्य बना रहा,जिसको उपस्थित सभी लोगो ने काफी सराहा। कार्यक्रम



में सावन क्वीन प्रतियोगिता और बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। सभी महिलाओं एवं बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। बरनवाल महिला समिति की अध्यक्षा बबीता देवी ने कहा कि सावन महीना हरियाली आस्था हर्ष और उल्लास का महीना है। इसलिए इस महीने का स्वागत हमें हर्ष और उल्लास के साथ करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपाध्यक्षा अनीता बरनवाल, कोषाध्यक्ष उर्मिला बरनवाल, प्रिया बरनवाल, सीमा बरनवाल सचिव, दीपा बरनवाल सह-सचिव, ममता रानी मिडिया प्रभारी, शालिनी बरनवाल समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# न्यू हजारीबाग पब्लिक स्कूल में निःशुल्क दंत जांच शिविर लगा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल द्वारा चरही स्थित न्यू हजारीबाग पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 383 से अधिक स्कूली बच्चों के दांतों की निशुल्क जांच की गई तथा उन्हें मुख एवं दंत स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक परामर्श भी दिया गया। इस अवसर पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए दांतों की नियमित देखभाल और समय-समय पर जांच अत्यंत आवश्यक है। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर समाज के लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समय पर उपचार सुनिश्चित करने में



भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी संस्थान सामाजिक सरोकारों के तहत इस प्रकार के जनहितकारी निशुल्क शिविर आयोजित करता रहेगा। मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के चिकित्सक डॉ. रिचा करन, डॉ दीपांशु रंजन मिश्र, प्रणव निखिल, शाफिया, आयुष, जानवी, इंशा, पीआरओ राजकुमार ने सरहानीय योगदान दिया।

# डीएमएफटी फंड से बनेगा विद्यालय का नया भवन मुखिया सुनीता देवी ने किया स्थल का निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण :** रामपुर पंचायत की मुखिया सुनीता देवी ने बुधवार को परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय, रामपुर में प्रस्तावित भवन निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। विद्यालय में डीएमएफटी (उत्क्रष्ठ) फंड से 6 से 8 नए कमरों का निर्माण कराया जाना है, जिसके लिए निर्माण स्थल का निरीक्षण एवं भूमि मापी की गई। निरीक्षण के दौरान जिला मुख्यालय से पहुंचे सहायक अभियंता वीरेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ निर्माण स्थल का मुआयना किया तथा कमरों के निर्माण के लिए उपयुक्त



स्थान का चयन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज यादव, शिक्षक दयानंद ठाकुर एवं राज किशोर प्रसाद भी उपस्थित रहे। मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि विद्यालय में बढ़ती छात्र संख्या और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त कमरों का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य और शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार के लिए पंचायत की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। भवन निर्माण से विद्यालय में पढ़ाई का बेहतर वातावरण तैयार होगा और विद्यार्थियों को पर्याप्त शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

## एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शिविर में जल संचयन व संरक्षण पर दिया गया विशेष जोर

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को विकसित भारत जी-राम जी ग्रामीण के तहत एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी मधुश्री मिश्रा के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण शिविर में विष्णुगढ़ प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं अभियंता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान विकसित भारत जी-राम जी योजना, जो एक जुलाई 2026 से प्रारंभ की गई है, के क्रियान्वयन एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि योजना के तहत ली जाने वाली सभी योजनाओं की ऑनलाइन एंट्री युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से की जायेगी। इसके बाद योजनाओं को जिला स्तर के लॉगिन से अनुमोदित किया जायेगा। स्वीकृति मिलने के पश्चात प्रखंड स्तर पर पंचायतों के माध्यम से योजनाओं का क्रियान्वयन किया जायेगा।

# अरविन्द कुमार सिंह बने अध्यक्ष, अंजू देवी उपाध्यक्ष व अस्मिता देवी संयोजिका

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण :** उत्क्रमित उच्च विद्यालय इंगुनिया में विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण एवं निर्धारित प्रक्रिया के तहत सम्पन्न हुआ। चुनाव में पत्रकार अरविंद कुमार सिंह को अध्यक्ष, अंजू देवी को उपाध्यक्ष तथा अस्मिता देवी को संयोजिका चुना गया। चुनाव की प्रक्रिया पर्यवेक्षक प्रदीप यादव की देखरेख में सम्पन्न हुई। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों एवं ग्रामीणों को चुनाव की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके बाद सभाध्यक्ष महेश सिंह की स्वीकृति के पश्चात चुनाव की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। इस दौरान प्रधानाचार्य सुनील कुमार, शिक्षक प्रदीप कुमार सहित रामानंद पांडेय, राज किशोर शर्मा, मृत्युंजय सिंह, धननंजय सिंह, अमल किशोर सिंह, सुदामा सिंह, उपेन्द्र रविदास, निर्मल रविदास, शंकर भुइयां, अनूप सिंह, अंकित सिंह, प्रभु सिंह, मदन चंद्रवंशी, अकल भुइयां सहित सैकड़ों महिला-पुरुष



अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के रूप में राकेश सिंह, राजीव रंजन, बीरू रविदास, निर्मल रविदास, संगीता देवी, सुभाष पासवान, गुड़िया देवी, निर्मला देवी, मुनि पांडेय, मनजीत सिंह एवं मुकेश सहित कुल 19 सदस्यों का चयन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पत्रकार अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय क्षेत्र के बच्चों के भविष्य निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र है। विद्यालय के शैक्षणिक एवं भौतिक विकास के लिए समिति सक्रिय रूप से कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर शैक्षणिक वातावरण, मूलभूत सुविधाओं में सुधार, स्वच्छता, खेलकूद एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जायेगी।

# आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का खो-खो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन


**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के चेडरा पंचायत स्थित आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने गिरिडीह में आयोजित पांच दिवसीय सीबीएसई कलस्टर-3 अंतरविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र को गौरवान्वतित किया है। बता दे कि पांच दिवसीय आयोजित खेल प्रतियोगिता के इस टुर्नामेंट में झारखंड और बिहार के विभिन्न सीबीएसई स्कूलों से लगभग 1500 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस प्रतिष्ठित खो-खो प्रतियोगिता में विष्णुगढ़ के मान्यता प्राप्त आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल के कुल 21 छात्र-छात्राओं ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें लड़कियों की अंडर-19 टीम में विद्यालय के विभिन्न वर्गो से अक्षरा सिंह (कैप्टन), मन्नु, कुमारी, मुस्कान कुमारी, सोनाली सिंह,



आयानंदनी, कविता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, निधि कुमारी तथा लड़कों के अंडर-14 टीम में कृष्णा कुमार (कैप्टन), आयुष कुमार, विवेक कुमार, प्रियेश कुमार, विराट कुमार, शुभांकर शेखर, शिवांश कुमार, अभिजीत कुमार, अंश कुमार, प्रिंस कुमार तथा जागेश्वर कुमार महतो ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यालय की गर्ल्स टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार फाइनल में प्रवेश किया तथा शनिवार को मेटा डीएवी विवेकानंद के साथ फाइनल में आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए पहली रनरअप (उपविजेता) की ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। वहीं दुसरी ओर विद्यालय के अंडर-14 बॉयज की टीम ने भी बेहतरीन खेल दिखाते हुए सेमीफाइनल मुकाबले में, उपविजेता बनकर ट्रॉफी जीतने में सफल रहीं। इस ऐतिहासिक उपलिब्ध पर विद्यालय परिवार तथा क्षेत्र में अत्यंत हर्ष का माहौल है। अपनी शानदार, आक्रामक तथा अनुशासित खेल के लिए छात्रा अक्षरा सिंह को 'बेस्ट डिफेंडर का अवार्ड दिया गया। विजेता छात्र-छात्राओं तथा विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का पूरा श्रेय विद्यालय के खेल शिक्षक सह कोच सौरभ कुमार तथा शिक्षिका ज्योति टोप्पो को जिन्होंने कुशल मार्गदर्शन, समर्पण, अथक एंव विद्यार्थियों के खेल प्रतिभा को निखार कर उनसे नियमित अभ्यास करवाया और टीम सफलता में अहम भूमिका निभाई।

## विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हुई क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता



**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार को प्रातः 06:00 बजे अंतर विभागीय इंटर पुरुष व महिला क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन विश्वविद्यालय के पीजी एथलेटिक क्लब द्वारा किया गया। इसमे स्नातकोत्तर विभाग के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता का आयोजन कई वर्षों के बाद फिर से किया गया। कुलपति के सख्त निर्देश से पीजी एथलेटिक क्लब का पुनर्गठन किया गया है। अध्यक्ष डॉ सुनील के दुबे, उपाध्यक्ष डॉ. नवीन चंद्र, सचिव डॉ. विजय कुजूर, संयुक्त सचिव डॉ संजीव शर्मा तथा सदस्य के रूप में डॉ मृदुला भारती, डॉ कुमारी भारती, डॉ जया सिन्हा तथा डॉ मिराज सिद्दीकी को लेकर नई समिति का गठन किया गया है। परिणाम भी दिखने लगा है। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. विकास कुमार ने पुरुष वर्ग के दौर को तथा खेल निदेशक डॉ जॉनी रुफिना तिर्की ने महिला वर्ग को झंडा दिखाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। अधिकारी एवं शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति से प्रतिभागियों तथा आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में पीजी एथलेटिक क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों के अलावे खेल अनुदेशक उत्तम कुमार, जिम प्रशिक्षक राजा नंदन तथा बेलदार रॉबिंद कुमार तथा अशोक कुमार यादव की केंद्रीय भूमिका रही। मौके पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. राजू राम, डॉ. उमेंद्र सिंह, डॉ जय प्रकाश आनंद तथा अन्य सदस्यों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## विभावि में 'पुस्तकालय अध्यक्ष दिवस' पर हुआ कार्यक्रम



**हजारीबाग :** राष्ट्रीय पुस्तकालय अध्यक्ष दिवस के अवसर पर पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा आर्यभट्ट सभागार में बुधवार को एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुस्तकालय विज्ञान के प्रणेता डॉ एस आर रंगनाथन के छायाचित्र पर पुष्पार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने अपने उद्बोधन में व्यक्ति के जीवन में पुस्तक और पुस्तकालय की भूमिकाओं के विविध आयामों की चर्चा की। बदलते दौर में ज्ञान और विज्ञान के क्षेत्र में होने वाले परिवर्तनों एवं पुस्तकालय के बदलते स्वरूप के बारे में भी उन्होंने विस्तार से बताया। पुस्तकालय की उपादेयता की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए विद्यार्थियों से पुस्तकालय में अधिक से अधिक समय बिताने का आह्वान किया। निकट भविष्य में यहां के विद्यार्थियों द्वारा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के पुस्तकालय का परिभ्रमण करने की बात कही। छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ विकास कुमार ने पुस्तकालय के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। पुस्तकालयों के बदलते परिवेश की चर्चा की। जीवन में पुस्तक की महत्ता से विद्यार्थियों को रूबरू करवाया। कुलसचिव सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने अपने अध्ययन काल में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में पुस्तकालयाध्यक्ष एवं पुस्तकालय के कर्मियों की भूमिकाओं की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए पुस्तकालय के महत्व पर प्रकाश डाला।

## एक झलक

### ग्रामीण महिला उद्यमियों को सशक्त बना रहा एसीसी और अदानी फाउंडेशन

**सिन्दरी (धनबाद):** एसीसी सीमेंट कारखाने से सटे छाताबाद गांव की ग्रामीण महिला निशु देवी के परिवार की आर्थिक स्थिति सीमित आय के कारण काफी चुनौतीपूर्ण थी। 45 वर्षीय निशु देवी चार बच्चों की मां हैं। पति की कृषि आधारित सीमित आय से परिवार का खर्च चलाना मुश्किल था और बच्चों की शिक्षा पर खर्च करना भी चुनौतीपूर्ण था। एसीसी और अदानी फाउंडेशन की ह्रासंगिनी मार्टह्न पहल के माध्यम से निशु देवी को आजीविका सृजन के लिए सहयोग और मार्गदर्शन मिला। इसके बाद उन्होंने स्थायी आय का स्रोत स्थापित किया। वर्तमान में वह प्रतिमाह करीब 7 से 8 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। अतिरिक्त आय से परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और कृषि पर निर्भरता भी कम हुई है। अब वह बच्चों की शिक्षा और परिवार की आवश्यकताओं को बेहतर तरीके से पूरा कर पा रही हैं। निशु देवी ने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बदलने में सहयोग के लिए एसीसी और अदानी फाउंडेशन के प्रति आभार जताया

### सिन्दरी में व्यवसायी के बंद आवास का ताला तोड़ कर चोरी

**सिन्दरी (धनबाद) :** शहरपुरा बाजार के घड़ी व्यवसायी रुपनारायण चटर्जी के आईएम टाइप स्थित बंद आवास संख्या 630 में मंगलवार की रात चोरों ने मुख्य दरवाजा तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर में रखी तीनों आलमारियों को खोलकर सामान को इधर-उधर बिखेर दिया। बताया जाता है कि रुपनारायण चटर्जी शुक्रवार को इलाज कराने के लिए सपरिवार कोलकाता गए थे। बुधवार सुबह पड़ोसियों ने उनके घर का मुख्य दरवाजा टूटा देखा। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद पड़ोसियों ने तत्काल सिंदरी पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर सिन्दरी पुलिस मौके पर पहुंची और घर का निरीक्षण किया। पुलिस ने रुपनारायण चटर्जी को भी चोरी की घटना की जानकारी दी। उनके कोलकाता से वापस लौटने के बाद ही घर से चोरी गये सामान और उसकी कीमत का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सिन्दरी में बेदखली आदेश के खिलाफ कानूनी लड़ाई शुरू

**सिन्दरी (धनबाद):** पीपी कोर्ट के बेदखली आदेश के खिलाफ सिंदरी बचाओ सामूहिक मोर्चा ने कानूनी संघर्ष शुरू कर दिया है। मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने वरीय अधिवक्ता पीके भट्टाचार्य और श्रेयश्री के साथ एफसीआई सिंदरी के प्रशासनिक एवं वित्तीय सलाहकार देवदास अधिकारी से मुलाकात की। अधिवक्ताओं ने पीपी कोर्ट द्वारा 15 दिनों के अंदर आवास खाली करने के आदेश को कानूनी रूप से गलत बताया। वरीय अधिवक्ता पीके भट्टाचार्य ने आदेश का विरोध करते हुए इसे निरस्त कराने के लिए याचिका दायर की तथा जल्द सुनवाई का आग्रह किया। मोर्चा ने कहा कि सुनवाई नहीं होने पर पीपी कोर्ट के निर्णय के खिलाफ सक्षम न्यायालय में अपील की जाएगी। प्रभावित लोगों के हित में कानूनी लड़ाई जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

### पूर्णाहुति के साथ श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ सम्पन्न

**बाघमारा (धनबाद) :** निचितपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ का समापन बुधवार को हवन एवं महाआरती के साथ हुआ। पूर्णाहुति के अवसर पर कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हवन एवं महाआरती के दौरान भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालुओं ने हरि बोल तथा जय श्रीकृष्ण के जयघोष से माहौल गुंजायमान कर दिया। महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की आराधना कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। आयोजन स्थल पर भक्ति का ऐसा वातावरण बना कि श्रद्धालु देर तक भजन-कीर्तन में लीन रहे। पूर्णाहुति के बाद आयोजित महाप्रसाद में करीब 2500 से 3000 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में मुख्य यजमान परिवार के रूप में अशोक कुमार वर्णवाल, मंजू देवी, सुनील साव, सरिता देवी, राजेंद्र सोनार, मधु देवी, सुधु भगत, आशा जायसवाल, रंजीत गुप्ता, सलोनी गुप्ता, प्रकाश केवट, सरस्वती देवी, सोनू कुमार, मोनू कुमार, किशोरी गुप्ता, अशोक वर्मा, नितेष कुमार, शंभु साव, प्रियंका कुमारी, देव कुमार वर्मा, कारी देवी, रामेश्वर सिंह, गौरी प्रजापति, राजेंद्र शर्मा, संजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, पातु देवी, रसिकलाल वर्णवाल, भागीरथ महतो, अजय वैभव, सुशीला देवी, मनोज कुमार, महेश साव, रेखा सिन्हा, चक्रधारी मिस्त्री, प्रदीप जायसवाल सहित क्षेत्र के लोगों का सहयोग रहा। आयोजकों ने कथा यज्ञ को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सदर अस्पताल अब राज्य के बेहतर सदर अस्पतालों में शामिल : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद :** सदर अस्पताल को आधुनिक एवं मरीजों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को कई नई सुविधाओं की शुरुआत की गई। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार और उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने संयुक्त रूप से सदर अस्पताल परिसर में कार व बाइक पार्किंग शेड, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके), मॉड्यूलर आयुष्मान वार्ड, पुनर्निर्मित ओपीडी तथा सिविल सर्जन कार्यालय के नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन किया। इस मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि जिला प्रशासन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और आम लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के प्रयासों और अस्पताल की टीम की मेहनत से सदर अस्पताल अब राज्य के बेहतर सदर अस्पतालों में शामिल हो रहा है। उन्होंने अस्पताल के विकास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के सहयोग की भी सराहना की। उपायुक्त ने बताया कि अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के वाहनों को व्यवस्थित रखने के लिए सुरक्षित पार्किंग शेड तैयार किया गया है। मॉड्यूलर आयुष्मान वार्ड आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस है, जहां आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, पुनर्निर्मित ओपीडी में मरीजों को सुगम इलाज और सरल पंजीकरण की सुविधा मिलेगी। आरबीएसके का उद्घाटन करते हुए उपायुक्त ने बताया कि 11 से 22 अगस्त तक 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष कैंप आयोजित किया जा रहा है। अब तक करीब 700 बच्चों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। चिन्हित बच्चों की आवश्यक सर्जरी एवं उपचार निःशुल्क कराया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि जन्मजात या अन्य गंभीर बीमारी से पीड़ित 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की जानकारी प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जरूरतमंद बच्चे का बेहतर उपचार कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।

उद्घाटन

## एनएचएम के तहत 99 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया इसी माह होगी पूरी

**धनबाद :** स्वास्थ्य विभाग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत दूसरे चरण में होने वाली नियुक्ति प्रक्रिया को इसी माह पूरा किया जाएगा। बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नियुक्ति से संबंधित विभिन्न बिंदुओं और प्रक्रियाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। एनएचएम के तहत स्वास्थ्य विभाग में द्वितीय चरण में कुल 99 पदों पर नियुक्ति की जानी है। इनमें एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन, पारा मेडिकल स्टाफ सहित विभिन्न पद शामिल हैं। बैठक के दौरान चयन प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने को लेकर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त आदित्य रंजन ने संबंधित अधिकारियों को नियुक्ति प्रक्रिया में आवश्यक औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा करते हुए इसी महीने पूरी प्रक्रिया संपन्न करने का निर्देश दिया। उन्होंने चयन प्रक्रिया में निर्धारित नियमों एवं पारदर्शिता का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने को कहा। स्वास्थ्य विभाग में इन नियुक्तियों से जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन एवं पारा मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता बढ़ने से स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा, उपाधीक्षक डॉ. संजीव कुमार प्रसाद, डीपीएम प्रतिमा कुमारी, डॉ. मंजु दास सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बलियापुर थाना का एसएसपी ने किया औचक निरीक्षण, लम्बित कांडों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश



**धनबाद :** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बुधवार को बलियापुर थाना का औचक निरीक्षण किया। थाना पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर सिंदरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रकाश चंद्र महतो, पुलिस अंचल निरीक्षक नूतन मोदी, थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार समेत सभी पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना के अभिलेखों, अपराध पंजी, केस डायरी, लंबित कांडों, वारंट-कुर्की निष्पादन, मालखाना, शस्त्रागार, हाजत, सीसीटीएनएस, शिकायत व आगंतुक पंजी, स्टेशन डायरी, बीट व्यवस्था और वाहन रजिस्टर की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा प्रविष्टियों को समयबद्ध और त्रुटिरहित तरीके से दर्ज करने का निर्देश दिया। एसएसपी ने लंबित मामलों की एक-एक कर समीक्षा करते हुए अनुसंधान पदाधिकारियों को वैज्ञानिक एवं साक्ष्य आधारित अनुसंधान करने तथा निर्धारित समय सीमा में आरोप-पत्र और अंतिम प्रपत्र समर्पित करने का निर्देश दिया। गंभीर मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि अनुसंधान की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने फरार अपराधियों की गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की के निष्पादन, सक्रिय अपराधियों के सत्यापन तथा नियमित छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया।

# राजपूत विचार मंच की नयी केन्द्रीय कमेटी गठित, महाराणा प्रताप भवन बनाने का संकल्प



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** राजपूत विचार मंच की केंद्रीय कमेटी के संगठन विस्तार को लेकर बुधवार को आठ लेन स्थित एसडी इंटरनेशनल होटल में बैठक सह प्रेस वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने की। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसमें समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष ने पुरानी कमेटी को भंग कर धनबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करने के बाद नई केंद्रीय कमेटी की घोषणा की। साथ ही समाज के गणमान्य लोगों को शामिल करते हुए संरक्षक मंडली का गठन किया गया। यह मंडली नवगठित कमेटी के कार्यों की निगरानी करने के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश देगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से महाराणा प्रताप भवन के निर्माण का संकल्प लिया। पदाधिकारियों और अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। नई कमेटी में अरुण कुमार सिंह अध्यक्ष और अरविंद कुमार सिंह कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए। शशि भूषण सिंह, रमेश सिंह, उमेश सिंह, सुदेश सिंह, भूपेंद्र सिंह, रणजीत सिंह समेत 11 लोगों को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। एसके सिंह और डॉ. निलेश महामंत्री बनाए गए। सचिव पद पर मुन्ना सिंह, प्रशांत सिंह, लल्लू सिंह समेत 12 लोगों को जिम्मेदारी दी गई। महिप सिंह और मनोज सिंह कोषाध्यक्ष, जबकि संजय निकुंभ और राजीव सिंह मीडिया प्रभारी बनाए गए। संजय सिंह एवं मनोज सिंह संगठन सचिव होंगे। कार्यालय सचिव के रूप में डॉ. एके सिंह, डॉ. उमाशंकर सिंह, अधिवक्ता बृजेंद्र प्रसाद सिंह सहित 15 लोगों के नामों की घोषणा की गई। नई कमेटी का उपस्थित लोगों ने स्वागत किया।

## सीडीएस में 189वीं रैंक लाकर अहान ने बढ़ाया धनबाद का मान



**धनबाद :** संघ लोक सेवा आयोग की संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा में धनबाद के अहान सिंह ने अखिल भारतीय स्तर पर 189वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। इस सफलता के साथ उनका चयन चेन्नई स्थित अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी के लिए हुआ है। उपलब्धि पर सरायढेला स्थित श्री श्री सूर्यदेव सिंह स्मृति गुरुकुलम स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित कर अहान को सम्मानित किया गया। हीरापुर के झारखंड मैदान निवासी स्वर्गीय रामानुज प्रसाद सिंह के पुत्र अहान को विद्यालय की प्रशासक किरण सिंह, प्रधानाचार्य रितिका राज और शिक्षक नागेश्वर सिंह ने शाल, स्मृति चिह्न और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। समारोह में उनकी मां राखी सिंह भी मौजूद रहीं। अहान ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन, प्रेरणा और अनुशासित शैक्षणिक वातावरण को दिया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए निरंतर मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास जरूरी है। रक्षा सेवा में जाने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ शारीरिक दक्षता और मानसिक मजबूती पर भी ध्यान देना चाहिए। विद्यालय की प्रशासक किरण सिंह ने कहा कि अहान की उपलब्धि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि सही दिशा में निरंतर प्रयास से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। विद्यालय परिवार ने अहान को देशसेवा के नए सफर के लिए शुभकामनाएं दीं।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक से दिया जागरूकता संदेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** नशे के खिलाफ समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मदर टेरेसा उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक एवं प्रबंध समिति के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर समाजसेवी अंबुज मंडल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रभात फेरी के दौरान बच्चों ने हाथों में नशा मुक्ति से संबंधित संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। उन्होंने नशा छोड़ने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया।



कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया। नाटक के माध्यम से बच्चों ने नशे के कारण परिवार और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों ने बताया कि नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करती है। प्रभात फेरी के समापन पर सभी ने नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने लोगों से नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

# युवाओं की ऊर्जा व सोच से देश में बदलाव संभव : तारा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/बलियापुर :** पहाड़पुर स्थित प्रजन्य बीएड कॉलेज में बुधवार को युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन कॉलेज की सचिव सह भाजपा प्रदेश समिति की सदस्य तारा देवी ने किया। उन्होंने कहा कि युवा देश और समाज की सबसे बड़ी ताकत हैं। युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और सकारात्मक सोच से ही देश की प्रगति तथा समाज में व्यापक बदलाव संभव है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

सम्मेलन में कुशबेरिया की दिव्यांग छात्रा रेखा मिश्रा आकर्षण का केंद्र रहीं। उन्होंने एक पैर से शानदार नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके आत्मविश्वास और प्रतिभा की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में रेखा मिश्रा के अलावा इस वर्ष मैट्रिक एवं 12वीं की वार्षिक परीक्षा में जिले में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह का आयोजन भाजपा जिला मंत्री डॉ. निशि महतो ने किया। मौके पर कॉलेज अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, अधिवक्ता राहुल कुमार महतो, गिरधारी लाल अग्रवाल, डॉ. संजय विश्वकर्मा, पंकज त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ. सजल बनर्जी, प्रशांत कुमार महतो, विशाल, चंदन, रोहित समेत अन्य मौजूद थे।

## झरिया-पुटकी में निर्बाध पेयजल आपूर्ति को लेकर मेयर ने जामाडोबा जल संयंत्र का किया निरीक्षण

**धनबाद :** झरिया और पुटकी क्षेत्र की जनता को स्वच्छ एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर मेयर संजीव सिंह लगातार प्रयासरत हैं। इसी क्रम में मंगलवार को उन्होंने तीसरी बार झमाडा के जामाडोबा स्थित 9 एमजीडी जल संयंत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संयंत्र में चल रहे विशेष सफाई कार्य का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मेयर ने कहा कि जल संयंत्र की सफाई और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मानसून के दौरान जलशोधन संयंत्र की नियमित साफ-सफाई बेहद जरूरी है, ताकि लोगों तक स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप सफाई कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मेयर ने दिन-रात सफाई कार्य में जुटे मजदूरों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# महिला इंटर महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता सम्पन्न, 24 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा एवं महिला इंटर महाविद्यालय, लाल बाजार, झरिया के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 24 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और आकर्षक मेहंदी डिजाइनों के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या मुनमुन दास ने कहा कि प्रतिभा को प्रोत्साहन देने वाले आयोजन बेहद जरूरी हैं। ऐसे रचनात्मक कार्यक्रमों से बालिकाओं को अपनी कला और प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। इससे उनमें आत्मविश्वास और सृजनात्मकता का विकास होता है। उन्होंने आयोजन के लिए मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया। प्रतियोगिता में इरम परवीन ने प्रथम, संध्या कुमारी ने द्वितीय तथा



अंजू दत्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों ने विभिन्न आकर्षक और कलात्मक डिजाइनों से निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा की अध्यक्ष किरण शर्मा, कार्यक्रम संयोजक हितेन शर्मा, सचिव सनी अग्रवाल, निक्की अग्रवाल एवं दीपक अग्रवाल मौजूद रहे। वहीं महाविद्यालय समिति के सह सचिव वीरेंद्र अग्रवाल एवं राजेंद्र अग्रवाल, प्राचार्या मुनमुन दास सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों को उत्साहपूर्ण भागीदारी के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने वाले ऐसे आयोजन आगे भी जारी रहेंगे।

## सेहत साथी कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



**सिन्दरी (धनबाद) :** विद्यायति परिषद सभागार, सिंदरी में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) के सीएसआर सहयोग से 'सेहत साथी' कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य केंद्र को 28 व्हीलचेयर सुपुर्द किये गये। इस अवसर पर 15 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई तथा उन्हें न्यूट्रिशन किट वितरित किए गए। महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व, संतुलित आहार और गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. रुपक बनर्जी ने गर्भवती महिलाओं को समय पर नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, स्वयं की देखभाल करने तथा उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच और चिकित्सकीय सलाह का पालन मां और बच्चे दोनों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम में हर्ल के प्रबंधक मनीष कुमार, उप प्रबंधक सौरोदीप राय चौधरी, एचआर हेड विक्रांत कुमार, फारुख अब्दुल्ला सहित अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# डोर स्टेप डिलीवरी में गड़बड़ी पर रागिनी सख्त, 200 मजदूरों के रोजगार का मुद्दा उठाया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत शहरी क्षेत्र की पीडीएस दुकानों तक खाद्यान्न पहुंचाने की डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था को लेकर झरिया विधायक रागिनी सिंह ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रधान सचिव को पत्र भेजकर धनबाद के शहरी क्षेत्र में एफसीआई गोदाम से राशन दुकानों तक सीधे खाद्यान्न पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है। विधायक ने कहा कि रांची, धनबाद और जमशेदपुर के शहरी क्षेत्रों में डोर स्टेप डिलीवरी लागू की गई है,



लेकिन विभागीय पदाधिकारियों और संबंधित संवेदकों के बीच समन्वय की कमी से व्यवस्था में अनियमितता और मनमानी की शिकायतें सामने आ रही हैं। एफसीआई और जेएसएफसीआई के निर्देशों में अंतर के कारण राशन डीलरों को भी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि इसका असर खाद्यान्न वितरण व्यवस्था पर पड़ सकता है और अंततः गरीब लाभुक प्रभावित हो सकते हैं। रागिनी सिंह ने एफसीआई गोदामों में करीब 50 वर्षों से लोडिंग-अनलोडिंग का काम कर रहे लगभग 200 मजदूरों के रोजगार का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि नई डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था से इन मजदूरों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। मजदूरों के परिवार वर्षों से इसी काम पर निर्भर हैं। उन्होंने सरकार से पूर्व की व्यवस्था के तहत मजदूरों को काम उपलब्ध कराने अथवा वैकल्पिक रोजगार की ठोस व्यवस्था करने की मांग की। विधायक ने कहा कि गरीबों के राशन और मजदूरों की रोजी-रोटी, दोनों से जुड़े मामलों में सरकार को तत्काल ठोस कदम उठाना चाहिए।

# विज्ञान ज्योति के तहत करीब 200 छात्राओं ने किया आईआईटी (आईएसएम) धनबाद का विजिट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (DST) के विज्ञान ज्योति प्रोग्राम के तहत बुधवार को करीब 200 छात्राओं ने आईआईटी (आईएसएम) धनबाद का नॉलेज पार्टनर के तौर पर विजिट किया। प्रोग्राम का मकसद लड़कियों को साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथेमेटिक्स (STEM) के फील्ड में आगे बढ़ने और करियर बनाने के लिए मोटिवेट करना है।

इस विजिट में जवाहर नवोदय विद्यालय (JNV) कोडरमा की 110 और खठश धनबाद की 81 छात्राएं शामिल हुईं। छात्राओं ने आईआईटी (आईएसएम) के फैकल्टी मेंबर्स के साथ इंटरैक्ट किया और साइंस व टेक्नोलॉजी के अलग-अलग एरिया, रिसर्च, इनोवेशन और करियर ऑप्शंस के बारे में जानकारी हासिल की। प्रो. पार्थसारथी दास, डीन (आरएंडडी), आईआईटी (आईएसएम) धनबाद ने छात्राओं को इस विजिट का पूरा फायदा उठाने और



एक्सपर्ट्स के साथ बातचीत कर अलग-अलग करियर ऑप्शंस को समझने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग, मेडिसिन, रिसर्च, एडमिनिस्ट्रेशन, ह्यूमैनिटीज सहित कई फील्ड में करियर के मौके हैं। तेजी से बदलती टेक्नोलॉजी के दौर में नई स्किल्स सीखना, क्यूरियोसिटी बनाये रखना और खुद को बदलती जरूरतों के हिसाब से तैयार करना जरूरी है।

प्रो. एम.के. सिंह, डीन, फैकल्टी, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद ने छात्राओं को साइंस को कॉन्फिडेंस, क्यूरियोसिटी और कमिटमेंट के साथ आगे बढ़ाने के लिए मोटिवेट किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान ज्योति सिर्फ फिजिकल लाइट नहीं, बल्कि अपने गोल को हासिल करने के लिए अन्दर से मिलनेवाली एनर्जी का भी प्रतीक है। उन्होंने छात्राओं से अपने आसपास की चीजों को लेकर सवाल करने और क्यूरियोसिटी की आदत विकसित करने को कहा। उन्होंने इंफॉर्मेशन, नॉलेज और विजडम के बीच अंतर समझाते हुए कहा कि सिर्फ इंफॉर्मेशन हासिल करना काफी नहीं है, बल्कि उसे समझ कर नॉलेज में बदलना और सही तरीके से इस्तेमाल करना जरूरी है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) के साथ ह्यूमन इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर रियल लाइफ प्रॉब्लम्स का सॉल्यूशन निकालने के लिए भी प्रेरित किया।

प्रो. सिंह ने कहा कि एजुकेशन महिलाओं के सेल्फ-एम्पावरमेंट का सबसे मजबूत माध्यम है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आर्थिक या सामाजिक परेशानियों को अपनी पढ़ाई के रास्ते में रुकावट नहीं बनने दें।

प्रोग्राम के दौरान प्रो. एस.आर. समद्दार, हेड, सेंटर फॉर वाटर रिसोर्स मैनेजमेंट; प्रो. आलोक दास, डीन, इनोवेशन एंड कॉरपोरेट रिलेशंस तथा प्रो. संजीव साहू, एसोसिएट डीन, स्टूडेंट्स वेल-बीइंग ने भी अलग-अलग टॉपिक्स पर कीनोट सेशंस लिये। प्रो. मधुलिका गुप्ता, नोडल ऑफिसर, विज्ञान ज्योति प्रोग्राम, ऊरळ ने पूरे प्रोग्राम को कोऑर्डिनेट किया और वोट ऑफ थैंक्स दिया। उनके कोऑर्डिनेशन में छात्राओं के लिए इंटरैक्टिव सेशन आयोजित किया गया। इसके बाद छात्राओं ने लंच किया और आईआईटी (आईएसएम) के i2h का विजिट कर इनोवेशन और टेक्नोलॉजी से जुड़े एक्टिविटीज को करीब से समझा।

## हर घर तिरंगा अभियान

# अधिकारियों-कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर दिया राष्ट्रप्रेम का संदेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अलकडीहा (धनबाद) :** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को लोदना क्षेत्रीय कार्यालय से देशभक्ति से ओत-प्रोत मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। लोदना क्षेत्र के महाप्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा के निर्देश पर आयोजित इस रैली में क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों ने देशप्रेम और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया।

रैली को अवर महाप्रबंधक परवेज आलम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मोटरसाइकिल रैली क्षेत्रीय कार्यालय से शुरू होकर वीटीसी



सेंटर तक गई। इस दौरान प्रतिभागियों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाते हुए लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत की। रैली में संतोष कुमार मालवीय, क्षेत्रीय प्रबंधक (वि. एवं यां.), हरिपद दीक्षित, क्षेत्रीय प्रबंधक (वित्त), अमित कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक (प्रशासन), सौरभ कुमार, प्रबंधक (मा.सं.), सुदीप कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक (क्रय), सरोज कुमार बनर्जी, बी.एच. खान, शिव प्रताप सिंह, संजय कुमार, सुमित बनर्जी, सुमित सुपेकार, इस्माइल मल्लिक, पवन कुमार, रोशन कुमार, राकेश कुमार, कुनाल कुमार, मितेश कुमार, मनोज कुमार, देव चन्द्र ठाकुर, प्रदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। रैली के माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए लोगों से हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने और देश की एकता व अखंडता को मजबूत करने का आह्वान किया।

## भाजपा जोड़ापोखर मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा



**पाथरडीह (धनबाद):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत बुधवार की संध्या भाजपा जोड़ापोखर मंडल की ओर से पाथरडीह स्थित भारत माता चौक से तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष अजय कुमार ने किया। इसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और स्थानीय गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा में शामिल लोग हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा भारत माता चौक से शुरू होकर पाथरडीह पुराना बस स्टैंड, कामनी कल्याण, चासनाला केके गेट, चासनाला पेट्रोल पंप और चासनाला सीएचसी होते हुए चासनाला मोड़ पहुंची। चासनाला मोड़ पर कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारे लगाकर स्वतंत्रता दिवस के प्रति उत्साह और राष्ट्रप्रेम का प्रदर्शन किया। इस दौरान पूरा मार्ग तिरंगे और देशभक्ति नारों से गूंजता रहा। भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना है। उन्होंने सभी लोगों से स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की। यात्रा में भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

## लोदना में भाजपा ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



**जोड़ापोखर (धनबाद) :** भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर के झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोदना मंडल की ओर से बुधवार को लोदना बाजार में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व लोदना मंडल अध्यक्ष सुनील पासवान ने किया। वहीं झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य योगेंद्र यादव बतौर प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा लोदना बाजार से शुरू होकर डिगवाडीह के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए गुजरी। यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल बना रहा। कार्यकर्ताओं ने लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की। नेताओं ने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत करना तथा स्वतंत्रता दिवस के पर्व से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना है। यात्रा में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## सम्पादकीय.....

## हंगामे की भेंट चढ़ा मॉनसून सत्र

**संसद** का मॉनसून सत्र 13 अगस्त को खत्म हो जायेगा। लेकिन, बीते लगभग पूरे अंतराल में एक भी दिन ऐसा नहीं बीता, जब सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध खत्म हुआ हो। 11 अगस्त को तो उस समय हद ही हो गयी, जब एनडीए के सांसदों ने संसद परिसर में खड़े होकर हंगामा किया और राहुल गांधी से जवाब मांगा। राहुल गांधी झारखंड क्यों नहीं जा रहे?, यह सवाल उठाया। दरअसल, जंतर-मंतर पर हुए सफल छात्र आन्दोलन के बाद से सरकार लगातार बैकफुट पर चल रही है। धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा तो महज एक उदाहरण है। इस बीच झारखंड में भी परीक्षा में गड़बड़ी की खबर सामने आ गयी, जिसे लेकर छात्र आन्दोलित हैं। अब भाजपा और उसके सहयोगी दल यहां राहुल गांधी को घेर रहे हैं, उनसे झारखंड पर जवाब मांग रहे हैं। यह ठीक भी है। हालांकि, राहुल गांधी ने 10 अगस्त को ही अपने एक प्रेस कांफ्रेंस में स्पष्ट कहा कि झारखंड में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने जो कार्रवाई की, वह ठीक नहीं है और वह इस तरह की हिंसा का समर्थन नहीं करते। इससे पूर्व राहुल गांधी ने बाकायदा आन्दोलनकारी छात्रों से फोन पर बात भी की थी। यहां दिलचस्प बात यह है कि एक तरफ भाजपा कहती है कि वह राहुल गांधी को कुछ नहीं समझती...कांग्रेस पार्टी को राजनीति में अप्रासंगिक मानती है, वहीं दूसरी ओर उसके सांसद यह सवाल उठा रहे हैं कि राहुल गांधी झारखंड क्यों नहीं जा रहे? यदि वे ऐसा मानते हैं कि झारखंड में झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार है और इस लिहाजन राहुल गांधी को वहां जाना चाहिए।...तो फिर, इस दृष्टि से तो जंतर-मंतर पर पहले दिन ही नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और धर्मेन्द्र प्रधान को पहुंच जाना चाहिए था। दरअसल, भाजपा का उद्देश्य झारखंड की आड़ में केवल हंगामा करना है, समाधान देना नहीं। यही कारण है कि भाजपा का कोई भी आला नेता न जंतर-मंतर पर नजर आया और न झारखंड में। हां, प्रदेश स्तर के कुछ नेता अवश्य पहुंचे, मगर वे भी समाधान देने के बजाय झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार पर प्रकरण का ठीकरा फोड़ते नजर आये। बहरहाल, झारखंड में सरकार और छात्र संगठनों के बीच का गतिरोध किस तरह खत्म होता है, यह देखना दिलचस्प होगा। लेकिन, इस समय चिन्ता इस बात की भी अत्यन्त आवश्यक है कि किस तरह पूरा मॉनसून सत्र लगभग बेकार चला गया, क्योंकि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सदन में आने से बचते रहे। इधर, मोदी सरकार का दावा है कि विपक्ष की लम्बे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए छात्र प्रदर्शनों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई पर लोकसभा में विस्तृत चर्चा कराने और गृहमंत्री अमित शाह से जवाब दिलाने की पेशकश की गयी। लेकिन, कांग्रेस इसे पर्याप्त नहीं मान रही है। उसका कहना है कि छात्रों के मुद्दे पर केवल सामान्य चर्चा या गृहमंत्री का भाषण पर्याप्त नहीं है। पार्टी की स्पष्ट तौर पर तीन मांगें हैं। पहली मांग छात्र प्रदर्शन के दौरान हुई पुलिसिया कार्रवाई को लेकर गृहमंत्री अमित शाह से दो टूक जवाब की है...दूसरी मांग छात्रों के खिलाफ हुई कार्रवाई को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से माफी की है...और, तीसरी मांग अयोध्या के राम मंदिर के लिए मिले चंदे में चोरी के आरोपों पर संसद में चर्चा और प्रधानमंत्री के जवाब की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि इन मुद्दों पर कोई समझौता नहीं होगा। सरकार इसी तरह राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर भी टालमटोल करती दिखी है। हालांकि, सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है। लेकिन, स्थितियों के मद्देनजर ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा कि चर्चा हो पायेगी।

# गड्ढों, खुले मैनहोल और टूटी सड़कों के बीच जीवन

विशेष **डॉ. प्रियंका सौरभ**



> स्कूल बसें पलट जाती हैं, सड़क के विपरीत दिशा से आ रही गाड़ियां अचानक मुड़ जाती हैं और गली बच्चों के लिए मौत का जाल बन जाती है, जानवर गली में इधर-उधर घूमते रहते हैं और बुजुर्ग राहगीरों को परेशान करते हैं, और भारी बारिश के बाद बच्चे एक आम सड़क पर फंस जाते हैं और वह मौत का इलाका बन जाती है। रोहतक में लगभग छह इंच बारिश के बाद जलभराव में डूबने से आठ साल के बच्चे की मौत ने एक बार फिर एक चिन्ताजनक सवाल खड़ा कर दिया है: एक नागरिक के जीवन का क्या मूल्य है? मॉनसून का मौसम साल में एक बार आता है। हर साल शहरों में जलभराव होता है। जल निकासी और सीवरेज व्यवस्था, नालियां और सड़कें हर साल समस्या बनी रहती हैं।

**मृत्यु** कब, कहाँ और कैसे आएगी, यह अज्ञात है। हमारे जीवन में, जो सामान्य सी बात लगती है, वैसे ही कई ऐसे खतरे बढ़ते जा रहे हैं जो असाधारण प्रतीत होते हैं। सड़कों पर अनगिनत गड्ढे हैं, सड़कें और गलियाँ उबड़-खाबड़ हैं, नालियाँ खुली नहीं हैं, सीवर के मैनहोल खुले नहीं हैं, कई जगहों पर सड़कें और पुल क्षतिग्रस्त हैं। कुछ इलाकों में स्कूलों की छतें बच्चों पर गिर जाती हैं, तो कुछ इलाकों में अस्पतालों की छतें या स्लैब मरीजों और कर्मचारियों पर गिर जाते हैं। स्कूल बसें पलट जाती हैं, सड़क के विपरीत दिशा से आ रही गाड़ियाँ अचानक मुड़ जाती हैं और गली बच्चों के लिए मौत का जाल बन जाती है, जानवर गली में इधर-उधर घूमते रहते हैं और बुजुर्ग राहगीरों को परेशान करते हैं, और भारी बारिश के बाद बच्चे एक आम सड़क पर फंस जाते हैं और वह मौत का इलाका बन जाती है। रोहतक में लगभग छह इंच बारिश के बाद जलभराव में डूबने से आठ साल के बच्चे की मौत ने एक बार फिर एक चिंताजनक सवाल खड़ा कर दिया है: एक नागरिक के जीवन का क्या मूल्य है? मानसून का मौसम साल में एक बार आता है। हर साल शहरों में जलभराव होता है। जल निकासी और सीवरेज व्यवस्था, नालियां और सड़कें हर साल समस्या बनी रहती हैं। अधिकारी कहते हैं कि वे तैयार हैं और हर साल सुधार किए जाते हैं। हालांकि, कुछ ही घंटों की बारिश इन दावों की सच्चाई को उजागर करने के लिए काफी होती है, क्योंकि प्रशासन प्रबंधन में विफल रहता है और बारिश का पानी सड़कों पर बह जाता है। यह सिर्फ एक बच्चे की मौत का मामला नहीं है। यह एक ऐसी व्यवस्था है जहां रोकी जा सकने वाली त्रासदी को अक्सर एक दुर्घटना, एक महज संयोग, 'भाग्य' मानकर नजरअंदाज कर दिया जाता है, और दोष 'कहीं और' डाल दिया जाता है। यह एक ऐसी व्यवस्था है जहां रोकी जा सकने वाली त्रासदी को अक्सर 'यह एक दुर्घटना थी,' 'यह हमारी गलती नहीं थी,' या 'हम और क्या कर सकते थे?' कहकर टाल दिया जाता है। नागरिक बुनियादी ढांचे की विफलता मात्र ही नहीं है, बल्कि यह जिस तरह से विफल हो रहा है वह बेहद चिंताजनक है। बदलाव यह आया है कि नागरिक अब विफलता को स्वाभाविक मान चुके हैं। सड़क में गड्ढा है और लोग कहते हैं कि यह 'हमेशा से' यहीं था। फुटपाथ में गड्ढा है और लोग कहते हैं, 'सावधान रहें।' जलभराव है और लोग कहते हैं, 'बारिश के बाद ऐसा ही होता है।' मवेशी सड़क पर भटक रहे हैं और लोग कहते हैं, 'कोई क्या कर सकता है?'स्कूल की इमारत स्पष्ट रूप से असुरक्षित है और लोग सोचते हैं कि अधिकारियों को इस पर ध्यान देना चाहिए। यह एक सरकारी अस्पताल है जिसकी हालत खराब है और लोग कहते हैं, 'सरकारी अस्पतालों का यही हाल होता है।' यह रवैया खतरनाक है क्योंकि यह सामान्य बात और जीवनशैली बन जाता है। यदि नागरिक जोखिम को अपने जीवन का सामान्य हिस्सा मानने लगें, तो प्रशासन पर सुधार का दबाव भी कम हो जाता है। हमें किसी भी रोकी जा सकने वाली त्रासदी को दुर्घटना मानकर बंद करना होगा। जब कई महीनों से सड़क पर मौजूद गड्ढे के कारण लोगों की मृत्यु हो जाती है, तो सवाल सिर्फ यह नहीं उठता कि क्या हुआ, बल्कि यह भी उठता है कि सड़क पर खतरा क्यों बना रहा? यदि अधिकारियों को खुले मैनहोल की जानकारी है और वे उसे सुरक्षित करने के लिए कदम नहीं उठाते हैं, और कोई बच्चा गड्ढे में गिर जाता है, तो इसे 'दुर्भाग्य' कहना उचित नहीं होगा। स्कूल भवन का अनावश्यक रूप से गिर जाना सिर्फ एक बुरी घटना नहीं मानी जानी चाहिए। यह बात अस्पताल की सुरक्षा, स्कूल बसों की स्थिति, पुलों के रखरखाव, जल निकासी व्यवस्था और सड़क की गुणवत्ता के साथ-साथ स्कूलों में आवारा पशुओं के नियंत्रण पर भी लागू होती है। ये प्रशासनिक मामले नहीं हैं, बल्कि ये जन सुरक्षा और लोगों के जीवन से जुड़े मामले हैं। लेकिन हमारे सार्वजनिक विमर्श की त्रासदी यह है कि हम बार-बार इन वास्तविक प्रश्नों से मुंह मोड़ लेते हैं। धार्मिक संदर्भ वाला कोई भी बयान समाज में आक्रोश पैदा कर सकता है। इसका परिणाम हजारों सोशल मीडिया पोस्ट, घंटों टीवी स्टूडियो बहस और राजनीतिक बयानबाजी के रूप में सामने आता है। आहत भावनाओं, पहचान और राष्ट्रीय सम्मान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होती है। हालांकि, ऐसे बच्चे की मौत के लिए जवाबदेही को लेकर जनता का निरंतर आक्रोश गायब है। क्यों? क्या धार्मिक विवाद होने पर एक आम आदमी के जीवन का महत्व कम हो जाता है? क्या खुले सीवर में बच्चे का डूबना स्थानीय खबर है? क्या किसी असुरक्षित सड़क पर किसान, मजदूर, बुजुर्ग या छात्र की मौत महज दुर्भाग्य की बात है? क्या ऐसा लगता है कि सरकार से जवाब मांगने के मामले में देश को चुनौती देना उनकी मांगों का जवाब देने के लिए मजबूर कर रहा है? बिलकुल नहीं। सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है। लोग कर अदा करते हैं और सुरक्षित सड़कें, स्वच्छ शहर, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा, सुरक्षित स्कूल, प्रभावी परिवहन और बुनियादी नागरिक अवसंरचना की अपेक्षा रखते हैं। ये विलासिता नहीं हैं। ये गरिमापूर्ण जीवन के लिए आवश्यक मूलभूत कारक हैं।

# जंतर-मंतर, रांची : छात्र आन्दोलन-एक, रूप अनेक

गौरतलब **निर्मल रानी**



> जंतर-मंतर की ही तरह रांची में भी जहां आन्दोलनस्थल पर अनेक स्वयंसेवी लंगर चला रहे हैं व आन्दोलनकारी छात्रों के दूर दराज बैठे समर्थक फूड ऐप्स के जरिये सीधे आन्दोलन स्थल पर भोजन ऑर्डर कर रहे हैं व छात्रों को मेडिकल व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। यहां भी भोजन इतनी अधिक मात्रा में आ रहा है कि आन्दोलनकारी छात्रों ने वीडियो जारी कर लोगों से कुछ दिन ऑर्डर रोकने की अपील की, ताकि खाना बर्बाद न हो और बचे हुए भोजन को जरूरतमंदों में बांटा जा सके।

**देश** इन दिनों लगभग राष्ट्रव्यापी छात्र आक्रोश व आंदोलन से रूबरू है। अभी कुछ दिन पहले ही ठएएळ पेपर लीक और राष्ट्रीय परीक्षाओं में हुई धांधली के खिलाफ 6 जून से शुरू होकर 25 जुलाई 2026 तक चला आंदोलन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद खत्म हुआ था। इसके बाद ही झारखंड में भी जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के विरुद्ध 29 जुलाई से रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में छात्र आंदोलन की शुरूआत हुई। यहाँ भी छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, धांधली और अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच आदि मांगों को लेकर धरना, प्रदर्शन और विधानसभा घेराव जैसे कार्यक्रम कर रहे हैं। परन्तु कुछ दिनों पूर्व हुये दिल्ली के जंतर-मंतर व वर्तमान समय रांची में चल रहे छात्र आंदोलन में जहां कुछ बातें समान हैं वहीं कई बातें विरोधाभासी भी हैं। उदाहरण के तौर पर दोनों ही आंदोलन पेपर लीक और राष्ट्रीय परीक्षाओं में हुई धांधली व अनियमितताओं के खिलाफ किये गए हैं। जंतर-मंतर की ही तरह रांची में भी जहाँ आंदोलनस्थल पर अनेक स्वयंसेवी लंगर चला रहे हैं व आंदोलनकारी छात्रों के दूर दराज बैठे समर्थक फूड ऐप्स के जरिए सीधे आंदोलन स्थल पर भोजन ऑर्डर कर रहे हैं व छात्रों को मेडिकल व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। यहाँ भी भोजन इतनी अधिक मात्रा में आ रहा है कि आंदोलनकारी छात्रों ने वीडियो जारी कर लोगों से कुछ दिन ऑर्डर रोकने की अपील की ताकि खाना बर्बाद न हो और बचे हुए भोजन को जरूरतमंदों में बांटा जा सके। इसके अलावा रांची के स्थानीय दुकानदारों और आम नागरिकों द्वारा आंदोलन स्थल पर भोजन,समोसे, बिरयानी,नाश्ता और पानी आदि पहुंचाया जा रहा है। अनशन पर बैठे छात्र नेताओं की सेहत की देखभाल के लिए रांची के सदर अस्पताल में मेडिकल टीम नियमित रूप से आंदोलन स्थल पर पहुंचकर स्वास्थ्य जांच (ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल) कर रही है। इसके अतिरिक्त झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने निर्देश जारी किया है कि आंदोलन के दौरान बीमार या चोटिल होने वाले छात्रों के इलाज का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी, चाहे वे सरकारी अस्पताल में इलाज कराएं या निजी अस्पताल में। परन्तु इन दोनों अर्थात दिल्ली व रांची के आंदोलन में जो सबसे बड़ा विरोधाभास नजर आ रहा है वह है जंतर मंतर के छात्र आंदोलन का विरोध करने वालों का रांची के आंदोलन में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना।

## आज का इतिहास

- फ्रांस के शासक हेनरी चतुर्थ ने 1598 में नांत का प्रख्यात आदेश जारी किया। इस आदेश के आधार पर प्रोटेस्टेन्ट ईसाईयों को पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता दी गयी।
- डच खगोलशास्त्री क्रिश्चियन ह्यूगेंस ने 1642 में मंगल के दक्षिणी ध्रुव की चोटी का पता लगाया।
- स्वीडन और डेनमार्क ने 1645 में ब्रह्मसब्रो शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
- भारत में प्रशासनिक सुधारों के लिए पिट्स इंडिया विधेयक ब्रिटिश संसद में 1784 को पेश हुआ।
- दासों के व्यापार को समाप्त करने के लिए ब्रिटेन और हालैंड के बीच 1814 में समझौता हुए।
- अमेरिकी समाचार पत्र 'एफ्रो-अमेरिकन' का बाल्टीमोर से 1892 में प्रकाशन शुरू हुआ।
- जार्ज डेवी के नेतृत्व में अमेरिकी सेना ने 1898 में फिलिपींस की राजधानी मनीला पर कब्जा किया।
- इंग्लैंड ने 1902 में ऑस्ट्रेलिया को एक विकेट से हराकर ओवल की प्रसिद्ध जीत दर्ज की।
- इंग्लैंड के हैरी ब्रेअर्ली, शेफील्ड ने 1913 में स्टेनलेस स्टील का आविष्कार किया।
- नवनिर्मित पोलिश बंदरगाह जिडायनिया पर 1923 में पहला बड़ा समुद्री जहाज आया।
- गुस्ताव स्ट्रेसीमैन जर्मनी की चांसलर 1923 को नियुक्त हुई तथा वेमर गणराज्य में गठबंधन सरकार का गठन हुआ।
- भारत में निर्मित पहले विमान हिंदुस्तान ट्रेनर 2 ने पहली उड़ान 1951 में भरी।
- राष्ट्रीय राजमार्ग लोकसभा में 1956 को विधेयक पारित हुआ।
- अफ्रीका फ्रांस के कब्जे से 1960 में स्वतंत्र हुआ।
- अंतरिक्ष शटल के पहले ग्लाइड का परीक्षण 1977 में किया गया।

## किसने क्या कहा



सरकार संसद में नीट परीक्षा को लेकर छात्र आन्दोलन पर चर्चा को तैयार

**अमित शाह**
**गृहमंत्री**



छात्रों पर हिंसा और चढ़ावा चोरी समेत सभी मुद्दों पर हो चर्चा, सरकार शर्त नहीं रख सकती

**पवन खेड़ा**
**कांग्रेस नेता**

## अंकजाल - 8358

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 16 | 14 | 41 | 18 | ■ | 8 | 22 | 23 | ■ |
| 20 | | 4 | | 2 | ■ | 5 | | 7 | 20 |
| 18 | 5 | | 8 | | ■ | | 4 | | 9 |
| 32 | | 7 | | 3 | | ■ | | 5 | 7 |
| ■ | ■ | ■ | 7 | | 5 | | 8 | | 38 |
| 31 | | 3 | | 5 | | 7 | ■ | ■ | ■ |
| 9 | 3 | | ■ | | 5 | | 5 | | 22 |
| 14 | | 4 | | ■ | | 8 | | 8 | 29 |
| 16 | 6 | | 6 | ■ | 7 | | 5 | | 21 |
| ■ | 14 | 17 | 13 | ■ | 38 | 27 | 15 | 20 | ■ |

**अंकजाल 8357 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 7 | 13 | 31 | 15 | 24 | ■ | 18 | 36 | ■ |
| 25 | 2 | 5 | 5 | 4 | 9 | ■ | 2 | 7 | 9 |
| 28 | 5 | 8 | 7 | 5 | 3 | ■ | 2 | 7 | 9 |
| ■ | ■ | ■ | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 7 | 34 |
| 14 | 2 | 5 | 7 | ■ | 5 | 7 | 8 | 9 | 29 |
| 18 | 2 | 3 | 8 | 5 | ■ | 7 | 3 | 6 | 16 |
| 25 | 4 | 5 | 2 | 5 | 6 | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 11 | 4 | 7 | ■ | 8 | 5 | 8 | 6 | 4 | 31 |
| 14 | 6 | 8 | ■ | 7 | 3 | 5 | 6 | 7 | 28 |
| ■ | 18 | 28 | ■ | 25 | 14 | 39 | 12 | 11 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## जो नहीं है, उसे पाना हो ध्येय

**असंतुष्ट** होने का अर्थ दुखी होना नहीं है। असल में कोई आदमी पूरी तरह सुखी होकर भी असंतुष्ट हो सकता है। सुखी होने का मतलब है, जो है, उसे आनंद से भोगना। और असंतुष्ट होने का अर्थ है: जो नहीं है उसे आनंद से पैदा करने का श्रम करना। जब अधिकतम लोग समाज में इस भांति श्रम करते हैं तो समाज संपन्न और समृद्ध होता है। और जब अधिक लोग ऐसा सोचते हैं कि जो है बस ठीक है, वही रुक जाना है, तो फिर पूरा समाज धीरे-धीरे दरिद्र हो जाता है। जिंदगी का सारा विकास, जो नहीं है, उसे पाने से ही होता है। इसलिए मैं तो कहूंगा कि ऐसा किसी जगह मानने की जरूरत नहीं है कि अब सब पूरा हो गया, अब भला मुझे क्या करना है! यह मरने के ढंग हैं। यह अपने भीतर जिंदा रहते हुए मर जाना है। जब तक श्वास है, तब तक एक भी श्वास व्यर्थ नहीं जानी चाहिए। फिर भी अगर किसी व्यक्ति को ऐसा लगता हो कि मेरी तो सच में ही सारी आवश्यकताएं पूरी हो गईं, तो फिर ऐसे व्यक्ति को दूसरों की आवश्यकताएं पूरा करने में लग जाना चाहिए। अगर किसी व्यक्ति को पक्का ऐसा लगता है कि मेरी तो सभी आवश्यकताएं पूरी हो गईं, मैं क्यों श्रम करूं? तो उसे चारों तरफ देखना चाहिए कि अब मेरा काम तो जमीन पर खत्म हो गया, लेकिन दूसरों की आवश्यकताएं पूरी नहीं हुई हैं, उनके लिए मैं श्रम करने में लग जाऊं।

## सुविचार

सौंदर्य तो अस्थाई है, लेकिन मन आपका जीवन भर साथ देता है।

**एलिशिया मेकेडो**

विचारों को मूर्त रूप देने की क्षमता ही सफलता का रहस्य है।

**हेनरी वार्ड बीचर**

# शहर कभी नहीं सोता, लेकिन उसकी कीमत कौन चुकाता है



**प्रो. आरके जैन**

**रात** अब घड़ी में आती है, शहर में नहीं। घड़ी बारह बजने का ऐलान करती है, लेकिन शहर का दिन आगे बढ़ता रहता है। बाजार खुले हैं, स्क्रीन चमक रही हैं, वाहन दौड़ रहे हैं और मशीनें अगली पाली में जा चुकी हैं। कभी अँधेरा शरीर को विश्राम का संकेत देता था; अब रोशनी जागते रहने का आदेश देती है। चौबीस घंटे सक्रिय रहना हमने आधुनिकता का प्रमाण मान लिया, लेकिन इसकी कीमत मनुष्य की नींद चुका रही है। सूरज की जगह बिजली को समय का संकेतक बना लिया, पर शरीर की जैविक घड़ी को नहीं बदल सके। वह आज भी उजाले में जागती और अँधेरे में विश्राम माँगती है। शहर भले रात को पराजित माने, शरीर अब भी उसे अपनी जरूरत मानता है।

शहर की यह अनिद्रा किसी एक आविष्कार की देन नहीं। वैश्वीकरण ने अलग-अलग समय क्षेत्रों को जोड़ा, डिजिटल अर्थव्यवस्था ने काम को चौबीस घंटे उपलब्ध कर दिया और उपभोक्ता संस्कृति ने रात को भी बाजार बना दिया। कारखाने मांग के लिए चलते हैं; कॉल सेंटर दूसरे देशों की सुबह के लिए जागते हैं। अस्पताल, हवाई अड्डे, परिवहन और सुरक्षा सेवाएँ भी रात को नहीं थम सकतीं। समस्या इन सेवाओं में नहीं, उस मानसिकता में है जिसने शहर को कभी न थकने वाली मशीन मान लिया है। धीरे-धीरे नींद अधिकार नहीं, विलासिता बन रही है, जिसके पास साधन हैं, वह आराम करता है; बाकी अपनी नींद बेचकर व्यवस्था चलाते हैं। इस निरंतर जागरण की पहली चोट मनुष्य की आंतरिक जैविक घड़ी पर पड़ती है। शरीर की यह घड़ी सूर्य के उदय और अस्त के साथ बनी थी, लेकिन कृत्रिम रोशनी, स्क्रीन और देर रात तक चलती गतिविधियों ने उसे भ्रमित कर दिया है। नींद की कमी का अर्थ केवल सुबह की थकान नहीं है। स्मृति कमजोर होती है, निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है, भावनात्मक संतुलन बिगड़ता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी घटती है। इससे एक दूसरा संकट पैदा होता है–भीड़ के बीच अकेलेपन का। रात का शहर बाहर से जितना जीवंत दिखाई देता है, भीतर से उतना ही खाली हो सकता है। रोशनी बढ़ती जाती है, आवाजें बढ़ती जाती हैं, लेकिन मनुष्य की आंतरिक शांति घटती जाती है।

फिर भी हम इस सामूहिक थकान को प्रगति और दक्षता कहते हैं। तर्क है कि दुनिया नहीं सोती, इसलिए हमें भी नहीं सोना चाहिए। लेकिन प्रकृति का कोई चक्र चौबीस घंटे सक्रिय नहीं रहता। दिन के बाद रात, जागरण के बाद नींद और श्रम के बाद विश्राम आता है। तकनीक के सहारे मनुष्य ने भ्रम पाल लिया कि वह प्रकृति के नियमों से स्वतंत्र है–समय को नियंत्रित किया जा सकता है, थकान को नकारा जा सकता है और शरीर की सीमाएँ अनंत तक खींची जा सकती हैं। शहर की अनिद्रा इसी अहंकार की अभिव्यक्ति है। प्रकृति से संघर्ष में मनुष्य जीतता दिख सकता है, लेकिन कीमत अंततः शरीर और मन को चुकानी पड़ती है। इस व्यवस्था का सबसे भारी बोझ उन अदृश्य श्रमिकों पर पड़ता है जिनकी जागी हुई रात दूसरों की सुरक्षित नींद बनाती है। सुरक्षा गार्ड रात भर पहरा देता है, नर्स अस्पताल में जागती है, सफाई कर्मचारी शहर को सुबह के लिए तैयार करता है, ट्रक चालक माल पहुँचाता है और रेस्तरां कर्मचारी उस समय काम करता है जब बाकी लोग आराम कर रहे होते हैं।

## राशिफल

**मेष** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**तुला** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृष** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**वृश्चिक** पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मिथुन** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**धनु** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**कर्क** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मकर** आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**सिंह** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**कुंभ** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**कन्या** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

# नयी पीढ़ी, निरन्तर संवाद व शताब्दी के बाद भी जीवंत संगठनात्मक ऊर्जा

गौरतलब **जे. नंदकुमार**



> संघ की शताब्दी का सबसे उल्लेखनीय पक्ष उसका अतीत नहीं, बल्कि उसकी युवा होती वर्तमान चेतना है। आज यदि संघ की किसी शाखा में जायें, तो वहां उसकी शताब्दी का भार नहीं, बल्कि सोलह वर्ष की ऊर्जा दिखाई देती है। यही वह बिन्दु है, जहां संघ और नयी पीढ़ी के सम्बन्ध को समझना आवश्यक हो जाता है। हाल ही में मुंबई में 06 अगस्त को सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का युवाओं के साथ संवाद इसी वास्तविकता का सहज उदाहरण बन कर सामने आया।

**सौ** वर्ष पूरे कर चुका कोई संगठन सामान्यतः अपनी आयु के भार से पहचाना जाता है। उसके इतिहास की चर्चा उसके वर्तमान से अधिक होती है और उसकी स्मृतियाँ उसके भविष्य पर हावी होने लगती हैं। लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संदर्भ में स्थिति कुछ अलग दिखाई देती है। संघ की शताब्दी का सबसे उल्लेखनीय पक्ष उसका अतीत नहीं बल्कि उसकी युवा होती वर्तमान चेतना है। आज यदि संघ की किसी शाखा में जाएँ तो वहाँ उसकी शताब्दी का भार नहीं, बल्कि सोलह वर्ष की ऊर्जा दिखाई देती है। यही वह बिंदु है जहाँ संघ और नई पीढ़ी के संबंध को समझना आवश्यक हो जाता है।

हाल ही में मुंबई में 6 अगस्त को सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का युवाओं के साथ संवाद इसी वास्तविकता का सहज उदाहरण बनकर सामने आया। Gen-Z की भाषा और अभिव्यक्ति के एक लोकप्रिय संकेत को उन्होंने स्वयं अपनाया और मुस्कराकर कहा–'आज मैंने आपसे एक नई अभिव्यक्ति सीखी।'

यह छोटा-सा प्रसंग केवल सोशल मीडिया पर वायरल हुआ कोई मनोरंजक दृश्य नहीं था। इसके पीछे एक गहरा सामाजिक और संगठनात्मक संदेश छिपा था-पीढ़ियों के बीच संवाद तभी संभव है, जब दोनों पक्ष एक-दूसरे से सीखने को तैयार हों।

आज Gen-Z और Gen-Alpha को लेकर दुनिया भर में चर्चा है। यह ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल तकनीक के साथ बड़ी हुई है, जिसकी भाषा पिछली पीढ़ियों से अलग है, जिसके प्रश्न अलग हैं और जिसकी सामाजिक संवेदनाएँ भी बदल रही हैं। इसलिए स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि एक शताब्दी पुराने संगठन का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति इस पीढ़ी से इतनी सहजता से कैसे संवाद स्थापित कर पाता है? इसका उत्तर किसी संचार-तकनीक में नहीं बल्कि संघ की मूल संगठनात्मक संस्कृति में छिपा है।

संघ को समझने के लिए उसके इतिहास के प्रारंभिक क्षणों को याद करना होगा। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने जब कुछ बालकों को साथ लेकर संगठनात्मक कार्य का प्रारंभ किया, तब उनके पास न कोई विशाल संस्थागत ढाँचा था, न संसाधनों की प्रचुरता और न ही किसी स्थापित शक्ति का संरक्षण। उनके पास था-युवा मन, संगठन का संस्कार और राष्ट्र के प्रति समर्पण। शुरूआत में संघ को 'बच्चों का खेल' कहा गया। उसे 'बॉयज क्लब' कहकर उसकी उपेक्षा की गई। लेकिन इतिहास की विडंबना देखिए कि जिस संगठन को कभी बच्चों का खेल समझा गया, उसी ने आगे चलकर देश के सामाजिक जीवन के अनेक क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतिबंध आए। आपातकाल आया। युद्ध और प्राकृतिक आपदाएँ आईं। अनेक स्वयंसेवकों को कठिनाइयों और यातनाओं का सामना करना पड़ा। हर संकट में एक पीढ़ी ने दूसरी पीढ़ी को पीछे छोड़ते हुए दायित्व संभाला। संघ का इतिहास वास्तव में पीढ़ियों के हस्तांतरण का इतिहास है। यही उसकी सबसे बड़ी संगठनात्मक शक्ति है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## 'विकसित भारत-जी राम जी योजना' को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण आयोजित

# योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** विभागीय निर्देश के आलोक में विकसित भारत-जी राम जी योजना के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला सह प्रखंडस्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त, गुमला अनिमेष रंजन ने किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक जानकारी का सही हस्तांतरण अत्यंत आवश्यक है। प्रखंडस्तरीय मास्टर ट्रेनर अपने-अपने प्रखंडों में संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षित करते हुए योजना के उद्देश्यों एवं प्रावधानों को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रखंडों के बीपीओ, एई, जेई, कंप्यूटर असिस्टेंट सहित संबंधित कर्मियों ने प्रखंडस्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में भाग लिया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर इरफान आरिफ, सहायक परियोजना पदाधिकारी, दिवाकर केशरी, सहायक अभियंता एवं अजीत, प्रदान के द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विकसित भारतझजी राम जी योजना के विभिन्न प्रावधानों, कार्यप्रणाली, तकनीकी पहलुओं, अभिलेख संधारण तथा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही योजना को जमीनी स्तर पर पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षित एवं दक्ष मानव संसाधन तैयार करना है, ताकि योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता, गति एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त जानकारी को संबंधित प्रखंडों में आगे साझा करते हुए योजना के बेहतर एवं प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में कार्य किया जाएगा।

## पुरानी रेललाइन योजना बहाल करने की मांग संघर्ष समिति ने राज्यसभा सांसद को सौंपा ज्ञापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** बरवाडीह-चिरिमिरी-अंबिकापुर रेललाइन निर्माण संघर्ष समिति ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की प्रस्तावित नयी रेललाइन योजना में बदलाव की मांग को लेकर राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम को ज्ञापन सौंपा है। समिति ने बरवाडीह से बिंदा और तेवाली होते हुए रामानुजगंज तक प्रस्तावित नई रेललाइन के बजाय बरवाडीह-भंडरिया-बालरामपुर होते हुए अंबिकापुर तक पुरानी रेललाइन योजना को फिर से लागू करने की मांग की है।समिति ने बताया कि 26 मई 2026 को भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में गढ़वा रोड जंक्शन से रामानुजगंज होते हुए अंबिकापुर तक नयी रेललाइन तथा बरवाडीह से बिंदा-तेवाली होकर रामानुजगंज तक दूसरी रेललाइन का प्रस्ताव शामिल है। समिति का कहना है कि बरवाडीह, भंडरिया और बलरामपुर क्षेत्र की जनता लम्बे समय से पुरानी रेललाइन योजना को बहाल करने की मांग कर रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि ब्रिटिश शासनकाल में इस रेलमार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण किया जा चुका था। कई स्थानों पर पुल-पुलिया और कोयल तथा कन्हर जैसी नदियों पर पुराने रेलवे पुलों के अवशेष आज भी मौजूद हैं। ऐसे में इसी मार्ग पर रेललाइन निर्माण करने से नए भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और रेलवे का खर्च भी कम होगा।समिति का कहना है कि नई रेललाइन के लिए भूमि अधिग्रहण करने पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और सामाजिक व प्रशासनिक स्तर पर भी कई चुनौतियां सामने आएंगी। समिति ने यह भी कहा कि यह पूरा इलाका अनुसूचित क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में आदिवासी आबादी रहती है। पुरानी रेललाइन के निर्माण से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यापार के अवसर बढ़ेंगे तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष आनंद कुमार सोनी, सचिव जयप्रकाश मिंज, कोषाध्यक्ष मनोज राम सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

## एक झलक

### चंदवा में वाहन जांच अभियान, 35 वाहनों से 63,500 रुपये का ई-चालान

**लातेहार :** स्वतंत्रता दिवस को लेकर जिले में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। उपायुक्त संदीप कुमार के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग की टीम ने बुधवार को चंदवा थाना क्षेत्र में दोपहिया वाहनों की जांच के लिए अभियान चलाया। जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल के नेतृत्व में चलाए गए जांच अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों के कागजात, सुरक्षा मानकों और यातायात नियमों के पालन की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जांच के दौरान कुल 35 वाहनों से 63,500 रुपये का ई-चालान काटा गया।अधिकारियों ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया। उन्हें यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने और लापरवाही से बचने की सलाह दी गई। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया कि सड़क पर सुरक्षित आवागमन के लिए नियमों का पालन करना प्रत्येक वाहन चालक की जिम्मेदारी है।स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर जिले के विभिन्न इलाकों में यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रशासन का प्रयास है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई के साथ-साथ आम लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए। अधिकारियों के अनुसार, आने वाले दिनों में भी वाहन जांच अभियान जारी रहेगा।

### जनगणना हस्तपुस्तिका के लिए कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**लातेहार :** भारत की जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत जिला जनगणना हस्तपुस्तिका तैयार करने को लेकर शुक्रवार को विकास भवन स्थित उप विकास आयुक्त सभागार में क्षेत्रीय कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त संदीप कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जनगणना देश की सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय स्थिति की तस्वीर सामने रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे में जनगणना से जुड़े आंकड़ों का सही और विश्वसनीय होना जरूरी है। उन्होंने क्षेत्रीय कर्मियों से प्रशिक्षण में बताई गई प्रक्रियाओं और दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक समझने तथा क्षेत्र में उसी के अनुरूप काम करने को कहा। उन्होंने आंकड़ों के संकलन और सत्यापन में सावधानी बरतने, निष्पक्षता बनाए रखने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही से बचने की बात कही। प्रशिक्षकों ने कर्मियों को आवश्यक सूचनाएं जुटाने, उपलब्ध अभिलेखों का मिलान एवं सत्यापन करने तथा निर्धारित प्रपत्रों में जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई। क्षेत्र भ्रमण के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं और उनके व्यावहारिक समाधान पर भी चर्चा की गयी। प्रशिक्षण में लातेहार व चंदवा क्षेत्र तथा नगर पंचायत लातेहार के जनसेवक, राजस्व उप निरीक्षक और पंचायत सचिव शामिल हुए। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी ओमेंद्र कुमार सिंह, बीडीओ मनोज कुमार तिवारी सहित संबंधित पदाधिकारी और जनगणना कार्य निदेशालय, रांची के प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का नशा मुक्ति महाअभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की धर्मपुर (गिजनियाटांड़) शाखा के तत्वावधान में बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय, करकट में नशा मुक्त भारत प्रतिज्ञा महाअभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय कर्मियों ने नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाखा संचालिका बीके अमरमणी ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय देशभर में 10 करोड़ लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाने का अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। इससे दूर रहकर ही स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण किया जा सकता है।उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। बीके अमरमणी ने बताया कि राजयोग ध्यान नशे की लत से मुक्ति दिलाने का प्रभावी माध्यम है, जो मानसिक शक्ति बढ़ाने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने में सहायक साबित होता है।

## केजी बालिका उच्च विद्यालय की 34 छात्राओं को मिली साइकिल

# यह विकास का पहिया : उपायुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर के केजी बालिका उच्च विद्यालय में बुधवार को कल्याण विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कक्षा आठ में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग की कुल 34 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। इस मौके पर उपायुक्त ने छात्राओं को साइकिल मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्राएं विद्यालय आती हैं। साइकिल मिलने से उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और उनकी शिक्षा की राह आसान बनेगी। उन्होंने कहा कि साइकिल केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि विकास का पहिया है। इससे छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने और आगे की पढ़ाई जारी रखने में मदद मिलेगी। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में पौधरोपण भी किया। उपायुक्त ने छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए सरकार की ओर से संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी और इसका लाभ उठाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से छात्राएं अपने सपनों को साकार करने के साथ परिवार और समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

## बरवाडीह में जल्द शुरू होगी अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा, अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** बरवाडीह और आसपास के लोगों को जल्द ही अल्ट्रासाउंड जांच के लिए डालटनगंज नहीं जाना पड़ेगा। प्रखंड मुख्यालय स्थित बिरसा सेवा सदन निजी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा शुरू करने की तैयारी तेज हो गई है। इसी क्रम में बुधवार को अधिकारियों की टीम ने अस्पताल का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान बरवाडीह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, लातेहार सदर अस्पताल के डॉ. श्रवण महतो, बरवाडीह चिकित्सा प्रभारी डॉ. अनुपमा एक्का तथा जिला डीपीएमयू समन्वयक आलोक कुमार मौजूद रहे। टीम ने अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित करने के लिए प्रस्तावित कक्ष, मरीजों के लिए प्रतीक्षा कक्ष और अन्य बुनियादी सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।डॉ. श्रवण महतो ने बताया कि अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार 10.12 फीट का जांच कक्ष, 10.16 फीट का प्रतीक्षा कक्ष तथा महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय होना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध पाई गईं। अधिकारियों ने अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद बरवाडीह में जल्द ही अल्ट्रासाउंड जांच सेवा शुरू हो जाएगी।यह सुविधा शुरू होने से बरवाडीह सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

## गुमला की बाल लेखिका आरोही खंडेलवाल को अमेरिका की सीडरब्रुक यूनिवर्सिटी से मानद डॉक्टरेट



**एजेंसी**

**गुमला :** गुमला की प्रतिभाशाली बाल लेखिका एवं कला-संस्कृति के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही आरोही खंडेलवाल को अमेरिका की सीडरब्रुक यूनिवर्सिटी (यूएसए) द्वारा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए आरोही को झारखंड के माननीय राज्यपाल द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने आरोही को मानद डॉक्टरेट का प्रमाण-पत्र एवं मेडल अपने हाथों से प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने आरोही की प्रतिभा, उपलब्धियों तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उसके योगदान की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कम उम्र में लेखन, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली आरोही की इस उपलब्धि को झारखंड के लिए भी गौरव का विषय माना जा रहा है। अमेरिका की यूनिवर्सिटी से कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में मानद डॉक्टरेट प्राप्त करना और इसके बाद राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाना आरोही की उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। आरोही के माता-पिता ने इस सम्मान के लिए विश्वविद्यालय एवं माननीय राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान आरोही को कला, संस्कृति एवं साहित्य के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

## बालूमाथ से शिशु रोग विशेषज्ञ की प्रतिनियुक्ति पर बवाल, अनीता देवी ने दी चक्का जाम की चेतावनी

**लातेहार :** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में कार्यरत शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय लकड़ा की अन्यत्र प्रतिनियुक्ति किए जाने के निर्णय का विरोध तेज हो गया है। जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने इस फैसले को जनहित के खिलाफ बताते हुए इसे तत्काल रद्द करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सिविल सर्जन से बातचीत कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई गई है। अनीता देवी ने कहा कि जिले के किसी भी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी दूर करना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन इसके लिए बालूमाथ से पहले से सेवाएं दे रहे विशेषज्ञ डॉक्टर को हटाना उचित नहीं है। उनका कहना है कि जिन क्षेत्रों में डॉक्टरों की जरूरत है, वहां जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से नए चिकित्सकों की नियुक्ति या प्रतिनियुक्ति की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बालूमाथ क्षेत्र सरकार को कोयला रॉयल्टी के रूप में करोड़ों रुपये का राजस्व देता है। इसके बावजूद यहां के लोग धूल, खराब सड़कों और सीमित स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

## जेपीएसएस बालूमाथ इकाई का पुनर्गठन, रमेश कुमार मिश्रा बने अध्यक्ष और राजेश यादव सचिव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ (जेपीएसएस) की बालूमाथ प्रखंड इकाई के पुनर्गठन को लेकर बुनियादी मध्य विद्यालय परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संजय कुमार पासवान ने की। इसमें संगठन के जिला और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से नई प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। रमेश कुमार मिश्रा को प्रखंड अध्यक्ष और राजेश यादव को प्रखंड सचिव चुना गया। इसके अलावा सुशील कुमार यादव को संरक्षक, संध्या कुमारी, दिनेश चंद्र शर्मा और सुरेंद्र प्रसाद साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया। रविंद्र कुमार पाठक को कोषाध्यक्ष, रामलाल उरांव को संयुक्त सचिव, विजय प्रकाश गुप्ता को संगठन सचिव, संजू सिन्हा को प्रखंड समन्वयक, संजय कुमार पासवान को प्रवक्ता, मो. जमालुद्दीन अंसारी को मीडिया प्रभारी, आलोक कुमार को आईटी सेल प्रभारी, अमृत प्रकाश को कार्यालय सचिव तथा सीमा कुमारी को महिला प्रकोष्ठ प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की दिशा में संगठन और मजबूत होगा।इस दौरान शिक्षकों ने हर महीने वेतन भुगतान में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। प्रदेश संयुक्त सचिव जगतमणि वैद्य ने कहा कि सरकार के निर्देश के अनुसार प्रत्येक माह की पहली तारीख तक शिक्षकों का वेतन मिल जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। उन्होंने इसे विभाग और डीडीओ की लापरवाही बताते हुए कहा कि संगठन जल्द ही इस मुद्दे को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात करेगा। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राकेश कुमार सिंह ने कहा कि जेपीएसएस शुरू से ही शिक्षक हितों की लड़ाई लड़ता रहा है। जिला सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने संगठन की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि शिक्षकों की सभी समस्याओं का समाधान सामूहिक प्रयास से संभव है।

## खाद की कालाबाजारी पर रोक नहीं लगी तो होगा किसान आन्दोलन : अनीता देवी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में यूरिया और अन्य रासायनिक खाद की कथित कालाबाजारी को लेकर जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने जिला प्रशासन और कृषि विभाग पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को सरकारी दर पर खाद उपलब्ध नहीं हो रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी से फोन पर बात कर स्थिति से अवगत कराया और तत्काल कार्रवाई की मांग की।अनीता देवी ने बताया कि यूरिया की सरकारी कीमत 267 रुपये प्रति बोरी निर्धारित है, लेकिन जिले के कई खुदरा विक्रेता इसे 400 से 450 रुपये तक में बेच रहे हैं। उनका कहना है कि जब दुकानदारों से अधिक कीमत का कारण पूछा जाता है तो वे थोक व्यापारियों से महंगे दाम पर खाद मिलने की बात कहते हैं। ऐसे में इसका सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि केवल बैठकों और कागजी टास्क फोर्स के भरोसे कालाबाजारी पर रोक नहीं लगाई जा सकती। अधिकारियों को स्वयं बाजार में उतरकर खाद दुकानों का औचक निरीक्षण करना चाहिए और यह देखना चाहिए कि किसानों से किस तरह अधिक कीमत वसूली जा रही है। दोषी पाए जाने वाले थोक और खुदरा विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## थाना दिवस पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

# कई मामलों का तत्काल निपटारा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर बुधवार को सदर थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एसडीपीओ संदीप कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान सदर थाना प्रभारी अशोक कुमार पासवान और अंचलाधिकारी नंद कुमार राम भी मौजूद रहे। थाना दिवस में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर पहुंचे। अधिकारियों ने एक-एक कर सभी फरियादियों की बातें ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित मामलों की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। भूमि विवाद, आपसी विवाद, राजस्व संबंधी मामलों समेत विभिन्न शिकायतों पर गंभीरता से सुनवाई की गई। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव था, उनका मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जबकि अन्य मामलों को नियमानुसार जांच और कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया। एसडीपीओ संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि थाना दिवस का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने ग्रामीणों से किसी भी विवाद या समस्या को कानून के दायरे में रहकर प्रशासन के समक्ष रखने की अपील की। वहीं, अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने बताया कि राजस्व और भूमि से जुड़े मामलों का भी प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाएगा। थाना प्रभारी अशोक कुमार पासवान ने कहा कि पुलिस और प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

## सीआरपीएफ और केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने गाया राष्ट्रीय गीत, गूंजा देशभक्ति का स्वर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को 11वीं बटालियन सीआरपीएफ की ओर से केंद्रीय विद्यालय, लातेहार परिसर में सामूहिक राष्ट्रीय गीत गायन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के अधिकारियों, जवानों और विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक साथ राष्ट्रीय गीत गाकर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। यह आयोजन गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश के तहत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व 11वीं बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट रवि कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम' की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश की आजादी के आंदोलन की प्रेरक शक्ति रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गीत आज भी हर भारतीय के मन में राष्ट्रप्रेम, समर्पण और एकता की भावना जगाता है तथा नयी पीढ़ी को देश के विकास और प्रगति में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। समारोह के दौरान विद्यालय का वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। विद्यार्थियों और सीआरपीएफ के जवानों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया।

## ग्रिजली विद्यालय में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस पर ज्ञान पठन और रचनात्मकता का उत्सव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में 12 अगस्त को राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पुस्तकों के प्रति रुचि विकसित करना, नियमित पठन की आदत को प्रोत्साहित करना तथा पुस्तकालय को ज्ञान, रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास के केंद्र के रूप में स्थापित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अंजना कुमारी द्वारा भारत में पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एस. आर. रंगनाथन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की पुस्तकालयाध्यक्ष नंदिनी कपूर ने स्वागत संबोधन के माध्यम से विद्यार्थियों को पुस्तकों से मित्रता करने तथा नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा एक आकर्षक भूमिका-निवर्तन (रोल प्ले) प्रस्तुत किया गया, जिसमें विभिन्न पुस्तकालय संसाधनों को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गया। छात्र मन्यु अग्रवाल ने शब्दकोश, छात्र अवनीश कुमार ने जीवनी, छात्रा एंजेल ने समाचार पत्र तथा छात्रा तुष्टि मोदी ने कहानी की पुस्तक की भूमिका निभाकर सभी का मन मोह लिया। छात्रा चार्वी त्रिवेदी ने 'हमारे जीवन में पुस्तकालय का महत्व' विषय पर प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने पुस्तकालय को ज्ञान, संस्कार, रचनात्मकता एवं व्यक्तित्व विकास का केंद्र बताते हुए विद्यार्थियों से नियमित पठन की आदत अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए पाँच चरणों वाला रोचक एवं ज्ञानवर्धक खेल आयोजित किया गया। कागज की पर्चियों पर लिखे प्रश्नों के उत्तर देकर विद्यार्थियों ने अपनी ज्ञानवर्धक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस गतिविधि ने कार्यक्रम में उत्साह एवं जिज्ञासा का वातावरण बनाए रखा। इसके उपरांत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के सर्वश्रेष्ठ पुस्तकालय उपयोगकर्ता पुरस्कार प्रदान किए गए। नियमित पुस्तकालय उपयोग, अनुशासन एवं अध्ययन के प्रति समर्पण के लिए तनिषा नस्कर, आर्यन विश्वकर्मा एवं ससांगलिपि सोरेन को सम्मानित किया गया। पुरस्कार विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अंजना कुमारी द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अंजना कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि पुस्तकालय किसी भी विद्यालय का बौद्धिक केंद्र होता है। विद्यार्थियों में नियमित पठन की आदत विकसित करना उनके शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनकी कल्पनाशक्ति, रचनात्मक सोच, भाषा कौशल एवं व्यक्तित्व निर्माण के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से डिजिटल माध्यमों के संतुलित उपयोग के साथ पुस्तकों को अपना सच्चा मित्र बनाने का आह्वान किया तथा कहा कि अच्छी पुस्तकें जीवन में सही दिशा, ज्ञान एवं प्रेरणा प्रदान करती हैं। कार्यक्रम के अंत में बिट्टू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन छात्रा ससांगलिपि सोरेन एवं छात्रा विदुषी ने किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नियमित पठन-पाठन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## बोल बम के जयघोष से गूंजा 51 किमी का रास्ता लोध से सरना धाम तक निकली कांवड़ यात्रा



**महुआडांड़ (लातेहार) :** सावन की भक्ति में बुधवार को महुआडांड़ से गारू तक का इलाका शिवमय हो गया। लोध जलप्रपात से हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र जल उठाया और 51 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा पर निकल पड़े। रास्तेभर बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा।लोध जलप्रपात पर सुबह से ही कांवड़ियों की भीड़ जुटने लगी थी। श्रद्धालुओं ने स्थानीय ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार के बीच जल भरा। पूजा-अर्चना के बाद कांवड़ लेकर यात्रा शुरू हुई। इसमें युवाओं के साथ महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल रहे। कई श्रद्धालु समूह बनाकर पैदल आगे बढ़ते रहे।लंबी यात्रा को देखते हुए विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों और समाजसेवियों ने सेवा शिविर लगाए। कहीं पानी और शीतल पेय की व्यवस्था थी तो कहीं फल और भोजन बांटे गए। श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए इन शिविरों में दिनभर सेवा का सिलसिला चलता रहा। कांवड़िये जब गारू प्रखंड के सरना धाम पहुंचे तो वहां पूजा-अर्चना की गई। लोध जलप्रपात से लाए गए जल से भगवान शिव का जलाभिषेक कर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मानस्मानी दीप संस्थान की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। आरपीएस विद्यालय के छोटे बच्चों ने भी सेवा में भाग लिया और कांवड़ियों के बीच खीर व शीतल पेय वितरित किया।

## एक झलक

### स्कॉर्पियो ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत

**बाघमारा (धनबाद) :** कतरास थाना क्षेत्र के लिलोरी स्थान शाखाटांड़ रेलवे फाटक के समीप बुधवार को तेज रफ्तार और अनियंत्रित स्कॉर्पियो की चपेट में आने से साइकिल सवार पेपर हॉकर आनंद महतो (48) की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल आनंद को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक ढांगी बस्ती (फूलवार) के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार, आनंद महतो रोज की तरह अखबार बांटने के बाद करीब ढाई बजे साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान शाखाटांड़ रेलवे फाटक के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद वाहन उन्हें कई मीटर तक घसीटते हुए ले गया। हादसा इतना भीषण था कि आनंद का चेहरा बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ढांगी बस्ती के 300 से अधिक ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एनएच-32 को जाम कर दिया। सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर बाघमारा अंचल अधिकारी गिरजानंद किस्कू और कतरास थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने तथा दुर्घटना के जिम्मेदार वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया। आनंद महतो अपने पीछे दो नाबालिग बेटों को छोड़ गए हैं। बताया जाता है कि कुछ समय पूर्व उनके बड़े भाई की भी कतरास थाना क्षेत्र के कांको मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी। एक ही परिवार में दोबारा सड़क हादसे में मौत से ढांगी बस्ती में शोक की लहर है।

### पता पूछने के बहाने महिला से चेन की छिनतई

**गिरिडीह :** जिले के बगोदर थाना इलाके में महिला के गले से सोने की चेन छिनतई की घटना सामने आई है। चेन की कीमत एक लाख से अधिक बतायी गयी है। बताया गया कि बुधवार को बगोदर-माहुरी बायपास के पास पति के संग मंदिर में पूजा करके वापस लौटकर अपने घर के बाहर खड़ी थी। इस दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने निशाना बनाया। अपराधियों ने पहले महिला से पता पूछने के बहाने बातचीत शुरू की और मौका मिलते ही उसके गले से सोने की चेन झपटकर बाइक से फरार हो गए। इस बाबत महिला सुनिता देवी ने कहा कि घर के बाहर खड़ी थी। तभी बाइक पर सवार दो युवक उसके पास पहुंचे और बगोदर जाने पता पूछने लगे। बातचीत के दौरान महिला का ध्यान भटकते ही अपराधियों ने उसके गले से सोने की चेन झपट ली। इसके बाद दोनों तेज रफ्तार में बाइक लेकर मौके से फरार हो गये।

## उपायुक्त ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त, गुमला दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन की विशेष उपस्थिति रही। इस दौरान जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति, पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन तथा स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मातृत्व स्वास्थ्य के तहत ए एन सी जांच एवं संस्थागत प्रसव की प्रखंडवार स्थिति की समीक्षा की गई। कामडारा क्षेत्र में प्रथम तिमाही में ए एन सी जांच एवं संस्थागत प्रसव में पिछले माह की तुलना में कमी पर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। एनीमिया मुक्त अभियान की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिले में विशेष कैंप आयोजित कर गर्भवती महिलाओं एवं जरूरतमंद लाभार्थियों की जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मातृत्व मृत्यु के मामलों में एनीमिया को एक प्रमुख कारण के रूप में चिह्नित किए जाने के मद्देनजर एनीमिया की समय पर पहचान एवं उपचार को प्राथमिकता देने को कहा गया। SAM बच्चों एवं MTC की समीक्षा के क्रम में कुपोषण उपचार केंद्रों में बच्चों की भर्ती एवं उपचार की स्थिति पर चर्चा की गई। टळउ में अधिक से अधिक अति कुपोषित बच्चों को उपचार उपलब्ध कराने के लिए व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा संबंधित परिवारों से सीधा संपर्क स्थापित कर बच्चों को एम टी सी तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। एम टी सी की बेड ऑक्यूपेंसी में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर इसके कारणों की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा रोपाई के समय कृषि कार्यों में व्यस्तता के कारण बच्चों को एम टी सी में भर्ती कराने में कमी की जानकारी दी गई, जिस पर उप विकास आयुक्त ने संबंधित क्षेत्रों में प्रभावी काउंसलिंग एवं जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, कुष्ठ रोग नियंत्रण, मलेरिया एवं फाइलेरिया नियंत्रण, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, गैर-संचारी रोगों एन सी डी की स्क्रीनिंग,पी सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का निर्देश दिया।

## एक साल से बन कर तैयार कॉमन शौचालय हैंडओवर नहीं होने से विद्यार्थियों को परेशानी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर :** प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर परिसर में शिक्षा विभाग के तहत करीब 12 लाख रुपये की लागत से निर्मित कॉमन शौचालय पिछले एक वर्ष से बनकर तैयार है। इसके बावजूद अब तक विद्यालय प्रबंधन को शौचालय हैंडओवर नहीं किए जाने से विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या अधिक होने के कारण उपलब्ध शौचालयों पर अतिरिक्त दबाव बना रहता है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, नया कॉमन शौचालय तैयार होने के बावजूद उसके उपयोग की अनुमति नहीं मिलने से विद्यार्थियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। खासकर छात्राओं को पर्याप्त शौचालय सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण असुविधा का सामना करना पड़ता है। विद्यालय परिसर में लाखों रुपये की लागत से भवन तैयार होने के बाद भी उसका उपयोग नहीं हो पाना विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है। शौचालय को विद्यालय प्रबंधन को हैंडओवर नहीं किए जाने के संबंध में जब संवेदक से जानकारी ली गई तो उन्होंने विभागीय पेच का हवाला देते हुए कहा कि इसी कारण शौचालय हस्तांतरित नहीं किया जा सका है। वहीं, संवेदक द्वारा विद्यालय प्रबंधन को शौचालय का ताला तोड़कर उपयोग करने की नसीहत दिए जाने की बात भी सामने आई है। इससे विद्यालय प्रबंधन असमंजस में है कि विभागीय प्रक्रिया पूरी हुए बिना ताला तोड़कर शौचालय का उपयोग किया जाए या नहीं। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का कहना है कि निर्माण कार्य पूरा हुए करीब एक वर्ष बीत चुका है। ऐसे में विभाग को आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर शौचालय को विद्यालय प्रबंधन के हवाले कर देना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के लिए स्वच्छ एवं पर्याप्त शौचालय सुविधा जरूरी है। स्थानीय लोगों ने शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारियों से मामले में शीघ्र पहल करते हुए शौचालय को विद्यालय प्रबंधन को हैंडओवर कराने की मांग की है, ताकि लाखों रुपये की लागत से निर्मित सुविधा का उपयोग हो सके और विद्यार्थियों को बेहतर

## मारवाड़ी युवा मंच ने मनाया 'जीवन दाता वंदन उत्सव', भावुक हुए माता-पिता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** स्थानीय मारवाड़ी युवा मंच, झुमरीतिलैया शाखा द्वारा शहर में एक अत्यंत भावपूर्ण और प्रेरणादायक कार्यक्रम 'मातृ-पितृ चरण वंदनः जीवन दाता वंदन उत्सवश्' का सफल आयोजन किया गया। इस अनूठे आयोजन के तहत मंच के सदस्यों ने घर-घर जाकर अपने माता-पिता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट की। घर-घर गूंजा सेवा का संकल्प कार्यक्रम के दौरान मंच के पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक-दूसरे के घर दस्तक दी। सदस्यों ने पूरी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ अपने पूजनीय माता-पिता के चरणों को धोकर (चरण प्रक्षालन) उनका आशीर्वाद लिया। इस भावुक पल को हमेशा के लिए जीवंत रखने के लिए माता-पिता के हाथों की छाप को मंच द्वारा दिए गए विशेष कागज पर सहेज कर रखा गया। कार्यक्रम की सफलता पर बात करते हुए मंच के अध्यक्ष मोहित संघई ने कहा, 'आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अक्सर उन माता-पिता को समय नहीं दे पाते, जिन्होंने हमें यह जीवन दिया है। हमें यह समझने की जरूरत है कि यदि हम अपने घर को ही तीरथ बना लें, तो बाहर जाने की कोई जरूरत ही नहीं है। अगर हर बच्चा घर में ही माता-पिता की निश्छल सेवा करने का संकल्प ले ले, तो समाज से वृद्धाश्रम का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। वहीं, मंच के सचिव अतुल खेतान और कोषाध्यक्ष महावीर खेतान ने संयुक्त रूप से कहा, इस घर-घर जाकर किए गए आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को माता-पिता के त्याग और अटूट समर्पण का अहसास कराना है। हम चाहते हैं कि आज के बच्चे अपने माता-पिता की भावनाओं को गहराई से समझें और उन्हें वही निश्छल प्रेम व सम्मान दें, जिसके वे हकदार हैं।श्नई पीढ़ी को दी प्रेरणा इस आयोजन की पूरे समाज में सराहना हो रही है।

## नदी से अज्ञात शव बरामद जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम :** एमजीएम थाना क्षेत्र के मानगो स्थित गाजाडीह में बुधवार सुबह सुवर्णरेखा नदी में अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। नदी किनारे मौजूद स्थानीय लोगों की नजर पानी में पड़े शव पर पड़ी, जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकालने की कार्रवाई शुरू की। शव की स्थिति काफी खराब बताई जा रही है और फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है। शव का सिर नहीं मिलने के कारण घटना को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि शव किसी महिला का हो सकता है। हालांकि, पुलिस की ओर से अभी तक शव के महिला या पुरुष होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शव काफी पुराना प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि करीब दस से पंद्रह दिन पहले किसी स्थान पर हुई मौत के बाद शव नदी के बहाव में बहकर गाजाडीह तक पहुंचा होगा। हालांकि, शव कितने दिनों पुराना है, इसकी वास्तविक जानकारी पोस्टमार्टम और चिकित्सकीय जांच के बाद ही सामने आ सकेगी। शव का सिर नहीं मिलने के कारण यह भी आशंका जताई जा रही है कि कहीं यह हत्या के बाद शव को नदी में फेंकने का मामला तो नहीं है।

## युवा दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

# युवा सशक्त, तो भारत होगा सशक्त : गौतम




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में बुधवार को गडगी, तेतरान और मधवाटाड पंचायत भवन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि अगर देश के युवा सशक्त होंगे तो भारत सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि यदि युवा शिक्षित और संस्कारी होंगे तो घर समाज एवं देश सशक्त होगा। उन्होंने युवाओं एवं नाबालिक को नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभावों तथा इसे संबंधित कानून की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे के कारण अपराध बढ़ती है, घर टूटता है । इससे बचने की जरूरत है। नशा आज समाज की सबसे बड़ी सामाजिक बुराइयों में से एक बन चुका है। उन्होंने बताया कि नशे के कारण अपराध, घरेलू हिंसा, सड़क दुर्घटनाएं और आर्थिक तंगी बढ़ रही है। विशेष रूप से युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंता का विषय है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है। निविदा निर्धारित तारीख को दोपहर 12:00 बजे बंद कर दी जाएगी। **ई-निविदा सूचना संख्या:** डीसीई-सीओएन-आरएनसी-एसईआर-03-2026। **कार्यों का संक्षिप्त विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के उप मुख्य अभियंता/निर्माण, रांची के अधिकार क्षेत्र के अधीन दक्षिण पूर्व रेलवे की हटिया-बंडामुंडा दोहरीकरण परियोजना के लिए हटिया यार्ड चरण-II के रिमॉडलिंग कार्य के सम्बन्ध में अतिरिक्त कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 3.57 करोड़। **बोली प्रतिभूति:** रु. 7,13,100। **पूरा करने की अवधि:** 04 महीने। **बंद होने की तारीख:** 03.09.2026। निविदा के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/ स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस मद के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-601)

## जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर जिला जनगणना हस्तपुस्तिका कार्य का प्रशिक्षण शुरू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** जनगणना-2027 के कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिला जनगणना हस्तपुस्तिका तैयार करने के लिए नामित क्षेत्र कर्मियों एवं चार्ज पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 अगस्त से 14 अगस्त 2026 तक तीन बैचों में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन उपायुक्त श्री रवि आनंद के निर्देशानुसार समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में नामित चार्ज पदाधिकारियों एवं संबंधित क्षेत्र कर्मियों को जिला जनगणना हस्तपुस्तिका से संबंधित कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप त्रुटिरहित एवं समयबद्ध तरीके से संपादित करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अपर समाहर्ता-सह-जिला जनगणना पदाधिकारी श्री अरविंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। जनगणना कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची से आए मास्टर ट्रेनरों द्वारा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जिला जनगणना हस्तपुस्तिका से जुड़े विभिन्न कार्यों एवं प्रक्रियाओं के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान कार्य की प्रकृति, निर्धारित मानकों, प्रक्रियाओं एवं समय-सीमा के अनुरूप कार्य संपादन से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई, ताकि जिला जनगणना हस्तपुस्तिका से संबंधित कार्य को सटीक, त्रुटिरहित एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जा सके।

## चतरा में 14.93 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** चतरा सदर थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री के खिलाफ चतरा सदर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से कुल 14.93 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद किया है। मामले में सदर थाना कांड संख्या 336/2026 दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार 11 अगस्त 2026 की शाम करीब सात बजे पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि जितनी मोड़ से आगे बहेड़ा टांड़ के खाली मैदान में रात करीब 8:30 से 9 बजे के बीच दो-तीन लोग ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने वाले हैं। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अंचलाधिकारी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने बहेड़ा टांड़ स्थित खाली मैदान के आसपास छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद राजा उर्फ तालीम (28 वर्ष), पिता मोहम्मद सलीम, निवासी कुंजरटोली, सदर थाना क्षेत्र, चतरा और आदित्य कुमार यादव (22 वर्ष), पिता लोकेश्वर यादव, निवासी असढ़ीया, सदर थाना क्षेत्र, चतरा के रूप में हुई है।

**समाहरणालय, लोहरदगा**
**(समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A.)) – 2nd Floor, Block - B**
**Email id- dwo.lohardaga@gmail.com, meso.lohardaga@gmail.com**

**सूचना**

निविदा संख्या 03/2026–27 PR385845 Lohardaga(2026-27)#D द्वारा लोहरदगा जिलान्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2026–27 खाद्य–अखाद्य सामग्रीयों की आपूर्ति करने हेतु दिनांक 11.08.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई थी। दिनांक 11.08.2026 के अपराह्न 3.00 बजे परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष निविदा खोली जानी थी, परन्तु अपरिहार्य कारणों से दिनांक 11.08.2026 (मंगलवार) को निविदा नहीं खोली जायेगी। उक्त निविदा दिनांक 13.08.2026 (गुरूवार) को अपराह्न 3.00 बजे परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी।

ह0/–
परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा

PR 387287 Lohardaga(26-27).D

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने किया कैलाश राय विद्यालय में कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि यह विश्वविद्यालयआत्मिक शांति के लिए समाज में काम करता रहा है। आज हमारा समाज विभिन्न प्रकार की समस्याओं से ग्रस्त हो रहा है। लोगों के पास संपत्ति है सुख के साधन है लेकिन शांति नहीं है। इस माहौल में अपने आप को शांत रखने के लिए अपनी कमजोरी को खुद पहचाना होगा और पहल भी करनी होगी। स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन संभव हो सकेगा। इसके लिए शांति, पवित्रता और नैतिक मूल्यों को जगाना होगा जिससे समाज का आध्यात्मिक विकास संभव हो सकेगा। इनका मानना है कि शरीर नाशवान है और वह अंदर एक अमर आत्मा है जिसका परमपिता परमात्मा से संबंध है। समाज से बुराइयों का अंत कर भाईचारा को बढ़ाना और मानवीय गुनों का विकास करना है। आज इस विश्वविद्यालय की बहनों के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यालय की वंदना सभा में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## सिलाई-कढ़ाई व जूट क्राफ्ट लघु उत्पादन इकाई की स्थापना को लेकर हस्तशिल्पकारों के साथ जागरूकता बैठक आयोजित

# महिला हस्तशिल्पकारों को स्वरोजगार व उद्यमिता से जोड़ने पर जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** राजपुर पंचायत सचिवालय में आज सिलाई-कढ़ाई एवं जूट क्राफ्ट लघु उत्पादन इकाई की स्थापना को लेकर हस्तशिल्पकारों के साथ एकदिवसीय जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के 200 से अधिक महिला हस्तशिल्पकारों ने भाग लिया। बैठक के दौरान उद्योग विभाग एवं मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी जिला उद्यमी समन्वयक, चतरा श्री हेमंत केसरी द्वारा दी गई। उन्होंने महिला हस्तशिल्पकारों को स्वरोजगार एवं लघु उद्यम स्थापित करने के लिए उपलब्ध योजनाओं एवं उनके लाभों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान लघु उत्पादन इकाई, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित विभिन्न कला एवं कौशल प्रशिक्षण से संबंधित योजनाओं की जानकारी साझा की गई। हस्तशिल्पकारों को योजनाओं से जुड़कर अपने पारंपरिक कौशल को आय के स्थायी साधन में बदलने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में बताया गया कि क्षेत्र में वर्तमान में कई महिलाएं अपने घरों में सिलाई-कढ़ाई से संबंधित कार्य कर रही हैं। स्थानीय स्तर पर सिलाई-कढ़ाई एवं जूट क्राफ्ट की लघु उत्पादन इकाई स्थापित होने से इन गतिविधियों को संगठित स्वरूप देने, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। इससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलने के साथ रोजगार के अवसर बढ़ने एवं पलायन को कम करने में भी सहयोग मिलेगा। बैठक के दौरान हस्तशिल्पकारों द्वारा योजनाओं एवं लघु उत्पादन इकाई की स्थापना से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई तथा विभिन्न विषयों पर आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया।

**अंचल कार्यालय,अरगोड़ा, राँची**

**आम सूचना**

मौजा–चुटिया, थाना–चुटिया के खाता सं0–129, प्लॉट सं0–986 के संबंध में संजय साहू ने एक नोटरी पब्लिक का शपथ पत्र देते हुए दावा किया है कि उपरोक्त भूमि पर हिस्सेदारों के बीच आपसी बटवारा 22.09.2022 को हो चुका है और तदनुसार उनका हिस्सा 30 डिसमिल होता है। उनके द्वारा निम्नलिखित वंशावली अपने आवेदन के साथ दी गई है:

रामचरण तेली
- घुरू साहु
- रघुनाथ साहु
- लाला साहु
  - चमरू साहु (मृत)
    - रतनी देवी
  - मनी साहु
  - संजय साहु (आवेदक)

अतः चुटिया मौजा के संम्बंधित लोगों को सूचित किया जाता है कि किसी को वंशावली पर आपत्ति हो तो दिनांक–14.08.2026 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दे सकते है। आपत्ति नहीं प्राप्त होने पर संजय साहू का दावा स्वीकार कर लिया जायेगा।

अंचल अधिकारी
अरगोड़ा, राँची

PR 387286 Land Reforms(26-27).D

## जेजे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना, तालाबंदी जारी

# मुख्य गेट पर तालाबंदी से शैक्षणिक-प्रशासनिक कार्य ठप



■ विश्वविद्यालय बदलने से हजारों छात्र होंगे प्रभावित, छात्रों के आन्दोलन को हल्के में न ले सरकार : संजय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** छात्रों के आन्दोलन को हल्के में नही ले हेमंत सरकार, छात्र आंदोलन ने दिल्ली के अहंकारी सरकार को भी झुकाया है।उक्त बातें पूर्व छात्र नेता संजय पासवान ने जेजे कॉलेज में चल रहे अनिश्चितकालीन धरना के समर्थन में छात्रों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जेजे कॉलेज समेत जिलेभर के डिग्री कॉलेज को गिरिडीह से जोड़ना छात्र विरोधी और अव्यवहारिक निर्णय है। सरकार को अविलम्ब निर्णय वापस लेनी चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि छात्रों के आंदोलन को मजबूत बनाने में राजनीतिक भावना से ऊपर उठकर कोडरमा के स्वाभिमान की रक्षा के लिए हर नागरिकों को आगे आने की जरूरत है। धरना को किसान मजदूर नेता असीम सरकार ने भी संबोधित किया और छात्रों के संघर्ष को धारदार बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा छात्रों को आंदोलन से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार का विश्वविद्यालय बदलने की नीति बिना भौतिक निरीक्षण के लिया गया निर्णय है। उन्होंने कहा कि कोडरमा से गिरिडीह जाना छात्रों के लिए मुसीबत बन जाएगी।साथ ही छात्रों को ज्यादा पैसा भी खर्च करना पड़ेगा। इसका असर सबसे ज्यादा गरीब छात्रों पर पड़ेगा। धरना को जे जे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति के राम रतन अवध्या, सईद नसीम, प्रकाश रजक, तौफीक हुसैन, विजय यादव, रवि पासवान समेत छात्र-छात्राओं ने संबोधित करते हुए कोडरमा के छात्र धरना दे रहें है, तालाबंदी कर रहें है,सरकार और जनप्रतिनिधियों का दायित्व बनता है कि छात्रों के सवाल और कोडरमा के स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ के खिलाफ राजनीति को दरकिनार कर जेजे कॉलेज बचाने की पहल करें। समिति के अध्यक्ष महेश भारती एवं सचिव देवेंद्र कुमार ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन चल रहा है। तालाबंदी से शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्य पूर्ण रूप से ठप रहा। उन्होंने कहा कि तीन दिनों के अनिश्चितकालीन धरना के बाद प्रशासन व सरकार से कोई संवाद स्थापित नही हुई है।

**झारखण्ड सरकार**
**अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति,**
**अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड**
**उप निदेशक कल्याण कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची।**
**(वित्तीय वर्ष 2026–27)**

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची अन्तर्गत संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्रों में वित्तीय वर्ष 2026–27 में शास्त्रीय एवं पेटेंट औषधियों की आपूर्ति हेतु निविदा निम्न शर्तों एवं सरकारी नियमों के तहत आमंत्रित किया जाता है। आपूर्तिकर्त्ता, जो औषधि आपूर्ति करने में रूचि रखते हों एवं बनाये गये नियमों के अधीन निर्धारित शर्तों का पालन करते हो, वैसे आपूर्तिकर्त्ता दिनांक 03.09.2026 के अपराह्न 06:00 बजे तक उप निदेशक कल्याण कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची, विकास भवन के कार्यालय में स्वयं या डाक के माध्यम से निविदा भेज सकते है। निविदा दिनांक 07.09.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे खोली जायेगी। निविदा खोलते समय निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगें। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। औषध की सूची अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवस के दिन प्राप्त की जा सकती है।

निविदा की शर्तों prdjharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

उप निदेशक, कल्याण,
दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, राँची।

PR 387365 (Welfare) 26-27 (D)

## एक झलक

### पीरपैंती बाजार से रेलवे स्टेशन जानेवाली मुख्य सड़क जर्जर, राहगीर परेशान

**भागलपुर :** जिले के पीरपैंती बाजार से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली मुख्य सड़क इन दिनों पूरी तरह बदहाली का शिकार है। सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि इसके दोनों किनारों पर जगह-जगह करीब आधा फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों में लाल मिट्टी जमा होने के कारण हल्की बारिश के बाद भी पूरा रास्ता कीचड़ और जलजमाव की चपेट में आ जाता है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस मुख्य सड़क से दिनभर छोटे-बड़े वाहनों की भारी आवाजाही रहती है। खासकर अदाणी पावर प्लांट की ओर आने-जाने वाले भारी वाहनों की संख्या बहुत अधिक है। जब ये भारी वाहन सड़क से गुजरते हैं, तो छोटे वाहन चालकों (जैसे बाइक और ऑटो) को साइड लेने में गंभीर परेशानी होती है।

### सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लाखों रुपयों की ठगी, केस दर्ज

**अररिया :** जिले के पलासी थाना क्षेत्र में सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर दर्जनों लोगों से लाखों रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। मामले में रविंद्र कुमार मंडल समेत कई पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत की है। शिकायत के आधार पर पलासी थाना में कांड दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आरोपितों ने ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें योजना का पात्र लाभुक बनाने और सरकारी लाभ दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद अलग-अलग लोगों से नगद राशि ली गई आवेदन में आरोप लगाया गया है कि कई लोगों से 45 हजार रुपये से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक की राशि ली गई। शिकायत करने वाले ग्रामीणों में सुन्नी देवी, आनंद मिस्त्री, नीरज कुमार मंडल, अरुण कुमार, हरिलाल समेत कई लोगों ने अलग-अलग रकम लिए जाने का उल्लेख किया है।

### 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत पूर्णिया में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**पूर्णिया :** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को जिला प्रशासन की ओर से पूर्णिया शहरी क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ जिला स्कूल, पूर्णिया के प्रांगण से जिलाधिकारी अंशुल कुमार और वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश के निर्माण और विकास में प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने लोगों से राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र गौरव की भावना को और मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने साथ-साथ दूसरों को भी राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रेरित करना चाहिए। जिलाधिकारी ने वंदे मातरम के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि इस गीत ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देशवासियों और स्वतंत्रता सेनानियों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत की।

### चोरी की तीन बाइक के साथ गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**अररिया :** अररिया आरएस थाना पुलिस ने मंडल कारा के पास 5 अगस्त को हुई टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल चोरी मामले में कार्रवाई करते हुए चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए गिरोह के सदस्यों में मानिकपुर का रहने वाला एक नाबालिग बालक भी है कार्रवाई आरएस थाना पुलिस की ओर से की गई।जानकारी बुधवार के शाम को सदर एसडीपीओ सुशील कुमार सिंह ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ ने बताया कि 5 अगस्त को मंडल कारा गेट के पास से टीवीएस आपाची बाइक संख्या बीआर 38 एटी 3276 चोरी हुई थी जिसको लेकर अररिया आरएस थाना में कांड संख्या 188/26 दिनांक 10.08.2026 दर्ज किया गया था।पुलिस ने मामले में इससे पहले भी फुलकाहा थाना से चोरी की पांच बाइक के साथ गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था।

## बिहार कैबिनेट के 10 प्रस्तावों पर मुहर

# ग्रीनफील्ड सैटलाइट टाउनशिप में जमीन की खरीद-बिक्री पर हटेगी रोक

**एजेंसी**

**पटना :** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार शाम हुई बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप क्षेत्र में भूमि के क्रय-विक्रय और हस्तांतरण पर लगी रोक हटाने समेत कुल 10 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में ऊर्जा, शिक्षा, कौशल विकास, डिजिटल कनेक्टिविटी और छात्र कल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। कैबिनेट ने भागलपुर, मुजफ्फरपुर, गयाजी और बिहारशरीफ में कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। वहीं, सामान्य प्रशासन विभाग में विशेष सचिव संजय कुमार को 31 अगस्त 2026 को सेवानिवृत्ति के बाद एक वर्ष के लिए संविदा पर नियोजित करने की स्वीकृति दी गई। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आवासीय उपभोक्ताओं को केंद्रांश के अतिरिक्त राज्य सरकार की ओर से वित्तीय सहायता देने के लिए 1,000 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इसके तहत 10,000 रुपये प्रति किलोवाट की दर से अधिकतम 20,000 रुपये प्रति उपभोक्ता की सहायता दी जाएगी। गांवों में भारतनेट की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारत




सरकार, बीबीएनएल और राज्य सरकार के बीच समझौता करने की भी स्वीकृति दी गई। इसके अलावा बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना के अधीन ग्रिड उपकेंद्र कार्यालयों और पूर्व निर्धारित यार्ड स्टिक के अनुसार विद्युत कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और विद्युत अभियंता समेत कुल 221 पदों के सृजन को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने 'सात निश्चय-3' के तहत कुशल युवा कार्यक्रम को वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक विस्तारित करने की स्वीकृति दी। इसके लिए 430.08 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। कार्यक्रम के तहत युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ड्रोन, सोलर, नेटवर्किंग, डिजिटल मार्केटिंग, बैंकिंग, टेली, विदेशी भाषाओं और उद्यमिता जैसे भविष्य के कौशल में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे प्रत्यक्ष रूप से 6,436 रोजगार के अवसर सृजित होने और हर वर्ष 2.57 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण मिलने का अनुमान है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को भी वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक सुदृढ़ करते हुए अगले पांच वर्षों के लिए विस्तार देने की मंजूरी दी गई। वर्ष 2026-27 के लिए 950 करोड़ रुपये के व्यय को स्वीकृति दी गई है। सरकार के अनुसार, अब तक 4.81 लाख से अधिक आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं और 4.15 लाख से अधिक विद्यार्थियों को करीब 8,865 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के दिशा-निदेशों के अनुरूप बिहार में संचालित एकल निजी शिक्षण संस्थानों को बहुविषयक डिग्री महाविद्यालय के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की नामांकन प्रक्रिया में संशोधन करने का निर्णय लिया गया। निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की कुल स्वीकृत सीटों में से 50 प्रतिशत सीटों पर नामांकन बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद, पटना के माध्यम से कराने की स्वीकृति दी गई। राज्य के निजी आईटीआई संस्थानों की 50 प्रतिशत सीटों पर अब नामांकन इसी प्रक्रिया के तहत होगा।

## हरियाली अमावस्या पर श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर संत शिरोमणि सदानंद महाराज जी के सानिध्य में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित रांची के पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में विशेष पूजा-अनुष्ठान एवं भक्ति कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी के दिव्य दर्शन किए और पूजा-अर्चना में भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी का नयनाभिराम, अलौकिक एवं भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान को केसरिया खीर, फल एवं खिचड़ी प्रसाद का



भोग अर्पित किया। इसके उपरांत सामूहिक आरती का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से भाग लेकर सुख, शांति, समृद्धि एवं परिवार के मंगल की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का श्रद्धापूर्वक वितरण किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी की महिमा पर आधारित सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की मधुर धुन पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने हरियाली अमावस्या के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति, पर्यावरण एवं सनातन परंपरा के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। हरियाली अमावस्या वर्षा ऋतु में प्रकृति के नवजीवन और हरियाली का संदेश देती है तथा भारतीय संस्कृति में इसका विशेष धार्मिक महत्व है। आयोजन में ट्रस्ट के पदाधिकारी, सदस्यगण, सेवाभावी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति, सेवा और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा। आयोजन का समापन सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। उक्त जानकारी ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

## 'खुशियों की उड़ान' संस्था ने आयोजित किया सावन मिलन समारोह

# पारम्परिक परिधानों से सजीं महिलाओं के गीत-संगीत ने मोहा मन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** 'खुशियों की उड़ान' संस्था की ओर से बुधवार को क्लार्क इन के प्रांगण में सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हरे रंग की साड़ियों और पारम्परिक परिधानों में सज-धज कर हिस्सा लिया। महिलाओं ने गीत-संगीत और विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रमों का जम कर आनन्द लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेवी जया सिंह रहीं। उन्होंने कहा कि सावन का महीना महिलाओं के लिए विशेष महत्त्व रखता है। इस पावन महीने में महिलाएं भगवान की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार के सुख-समृद्धि और अपने सौभाग्य की कामना करती हैं। ऐसे आयोजन महिलाओं को आपस में जुड़ने और अपनी संस्कृति व परम्पराओं को जीवंत रखने का अवसर प्रदान करते हैं। मौके पर 'खुशियों की उड़ान' संस्था की अध्यक्ष सरिता सिंह, सचिव निहारिका सिंह, कल्याणी, ममता सिंह, मंजू पांडेय, अर्चना सिंह, इन्दु सिंह, विभा प्रसाद, सपना कुमारी ओझा, अंजू कुमारी, अंजली, मीनू देवी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। इसके अलावा सविता सिंह, सीमा ली, वंदना, गुड़िया, खुशबू सिंह, प्रीति, जूही गुप्ता, सोनम सिंह, शिप्रा, शैली श्रीवास्तव, अंशिका, रेनू, विभा, मंजू तिवारी, रिया सिंह, जयंती गिरी, नीलम सिंह, नेतू शाह, पिंकी माउरी, अनीता शर्मा, कुसुम, अनीता देवी, किरण प्रसाद, जूही, रुचि पांडेय, खुशबू, डॉली मिश्रा, रूबी, पिंकी राजपूत, रीमा, बबीता आदि मौजूद थीं।

## रघुवर दास ने छात्रों से की मुलाकात, बोले...मांगें नहीं मानी गयीं, तो एक सप्ताह बाद करेंगे अनशन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बुधवार को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम पहुंचे और आंदोलनरत छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने छात्रों की समस्याओं और उनकी मांगों को गम्भीरता से सुना तथा उनके आंदोलन को लेकर चर्चा की। छात्रों को संबोधित करते हुए रघुवर दास ने कहा कि छात्रों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उनकी जायज मांगों पर सरकार को संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए उचित कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार छात्रों के विधानसभा मार्च के दौरान राज्य सरकार ने लाठीचार्ज कराया, वह निंदनीय है। छात्र शांतिपूर्ण और अनुशासन के साथ मार्च कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि झारखंड बनने के बाद पहली बार ऐसा विधानसभा मार्च देखने को मिला, जो सफल रहा। रघुवर दास ने चेतावनी दी कि यदि राज्य सरकार छात्रों की मांगों को पूरा नहीं करती है, तो एक सप्ताह बाद वह बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर अनशन करेंगे। बाद में उन्होंने कांग्रेस सरकार के मंत्रियों पर भी कटाक्ष किया।

## 'सबका सम्मान, जीवन आसान' सहयोग शिविर आयोजित



**एजेंसी**

**भागलपुर :** जिले के जगदीशपुर प्रखंड की चांदपुर पंचायत में बुधवार को सबका सम्मान, जीवन आसान अभियान के तहत एक सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और विकास का सीधा लाभ पहुंचाना है। शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना, उनका ऑन-स्पॉट निस्तारण किया और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। शिविर में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, जगदीशपुर अंचलाधिकारी सतीश कुमार और प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी प्रियांशु राज मौजूद रहे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों में चांदपुर पंचायत की मुखिया अर्चना कुमारी एवं मुखिया प्रतिनिधि शत्रुघ्न कुमार ने भी शिविर में हिस्सा लेकर ग्रामीणों की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। ग्रामीणों की सुविधा के लिए शिविर में राजस्व विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, स्वच्छता मिशन, स्वास्थ्य विभाग, जल आपूर्ति विभाग और पशु चिकित्सा विभाग सहित कई महत्वपूर्ण विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। अस्पताल प्रभारी डॉ. बीबी मंडल ने स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं और जल आपूर्ति अधिकारी फिरदौस आलम ने स्वच्छ पेयजल योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया।

## हर घर तिरंगा अभियान में गूंजा राष्ट्रप्रेम का संदेश, सदर प्रखंड में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**एजेंसी**

**बक्सर :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को सदर प्रखंड में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ जीविका दीदियों एवं स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा में उप विकास आयुक्त बक्सर निहारिका छवि, अपर समाहर्ता अरुण कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर सहित जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर निकले प्रतिभागियों ने देशभक्ति के नारों के साथ आम लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और स्वतंत्रता दिवस को गौरव एवं उत्साह के साथ मनाने का संदेश दिया। यात्रा के दौरान जीविका दीदियों और स्वयंसेविकाओं ने लोगों को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। पदाधिकारियों ने कहा कि ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान केवल राष्ट्रीय ध्वज फहराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता और नागरिकों में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय पर्व को पूरे उत्साह एवं सम्मान के साथ मनाने की अपील की गई।

## काली मंदिर से बाबा धाम के लिए रवाना हुआ कांवरियों का दूसरा जत्था

- 'बोल बम' के जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर, उप मुखिया संतोष गुप्ता ने अंगवस्त्र व मिठाई खिला कर किया रवाना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखंड स्थित काली मंदिर परिसर से बुधवार को कांवरियों का दूसरा जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के लिए रवाना हुआ। यात्रा से पूर्व श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ से यात्रा की सफलता और सभी कांवरियों की सकुशल वापसी की कामना की। इसके बाद 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष के बीच कांवरियों ने बाबा धाम की ओर प्रस्थान किया। इस अवसर पर उप मुखिया संतोष गुप्ता ने सभी कांवरियों को अंगवस्त्र भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर मंगलमय यात्रा की शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। मौके पर दीपक बढ़ायक, अजीत चौरसिया, पूर्ण चौरसिया, गीता चौरसिया, रेखा, अंजली, गीता, रिंकी, रितु, राजू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कांवरिया पहले सुल्तानगंज पहुंचेंगे, जहां पवित्र गंगाजल लेकर पैदल बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना होंगे। देवघर पहुंचकर श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। भगवा वस्त्र और गेरुआ गमछे में सजे शिवभक्तों के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। बताया गया कि काली मंदिर से पिछले 25 वर्षों से लगातार कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना होता आ रहा है। इसी धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी श्रद्धालु पूरी आस्था, श्रद्धा और अनुशासन के साथ कांवर यात्रा पर निकले हैं। दूसरे जत्थे के प्रस्थान को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला और क्षेत्र दिनभर 'बोल बम' तथा 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंजता रहा।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने 'श्याम अखंड ज्योति पाठ' का किया भव्य आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा श्री श्याम प्रभु की कृपा से 23 अगस्त 2026, रविवार को श्याम अखंड ज्योति पाठ का भव्य आयोजन शाखा अध्यक्ष शुभा अग्रवाल जी के अध्यक्षता मे किया जा रहा है। यह आध्यात्मिक कार्यक्रम मारवाड़ी भवन, हरमू रोड, रांची में सुबह 9 बजे से श्याम इच्छा तक आयोजित है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पाठ वाचक श्याम रतन श्री श्याम अचपाल और ग्रुप द्वारा भव्य नृत्य नाटिका के साथ श्याम कथा और अखंड ज्योति पाठ प्रस्तुत किया जाएगा। अखंड ज्योति की लौ भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करने का प्रतीक



है। भजन-कीर्तन, झूले का अलौकिक श्रृंगार, मनमोहक झांकियां, ईत्र एवं पुष्प वर्षा और छप्पन भोग के साथ पूरा वातावरण हारे का सहारा, श्याम हमारा के जयकारों से गूंजेगा। झूल रहे हैं लखदातार, सखियां गाएं मल्हार, प्रेम की इस बयार में, खोया है सारा संसार की पंक्तियों के साथ श्रद्धालु बाबा श्याम की भक्ति में लीन होंगे संस्था की संस्थापिका अध्यक्ष और इस कार्यक्रम की संयोजिका सुमिता लाठ जी ने बताया दी कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में धार्मिक भावना को बढ़ावा देना और सभी को श्याम बाबा के चरणों से जोड़ना है। मान्यता है कि अखंड ज्योति पाठ से घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। श्याम कथा संग श्याम ज्योति पाठ में शामिल होने हेतु प्रवेश कार्ड श्याम मंदिर हरमू रोड, श्याम मंदिर अग्रसेन भवन एवं रानी सती मंदिर रातू रोड से प्राप्त कर सकते है। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर कार्ड उपलब्ध होंगे। इस आयोजन के अन्य संयोजिका विनीता बिहानी, ज्योति अग्रवाल, विनीता सिंघानिया और निर्मला बागड़िया, सह संयोजिका *हेमा पोद्दार, कोमल पोद्दार, वेदिका सिंघानिया, रंजू मालपानी और नेहा बगड़िया समेत संस्था के प्रत्येक सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने में विगत 1महीनें से लगे हुए है।

## विश्व हाथी दिवस 2026 पर मानव-हाथी संघर्ष से सह-अस्तित्व की ओर बढ़ने का कार्य करें : संजीव कुमार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** विश्व हाथी दिवस के अवसर पर झारखंड सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा बीएनआर चाणक्य होटल, रांची में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय मानव-हाथी संघर्ष एवं सह-अस्तित्व रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के प्रधान मुख्य वन संरक्षक हॉफ संजीव कुमार थे। संजीव कुमार ने बताया कि आज की कार्यशाला का उद्देश्य झारखंड में बढ़ते मानव-हाथी संघर्ष की चुनौतियों पर विशेषज्ञों, वन विभाग के पदाधिकारियों, वनरक्षियों, हाथी बचाव एवं प्रबंधन दलों तथा ग्रामीण समुदायों के अनुभव साझा करना और मानव एवं हाथियों के बीच सुरक्षित एवं टिकाऊ सह-अस्तित्व के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करना है। उन्होंने कहा कि हाथी की समस्या झारखंड के साथ बिहार पश्चिम बंगाल उड़ीसा छत्तीसगढ़ से जुड़ा हुआ है झारखंड में लगभग 75 हाथी आवागमन मुख्य मार्ग है, जिनमें हाथी का आवागमन होता है। उनके रास्ते में चरागाह और उनके भोजन और स्वच्छ पानी की व्यवस्था हम करें और तकनीक का प्रयोग करें और सभी समन्वय से कार्य करें, तो इस समस्या को मिल कर पार पा सकते हैं। हम सब लोगों को मिल कर कार्य करना होगा। हमें भविष्य की किसी भी योजना परियोजना को अगले 10 वर्ष के सोच के साथ कार्य करना होगा कि हाथी के आवागमन प्रभावित न हो इसके लिए सभी एजेंसियां जैसे बिजली विभाग ,सड़क विभाग, परिवहन विभाग, जल विभाग,वन विभाग को मिलकर कार्य करना होगा तभी हाथी मानव सह अस्तित्व होगा। कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य वन संरक्षक सह मुख्य वन्य प्राणी झारखंड एस. आर. नटेश, के स्वागत सम्बोधन से हुआ। प्रधान मुख्य वन संरक्षक बंजर भूमि विकास बोर्ड ए टी




मिश्रा ने कार्यशाला में उपस्थित वन अधिकारियों को बताया कि आधुनिक तकनीक का प्रयोग करें, हाथी के आवागमन बाधित न हो इसका प्रयास करें, हाथी के क्षेत्र में दखलअंदाजी कम करें तथा समन्वय के साथ सह अस्तित्व पर कार्य करें। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी रवि रंजन, ने मुख्य वक्तव्य दिया। उन्होंने बताया कि हमारे हाथी को देखने में और लोगों के हाथी को देखने में काफी फर्क है लोग हाथी को देखते हैं, तो मनोरंजन, भगवान और कौतूहल की दृष्टि से देखते हैं। लेकिन, हम हाथी को उनकी सुरक्षा, ग्रामीणों की सुरक्षा आदि दृष्टिकोण से देखते हैं। हाथी के साथ ही, वन विभाग और उनके पदाधिकारी को रहना है। हमें हाथी की सुरक्षा के लिए उन्नत तकनीक भोजन पानी की व्यवस्था करनी ही होगी। कार्यशाला में वन संरक्षक प्रशासन पी आर नायडू, उप वन संरक्षक प्रशिक्षण वीएस दुबे, उप वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक गज परियोजना जमशेदपुर शबा आलम, वन प्रमंडल पदाधिकारी अजिंक्य बनकर, वन प्रमंडल पदाधिकारी रांची श्रीकांत वर्मा, वन प्रमंडल पदाधिकारी वन्य प्राणी रांची, अविनाश चौधरी समेत वन विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यशाला में प्रशांत बासविकार ने विषय पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. बियास पांडेय, वैज्ञानिक ने हाथियों के बदलते पयार्वास एवं व्यवहार से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा की। इसी क्रम में रुद्र महापात्र, डॉ. नवीन पांडेय ने विज्ञान, कनेक्टिविटी और सह-अस्तित्व के माध्यम से हाथियों के सुरक्षित आवागमन के लिए विषय पर प्रस्तुति दी। कार्यशाला में हितेन बैसिया, ने असम में विभिन्न हितधारकों के साथ मानव-हाथी संघर्ष के प्रबंधन के अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से वन विभाग के पदाधिकारी एवं वनरक्षी, हाथी बचाव एवं त्वरित प्रतिक्रिया दलों से जुड़े कर्मी तथा ग्रामीण प्रतिनिधि शामिल हुए। इन प्रतिभागियों ने हाथियों के संरक्षण, मानव जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा तथा संघर्ष की घटनाओं के दौरान त्वरित एवं मानवीय कार्रवाई से जुड़े अपने अनुभव साझा किये। वक्ताओं ने कहा कि हाथी झारखंड की प्राकृतिक विरासत और पारिस्थितिकी तंत्र का महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं। मानव-हाथी संघर्ष का स्थायी समाधान केवल तात्कालिक राहत और बचाव कार्यों से सम्भव नहीं है, बल्कि इसके लिए हाथियों के प्राकृतिक गलियारों का संरक्षण, सुरक्षित आवागमन, वैज्ञानिक निगरानी, स्थानीय समुदायों की भागीदारी, समय पर चेतावनी व्यवस्था और प्रभावी जन-जागरूकता आवश्यक है। कार्यशाला में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि हाथियों के संरक्षण के साथ-साथ उन ग्रामीण परिवारों की सुरक्षा और आजीविका का संरक्षण भी वन विभाग की प्राथमिकता है, जो मानव-हाथी संघर्ष से प्रभावित होते हैं। सामुदायिक भागीदारी और स्थानीय अनुभवों को वन्यजीव प्रबंधन की रणनीति में शामिल कर संघर्ष को सह-अस्तित्व में बदलने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने झारखंड में हाथी संरक्षण एवं मानव जीवन की सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित करते हुए शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की दिशा में मिल कर कार्य करने का संकल्प लिया।

# जसप्रीत बुमराह 21 महीने से लगातार नम्बर-1 टेस्ट बॉलर

## आईसीसी रैंकिंग में जडेजा 1556 दिन से टॉप ऑलराउंडर; शुभमन गिल वनडे में टॉप बैटर



**ICC टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग**

| रैंक | नाम | टीम | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | जसप्रीत बुमराह | भारत | 870 |
| 2 | मैट हेनरी | न्यूजीलैंड | 861 |
| 3 | मिचेल स्टार्क | ऑस्ट्रेलिया | 838 |
| 4 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 832 |
| 5 | मार्को यानसन | साउथ अफ्रीका | 825 |
| 6 | स्कॉट बोलैंड | ऑस्ट्रेलिया | 820 |
| 7 | कगिसो रबाडा | साउथ अफ्रीका | 807 |
| 8 | नोमान अली | पाकिस्तान | 800 |
| 9 | जोश हेजलवुड | ऑस्ट्रेलिया | 775 |
| 10 | नाथन लायन | ऑस्ट्रेलिया | 753 |

**ICC टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग**

| रैंक | नाम | टीम | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | रवींद्र जडेजा | भारत | 446 |
| 2 | मार्को यानसन | साउथ अफ्रीका | 344 |
| 3 | मिचेल स्टार्क | ऑस्ट्रेलिया | 284 |
| 4 | मेहदी हसन मिराज | बांग्लादेश | 284 |
| 5 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 250 |
| 6 | वियान मुल्डर | साउथ अफ्रीका | 245 |
| 7 | वॉशिंगटन सुंदर | भारत | 244 |
| 8 | गस एटकिंसन | इंग्लैंड | 243 |
| 9 | जस्टिन ग्रीव्स | वेस्टइंडीज | 225 |
| 10 | जो रूट | इंग्लैंड | 209 |

**एजेंसी**

**दुबई :** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह लगातार 21 महीनों से टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 बने हुए हैं। उन्होंने नवंबर 2024 में पहला स्थान हासिल करने के बाद इसे बरकरार रखा है। बुमराह के 870 रेटिंग पॉइंट्स है। रवींद्र जडेजा टेस्ट ऑलराउंडर्स में टॉप पर हैं। वे पिछले 1556 दिन से नंबर-1 पोजिशन पर हैं। वे पिछली बार 9 मई 2022 को टॉप पर आए थे। वहीं भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने वनडे में पहला स्थान बरकरार रखा है।

### बाबर आजम की टॉप-10 में वापसी

**पाकिस्तान** के टेस्ट कप्तान बाबर आजम ने बैटर्स रैंकिंग के टॉप-10 में वापसी कर ली है। बुधवार को जारी रैंकिंग में बाबर ने 5 पायदान की छलांग लगाई है। वे अब 716 रेटिंग पॉइंट के साथ 10वें नंबर पर हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट में उन्होंने सबसे ज्यादा 193 रन बनाए। दूसरे टेस्ट में 88 रन की पारी खेलने और दूसरी पारी में नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने का फायदा उन्हें रैंकिंग में मिला।

### ट्रेविस हेड अब भी नम्बर-1 बल्लेबाज

**टेस्ट** बल्लेबाजों की रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड अभी भी नंबर-1 पर बने हुए हैं। उनके 853 रेटिंग पॉइंट हैं। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक 852 पॉइंट के साथ दूसरे नंबर पर हैं। दोनों के बीच सिर्फ 1 पॉइंट का अंतर है। टॉप-5 में जो रूट, स्टीव स्मिथ और टेम्बा बावुमा शामिल हैं। भारत की ओर से कप्तान शुभमन गिल 743 पॉइंट के साथ 7वें और यशस्वी जायसवाल 733 पॉइंट के साथ 9वें नंबर पर हैं।

### टेस्ट गेंदबाजी में बुमराह ही नम्बर-1

**जसप्रीत** बुमराह गेंदबाजों की लिस्ट में 870 रेटिंग पॉइंट के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी 861 पॉइंट के साथ दूसरे और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क 838 पॉइंट के साथ तीसरे नंबर पर हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पाकिस्तान की टेस्ट जीत में अहम भूमिका निभाने वाले साजिद खान को ताजा रैंकिंग में फायदा हुआ है। वे 5 पायदान ऊपर चढ़कर 30वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### जडेजा 04 साल से टेस्ट के टॉप ऑलराउंडर

**टेस्ट** ऑलराउंडर्स में रवींद्र जडेजा 446 रेटिंग पॉइंट के साथ नंबर-1 पर हैं। साउथ अफ्रीका के मार्को यानसन 344 पॉइंट के साथ दूसरे और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क 284 पॉइंट के साथ तीसरे नंबर पर हैं। बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज भी 284 पॉइंट के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस 250 पॉइंट के साथ पांचवें नंबर पर हैं।

### वनडे रैंकिंग में गुरबाज को फायदा

**वनडे** बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के शुभमन गिल 801 रेटिंग के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल 794 रेटिंग के साथ दूसरे और भारत के विराट कोहली 767 रेटिंग के साथ तीसरे नंबर पर हैं। रोहित शर्मा 758 रेटिंग के साथ चौथे नंबर पर हैं। अफगानिस्तान के ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज को 3 पायदान का फायदा हुआ है। वे अब 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं। आयरलैंड के खिलाफ बेलफास्ट में खेले गए मुकाबले में गुरबाज ने 71 रन की पारी खेली थी। अफगानिस्तान के ही हशमतुल्लाह शाहिदी को भी रैंकिंग में फायदा मिला है। वे 4 स्थान ऊपर चढ़कर 50वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं आयरलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैंफर ने वनडे रैंकिंग में वापसी की है। वे संयुक्त रूप से 59वें नंबर पर हैं।

### राशिद खान वनडे गेंदबाजों में नम्बर-1

**गेंदबाजों** की रैंकिंग में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान 713 रेटिंग के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं। आयरलैंड के खिलाफ हालिया सीरीज में लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच रहे राशिद ने दूसरे मुकाबले में 6 विकेट लिए थे। पाकिस्तान के अबरार अहमद 675 रेटिंग के साथ दूसरे और इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर 649 रेटिंग के साथ तीसरे नंबर पर हैं। साउथ अफ्रीका के केशव महाराज चौथे और न्यूजीलैंड के मिचेल सैंटनर पांचवें नंबर पर हैं। आयरलैंड के तेज गेंदबाज मार्क अडायर ने भी वनडे रैंकिंग में वापसी की है।

## औरैया के लाल आर्यन सिंह राजावत ने नेपाल में जीता गोल्ड

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के अजीतमल क्षेत्र के ग्राम मुड़ैना रूपशाह निवासी 15 वर्षीय युवा फुटबॉल खिलाड़ी आर्यन सिंह राजावत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। नेपाल में आयोजित इंडो-नेपाल इंटरनेशनल चैम्पियनशिप-2082 की अंडर-18 फुटबॉल प्रतियोगिता में आर्यन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। आर्यन, अजीत सिंह राजावत एवं अंजू सिंह के पुत्र हैं। नेपाल में शानदार प्रदर्शन के बाद अब उनका चयन थाईलैंड चैंपियनशिप-2026 के लिए हुआ है। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में आर्यन भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। चैंपियनशिप का आयोजन 27 से 31 अगस्त 2026 तक बैंकॉक में किया जायेगा। आर्यन अब भारत की जर्सी में मैदान पर उतरकर देश के लिए पदक जीतने के लक्ष्य के साथ तैयारी में जुटे हैं।

## नाओमी ओसाका को हरा कर एलेना रायबाकिना सेमीफाइनल में

**कनाडा ओपन**



**एजेंसी**

**मॉन्ट्रियल :** दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी कजाखस्तान की एलेना रायबाकिना ने शानदार वापसी करते हुए जापान की नाओमी ओसाका को तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में 4-6, 7-6 (5), 6-4 से हराकर कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। ओसाका ने मुकाबले की शानदार शुरूआत की और रायबाकिना की मैच की पहली ही सर्विस गेम में ब्रेक हासिल कर लिया। अगले गेम में रायबाकिना के पास वापसी का मौका था, लेकिन ओसाका ने तीन ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए अपनी सर्विस बरकरार रखी। इसके बाद रायबाकिना पूरे सेट में एक भी ब्रेक प्वाइंट हासिल नहीं कर सकीं और ओसाका ने पहला सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। रायबाकिना ने दूसरे सेट में अपनी लय हासिल की। हालांकि वह शुरूआती तीन सर्विस गेम में से दो में अपनी सर्विस गंवा बैठीं, लेकिन ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन ने भी दो बार ओसाका की सर्विस तोड़ी और मुकाबले को टाईब्रेक तक पहुंचाया। रायबाकिना ने टाईब्रेक 7-5 से जीतकर मुकाबला निर्णायक तीसरे सेट में पहुंचा दिया। तीसरे सेट में मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। रायबाकिना जब 2-3 से पीछे थीं और उनकी सर्विस पर तीन ब्रेक प्वाइंट थे, तब उन्होंने शानदार धैर्य दिखाया। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने कुल चार ब्रेक प्वाइंट बचाकर अपनी सर्विस कायम रखी और मुकाबले की दिशा बदल दी। इसके बाद ओसाका दबाव में नजर आईं। 3-4 से पीछे होने के बाद सर्विस गंवाने पर उन्होंने अपना रैकेट पटककर निराशा जाहिर की। रायबाकिना ने इसके बाद शानदार अंदाज में मैच समाप्त किया और लगातार तीन ऐस लगाकर जीत सुनिश्चित कर दी। मैच के बाद रायबाकिना ने कहा, मैं बस संघर्ष करती रहने की कोशिश कर रही थी। मैच का पहला गेम काफी मुश्किल था, क्योंकि उसी की वजह से मैंने सेट गंवाया। दूसरे सेट में मेरा प्रयास था कि स्कोर के करीब रहूं, भले ही मैं पीछे चल रही थी।

## मीनाक्षी लेखी बनीं दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया की चेयरपर्सन



**एजेंसी**

**आगरा :** पूर्व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री, पूर्व सांसद, वरिष्ठ समाजसेविका एवं सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी लेखी ने भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम एवं भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट टीम का संचालन करने वाली संस्था दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया (डीसीसीबीआई) की चेयरपर्सन के रूप में नई जिम्मेदारी संभाली है। आगरा में आयोजित भव्य ह्यदिव्यांग क्रिकेट अवार्ड 2026ह्न समारोह के दौरान मीनाक्षी लेखी को बोर्ड की चेयरपर्सन बनाए जाने की घोषणा की गई। जिम्मेदारी संभालने के बाद उन्होंने दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं आयोजकों को संबोधित करते हुए कहा कि वह इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, मेहनत और लगन के साथ निभाएंगी। उनका प्रयास रहेगा कि दिव्यांग क्रिकेट को देश के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए।

### खिलाड़ियों से कहा...कर्म करते रहें, रास्ते खुलते जायेंगे

मीनाक्षी लेखी ने खिलाड़ियों को भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में प्रत्येक व्यक्ति के लिए उसका कर्म प्रधान होता है। इसलिए हमें अपने कर्म को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करते रहना चाहिए, रास्ते अपने आप खुलते चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों की मेहनत, संघर्ष और प्रतिभा देश के लिए गौरव का विषय है। खिलाड़ियों को केवल खेल के मैदान तक सीमित न रखकर उन्हें समाज में सम्मान, बेहतर अवसर और उज्ज्वल भविष्य उपलब्ध कराना भी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### बोर्ड पदाधिकारियों ने जताया विश्वास

दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मुकेश कंचन ने मीनाक्षी लेखी का स्वागत करते हुए कहा कि बोर्ड को एक ऐसी मार्गदर्शक की आवश्यकता थी।

## नवल टाटा हॉकी झारखंड सब-जूनियर चैम्पियनशिप में एनटीएचए बना विजेता




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर :** नवल टाटा हॉकी झारखंड सब-जूनियर स्टेट हॉकी चैंपियनशिप 2026 (पुरुष) का समापन रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। फाइनल मुकाबले में एनटीएचए ने खूंटी को 5-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं, तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में सिमडेगा और रांची की टीमें निर्धारित समय तक 1-1 की बराबरी पर रहीं। इसके बाद हुए शूटआउट में रांची ने सिमडेगा को 3-2 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। तीसरे स्थान के मुकाबले में रांची के अनमोल को, जबकि फाइनल मुकाबले में खूंटी के साहिल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। समापन समारोह में श्री अतुल भटनागर, कैप्टन अमिताभ, सीए अनुज मेहेंदीरत्ता, श्री गुरमीत सिंह राव सहित सुश्री चंद्रेयी मजूमदार, टाटा स्टील, हॉकी ऐस फाउंडेशन एवं हॉकी झारखंड के गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सब-जूनियर चैंपियनशिप के समापन के साथ ही एनटीएचए अब 12 से 14 अगस्त तक नवल टाटा हॉकी झारखंड जूनियर स्टेट हॉकी चैंपियनशिप 2026 (पुरुष) की मेजबानी करेगा।

### प्रतियोगिता में 08 टीमें दो पूलों में हिस्सा लेंगी

**पूल ए :** एनटीएचए, खूंटी, गुमला और जामताड़ा

**पूल बी :** सिमडेगा, रांची, हजारीबाग और पश्चिमी सिंहभूम।

**झारखंड**

## 30 सितम्बर को झारखंड बंद का एलान




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक चतरा स्थित डीएमएफटी प्रशिक्षण भवन में हुई। बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान-सम्मान, अलग पहचान, उनके बाल-बच्चों के लिए रोजगार व नौकरी की गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सभी आंदोलनकारियों को ?50-?50 हजार सम्मान पेंशन देने की मांग सरकार से की गई। बैठक में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए 30 सितंबर को संपूर्ण झारखंड बंद करने का ऐलान किया गया। वहीं, 15 नवंबर 2026 को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन कर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करने की घोषणा की गई। मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी अपने बाल-बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन की तैयारी करें। संघर्ष के बल पर ही आंदोलनकारियों को मान-सम्मान और पेंशन मिलेगा। उन्होंने सरकार से आंदोलनकारियों को न्याय, सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीने का अधिकार देने की मांग की। वरीय झारखंड आंदोलनकारी रोजलीन तिर्की ने कहा कि सरकार झारखंड को माय-माटी के मूल्यों, मर्यादाओं और परंपराओं के अनुरूप आगे बढ़ाने का काम करे। पूर्व आईईएस अधिकारी राम नरेश यादव ने राज्य में खनिज आधारित उद्योग स्थापित कर रोजगार के अवसर बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता सभी को रोजगार देने की हो, ताकि पलायन और विस्थापन रोका जा सके। केंद्रीय कोषाध्यक्ष सरोजिनी कच्छप ने कहा कि संघर्ष करके राज्य लिया गया है और अब संघर्ष करके सम्मान लेने का काम किया जाएगा। महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि झारखंड की पहचान आंदोलनकारियों से है। केंद्रीय सचिव सूरज प्रसाद जायसवाल ने झारखंड की अस्मिता और अस्तित्व की रक्षा के लिए आंदोलनकारियों से आगे आने की अपील की। बैठक में प्रभु दयाल पासवान, अब्दुल्लाह अंसारी, इकबाल हुसैन, नंदकिशोर ठाकुर, कोमल यादव, अर्जुन कुमार, लीलावती देवी, रघुनाथ सिंह, लड्डू पांडेय, जयकुमार रजक और रामेश्वर महतो सहित अन्य ने अपने विचार रखे। स्वागत भाषण रामचंद्र राणा, संचालन अनिल कुमार दांगी और धन्यवाद ज्ञापन राजू वर्मा ने किया।

## मरूगंज टोला में दीपक प्रताप देव ने निजी खर्च से करायी सड़क की मरम्मत



■ ग्रामीणों ने कहा...पूर्व और वर्तमान विधायक को देख चुके, अब दीपक प्रताप देव को मौका देने का लिया निर्णय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर :** हलिवंता कला पंचायत के मरूगंज टोला में जर्जर सड़क की समस्या को लेकर युवा नेता एवं भावी विधानसभा प्रत्याशी दीपक प्रताप देव ने पहल करते हुए अपने निजी खर्च से सड़क की मरम्मत कराई। सड़क की स्थिति खराब होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मरम्मत कार्य शुरू होने और सड़क को आवागमन योग्य बनाए जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से मरूगंज टोला की सड़क बदहाल स्थिति में थी। बरसात के दिनों में सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ जमा हो जाने से पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता था। दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के आवागमन में भी परेशानी होती थी। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क की समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की गई, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों ने दीपक प्रताप देव की पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जनता की परेशानी को समझते हुए निजी खर्च से सड़क की मरम्मत कराई है। ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व विधायक और वर्तमान विधायक को हम लोगों ने देख लिया है। इस बार विधानसभा चुनाव में दीपक प्रताप देव को वोट देकर विजयी बनाकर विधानसभा भेजने का मन बनाया है। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र को ऐसे जनप्रतिनिधि की जरूरत है, जो जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझे और जरूरत के समय आगे आए। इस मौके पर दीपक प्रताप देव ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मरूगंज टोला के लोगों को सड़क की बदहाली के कारण परेशानी हो रही थी, जिसे देखते हुए उन्होंने अपने स्तर से सड़क की मरम्मत कराने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि बनने का मतलब केवल चुनाव के समय जनता के बीच जाना नहीं, बल्कि हर परिस्थिति में लोगों के सुख-दुख में खड़ा रहना है। दीपक प्रताप देव ने कहा कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं, सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को लेकर वे लगातार जनता के बीच रहकर काम करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

## लैपटॉप चोरी मामले में डिलीवरी बॉय गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम :** एमजीएम थाना पुलिस ने मेडिकल कॉलेज के बॉयज हॉस्टल से लैपटॉप चोरी के करीब साढ़े चार महीने पुराने मामले का उद्भेदन करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित की निशानदेही पर उसके घर से चोरी किया गया डेल कंपनी का लैपटॉप भी बरामद कर लिया है। आरोपित की पहचान मानगो गुरुद्वारा रोड, शिव मंदिर के पास रहने वाले करीब 30 वर्षीय पवन कुमार, पिता कमला कांत मिश्रा के रूप में हुई है। पटमदा डीएसपी दयानंद कुमार ने बुधवार को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि एमजीएम मेडिकल कॉलेज के बॉयज हॉस्टल से लैपटॉप चोरी होने की शिकायत पर सर्वेश मीणा ने 7 अप्रैल 2026 को एमजीएम थाना में कांड संख्या 48/2026 दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि हॉस्टल के कमरे से अज्ञात व्यक्ति ने लैपटॉप चोरी कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम के निर्देश पर एमजीएम थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक सचिन कुमार दास के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया।

## सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम :** एमजीएम थाना क्षेत्र के निर्मल चौक और ताता पत्थर के बीच मंगलवार देर रात हुए सड़क हादसे में टाटा मोटर्स के ठेका कर्मी 24 वर्षीय राकेश महतो की मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार धनिया निवासी राकेश महतो ड्यूटी समाप्त करने के बाद ग्लैमर बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान निर्मल चौक ताता पत्थर के पास सामने से आ रही एक स्प्लेंडर बाइक से उसकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। स्प्लेंडर बाइक पर तीन युवक सवार थे और बाइक पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। दोनों बाइक तेज रफ्तार में थीं, जिसके कारण आमने सामने टक्कर हुई।

### उपायुक्त ने की डीएमएफटी मद से संचालित की जानेवालीं योजनाओं की विशेष बैठक

## स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास व जनसुरक्षा से जुड़े प्रस्तावों पर हुई चर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** उपायुक्त गुमला दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में संचालित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में डी एम एफ टी मद की राशि का प्रभावी एवं जनहित में उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तावित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक गुमला हारिस बिन जमा, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बेलाल अनवर, उप विकास आयुक्त गुमला अनिमेष रंजन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।बैठक में स्वास्थ्य क्षेत्र के तहत एक एम्बुलेंस की व्यवस्था करने तथा एनेस्थीसिया चिकित्सक के लिए अतिरिक्त मानदेय उपलब्ध कराने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इसके माध्यम से जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। कौशल विकास के क्षेत्र में सेनेटरी पैड निर्माण हेतु पूर्व से अधिष्ठापित केंद्र को 'किशोरी' परियोजना के तहत संचालित एवं क्रियाशील करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ ही युवाओं के लिए करियर काउंसलिंग एवं स्किल डेवलपमेंट से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई। शिक्षा क्षेत्र में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ई-लर्निंग के माध्यम से पठन-पाठन, कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए अतिरिक्त कोचिंग कक्षाएं तथा हाइब्रिड कोर्स संचालित करने संबंधी प्रस्तावों पर विचार किया गया। लाइब्रेरी के लिए एक प्रोजेक्टर की खरीद तथा विद्यालयों के उन्नयन से जुड़े कार्यों पर भी चर्चा हुई। महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों के उन्नयन हेतु कन्वर्जेन्स के माध्यम से कार्यों के क्रियान्वयन तथा महिला, बालक-बालिकाओं, वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संचालन से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा की गई।बैठक में मानव-वन्यजीव संघर्ष से ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष चर्चा हुई।इसके अतिरिक्त अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा प्रेस कतरनों एवं अन्य माध्यमों से संज्ञान में आने वाले जनहितकारी कार्यों को के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप शामिल करने संबंधी प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं उपलब्ध संसाधनों के अधिकतम सदुपयोग पर विशेष ध्यान देने की बात कही, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ जिले के जरूरतमंद एवं प्रभावित क्षेत्रों के लोगों तक पहुंच सके।

## सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक नहीं तत्काल अस्पताल पहुंचें : सिविल सर्जन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** मानसून के दौरान जिले में बढ़ रही सर्पदंश की घटनाओं को देखते हुए सिविल सर्जन, गुमला शंभूनाथ चौधरी ने जिलेवासियों से अपील की है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक के बजाय मरीज को तत्काल नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाकर समुचित चिकित्सकीय उपचार कराएं। सिविल सर्जन ने बताया कि बरसात के मौसम में सांप अपने बिलों से निकलकर मानव बस्तियों और आवासीय क्षेत्रों में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे में अनजाने में सांप पर पैर पड़ने या उसके संपर्क में आने से सर्पदंश की घटनाएं हो सकती हैं। समय पर उपचार नहीं मिलने पर सर्पदंश जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि सर्पदंश की स्थिति में समय बेहद महत्वपूर्ण है। मरीज को यथाशीघ्र नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रेफरल इकाई अथवा सदर अस्पताल पहुंचाया जाना चाहिए। जिले के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सर्पदंश के उपचार के लिए आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। सिविल सर्जन ने लोगों को सलाह दी कि सर्पदंश के बाद प्रभावित अंग पर बहुत कसकर पट्टी, बैंडेज या टूर्निकेट न बांधें। प्रभावित अंग को स्थिर रखें और मरीज को अनावश्यक रूप से चलने-फिरने न दें। किसी भी परिस्थिति में अस्पताल पहुंचने में देरी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति झाड़-फूंक में विश्वास रखता है, तो वह अपनी मान्यता के अनुसार अन्य कार्य कर सकता है, लेकिन मरीज का चिकित्सकीय उपचार किसी भी स्थिति में नहीं रोका जाना चाहिए। सिविल सर्जन के अनुसार, पिछले एक माह में जिले के सरकारी अस्पतालों में सर्पदंश के 156 मामले सामने आए हैं, जिनमें एक भी मृत्यु दर्ज नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि यह आंकड़ा केवल उन मरीजों का है, जो उपचार के लिए स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कई लोग अस्पताल पहुंचने के बजाय झाड़-फूंक पर निर्भर रहते हैं, जिससे समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।

# तेज रिकवरी के बावजूद गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नयी दिल्ली :** सेंसेक्स की वीकली एक्सपायरी के एक दिन पहले घरेलू शेयर बाजार आज गिरावट के साथ बंद हुआ। माना जा रहा है कि पश्चिम एशिया में एक बार फिर तनाव बढ़ने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी आने की वजह से घरेलू शेयर बाजार में आज शुरू से ही दबाव का माहौल बना रहा। कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद दिन के पहले सत्र के कारोबार के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। दोपहर दो बजे के बाद खरीदारों में लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की स्थिति में कुछ सुधार हुआ। इस लिवाली के बावजूद ये दोनों सूचकांक हरे निशान में नहीं पहुंच सके। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.24 प्रतिशत और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 109.08 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ 78,263.33 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से यह सूचकांक गिरता चला गया। शेयरों की लगातार हो रही बिक्री के कारण दोपहर 12 बजे के करीब यह सूचकांक दिन के ऊपरी स्तर से 765.40 अंक टूट कर 656.32 अंक यानी 0.84 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 77,497.93



अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद अगले दो घंटे तक यह सूचकांक इसी स्तर के आसपास बना रहा। दोपहर दो बजे के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा। इस खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 468.42 अंक सुधर कर 187.90 अंक की गिरावट के साथ 77,966.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ।
एनएसई के निफ्टी ने आज 0.75 अंक की सांकेतिक बढ़त के साथ 24,472.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही यह सूचकांक मामूली बढ़त दिखाते हुए 24,473.30 अंक तक पहुंचा। इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण निफ्टी 205 अंक से अधिक लुढ़क कर 24,265.95 अंक के स्तर तक आ गया। दोपहर दो बजे के बाद बाजार में खरीदारी शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में भी सुधार होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी दिन के निचले स्तर से 170 अंक की रिकवरी कर 35.75 अंक की कमजोरी के साथ 24,435.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ।
आज दिन भर के कारोबार के दौरान बैंकिंग और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में खरीदारी का जोर बना रहा। इसके साथ ही पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और मेटल इंडेक्स भी मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। दूसरी ओर, आईटी सेक्टर के शेयरों में आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसकी वजह से निफ्टी का आईटी इंडेक्स 1.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह एफएमसीजी इंडेक्स 0.82 प्रतिशत और हेल्थकेयर इंडेक्स 0.78 प्रतिशत टूट कर बंद हुए। इसके अलावा ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी कमजोरी के साथ लाल निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा। निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।
आज शेयर बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1.60 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 492.20 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 493.82 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.62 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिन भर के कारोबार के दौरान बीएसई में 4,525 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई।

## एक झलक

### खुदरा महंगाई दर में लगातार चौथे महीने इजाफा

**नयी दिल्ली :** आलू-प्याज जैसे खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने से खुदरा महंगाई दर में लगातार चौथे महीने इजाफा दर्ज हुआ है। जुलाई में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 4.45 फीसदी पर पहुंच गई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर जुलाई में मामूली बढ़कर 4.45 फीसदी पर पर पहुंच गई है। इससे पिछले महीने जून में यह 4.38 फीसदी के स्तर पर थी आंकड़ों के अनुसार जुलाई में खाद्य महंगाई बढ़कर 5.52 फीसदी हो गई, जो इससे पिछले महीने 5.32 फीसदी रही थी। मंत्रालय ने कहा कि खाने-पीने की चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी इसकी बड़ी वजह रही है। जुलाई की खुदरा महंगाई दर का यह आंकड़ा नई सीपीआई सीरीज पर आधारित है, जिसमें 2024 को आधार वर्ष माना गया है। एनएसओ के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में कुल खुदरा महंगाई जुलाई में 4.84 फीसदी रही है, जबकि जून में यह 4.74 फीसदी थी। शहरों में महंगाई 3.93 फीसदी से मामूली बढ़कर 3.96 फीसदी हो गई। खाने-पीने की चीजों के अलावा कपड़े और जूते भी ग्रामीण इलाकों में ज्यादा महंगे हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी महंगाई दर 3.97 फीसदी रही, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 2.41 फीसदी थी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को खुदरा महंगाई दर को दो फीसदी घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी दी गई है। आरबीआई ने इस महीने की शुरुआत में महंगाई संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए नीतिगत दर रेपो रेट को 5.1 फीसदी पर यथावत रखा था। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए महंगाई के अनुमान को 5.1 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दिया है।

### 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए निष्पक्ष व्यापार और सर्कुलर इकोनॉमी की जरूरत : गोयल

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत के व्यवसायों और नागरिकों से भारतीय उत्पादों और सेवाओं को वैश्विक बाजारों में ले जाते समय उचित व्यापार प्रथाओं और सर्कुलर इकोनॉमी को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि भारत को वर्ष 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए आर्थिक विकास के साथ-साथ टिकाऊ और जिम्मेदार कारोबारी मॉडल अपनाना होगा। गोयल ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 'भारतीय व्यापार महोत्सव' को संबोधित करते हुए कहा कि अब नौ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के माध्यम से भारतीय उद्योग एवं व्यवसायों के लिए बाजार खुल गए हैं। उन्होंने निष्पक्ष व्यापार के तौर-तरीकों को अपनाने के साथ मेक इन इंडिया को स्थानीय से वैश्विक स्तर पर ले जाने का भी आह्वान किया। गोयल ने कहा कि मौजूदा 4 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी वर्ष 2047 तक कम से कम 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने वाली है। गोयल ने भारत के निर्यात में हुई वृद्धि का उल्लेख करते हुए बताया कि पिछले वर्ष वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात रिकॉर्ड 863 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गया है।

# जियोमार्ट क्विक की इंडिपेंडेंस सेल : 80% तक छूट

- 16 अगस्त तक चलेगी सेल, ग्रॉसरी से इलेक्ट्रॉनिक्स और फैशन तक ऑफर
- चुनिंदा पेमेंट विकल्पों पर अतिरिक्त बैंक डिस्काउंट भी




**मुम्बई :** स्वतंत्रता दिवस से पहले खरीदारी की तैयारी कर रहे ग्राहकों के लिए जियोमार्ट क्विक ने ग्रैंड इंडिपेंडेंस सेल शुरू की है। 12 से 16 अगस्त तक चलनेवाली इस पांच दिन की सेल में ग्रॉसरी, रोजमर्रा की जरूरतों, इलेक्ट्रॉनिक्स और फैशन समेत कई श्रेणियों में 80 फीसदी तक छूट मिलेगी। इसके साथ चुनिंदा पेमेंट विकल्पों पर अतिरिक्त बैंक डिस्काउंट भी लिया जा सकेगा।
जियोमार्ट की क्विक कॉमर्स सेवा जियोमार्ट क्विक पर ग्राहक रोजमर्रा के सामान के साथ त्योहारों और खास मौकों से जुड़ी खरीदारी भी कर सकेंगे। कम्पनी के मुताबिक सेल में ग्रॉसरी, डेली एसेंशियल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और फेस्टिव जरूरतों से जुड़े कई प्रोडक्ट और प्रमुख ब्रांड शामिल हैं। ऑर्डर की डिलीवरी ग्राहकों के घर तक मिनटों में करने की सुविधा भी उपलब्ध है।
सेल के दौरान सामान्य डिस्काउंट के अलावा इंडिपेंडेंस डे से जुड़े खास ऑफर भी दिये जा रहे हैं। वहीं चुनिंदा भुगतान विकल्पों का इस्तेमाल करनेवाले ग्राहकों को बैंक डिस्काउंट के जरिए अतिरिक्त बचत का मौका मिलेगा।
जियोमार्ट क्विक ग्रैंड इंडिपेंडेंस सेल 16 अगस्त तक जियोमार्ट ऐप और वेबसाइट पर लाइव रहेगी।

## भारतीय व्यापार महोत्सव व्यापारिक इतिहास का मील का पत्थर : खंडेलवाल

**नयी दिल्ली :** कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बुधवार को कहा कि 'भारतीय व्यापार महोत्सव' भारतीय व्यापारिक समुदाय के इतिहास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में 12 से 15 अगस्त तक आयोजित इस 4 दिवसीय व्यापार महोत्सव को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक व्यापार प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि देश के करोड़ों व्यापारियों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई), स्टार्टअप्स, निमार्ताओं और उद्यमियों को 'वोकल फॉर लोकल' से 'लोकल टू ग्लोबल' की यात्रा से जोड़ने वाला यह एक राष्ट्रीय अभियान है और यह महोत्सव भारत को वैश्विक व्यापारिक शक्ति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# भारत में बॉश के सबसे बड़े एकदिवसीय रिटेल का विस्तार

**जमशेदपुर :** बीएसएच होम अप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में एक ही दिन में 21 शहरों में 30 नए बॉश ब्रांड स्टोर्स का उद्घाटन किया। इसके साथ देशभर में बॉश के एक्सक्लूसिव ब्रांड स्टोर्स की संख्या 104 से बढ़कर 134 हो गई है। कंपनी के अनुसार, यह भारत में उसका अब तक का सबसे बड़ा एकदिवसीय रिटेल विस्तार है।
बेंगलुरु, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, अहमदाबाद, चंडीगढ़, कोयंबटूर और वाराणसी जैसे प्रमुख बाजारों के साथ जमशेदपुर, करीमनगर,




कुरनूल, त्रिशूर, तिरुपुर और देहरादून जैसे क्षेत्रीय शहरों में भी नए स्टोर खोले गए हैं। जनवरी से जुलाई 2026 के बीच बॉश ब्रांड स्टोर्स ने वॉल्यूम के आधार पर सालाना 60 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की।
कंपनी ने इस वर्ष रेफ्रिजरेटर, 9 से 12 किलोग्राम की वॉशिंग मशीन, डिशवॉशर, स्टीम ओवन, कॉफी मशीन और एयर फ्रायर सहित घरेलू उपकरणों का पोर्टफोलियो विस्तारित किया है। स्टोर्स में ग्राहकों को लाइव डेमोंस्ट्रेशन, विशेषज्ञ सलाह और उत्पादों के प्रत्यक्ष अनुभव की सुविधा मिलेगी।
बीएसएच होम अप्लायंसेज इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ सैफ खान ने कहा कि प्रीमियम रिटेल का भविष्य केवल स्टोरों की संख्या नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले अनुभव से तय होगा। उन्होंने कहा कि नए स्टोर जर्मन इंजीनियरिंग, उपयोगी नवाचार और विशेषज्ञ सलाह को एक साथ लाकर ग्राहकों को बेहतर खरीदारी अनुभव देंगे।
कंपनी के अनुसार, यह विस्तार उसके ओम्नीचैनल नेटवर्क को मजबूत करेगा। बॉश के देशभर में 10,000 से अधिक रिटेल टचपॉइंट्स हैं।

## ब्रिक्स अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक विकास की मुख्य चालक हैं : वित्त मंत्री

**नयी दिल्ली/जयपुर :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि ब्रिक्स देशों की अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास के प्रमुख इंजन हैं। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर निजी पूंजी जुटाने में उन्हें एक जैसी संरचनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमन ने आज जयपुर में हो रही ब्रिक्स के सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंक के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की बैठक को संबोधित करते हुए ये बात कही। सीतारमण ने द रोल ऑफ द न्यू डेवलपमेंट बैंक इन मोबिलाइजिंग प्राइवेट कैपिटल इन मेंबर कंट्रीज विषय पर यहां आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक



विकास के मुख्य इंजन होने के बावजूद ब्रिक्स देशों की अर्थव्यवस्थाओं को बड़े पैमाने पर निजी पूंजी जुटाने में एक जैसी स्ट्रक्चरल चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में लगातार प्राइवेट इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने के लिए मजबूत, स्थिर और अनुमान लगाने योग्य फ्रेमवर्क की जरूरत पर जोर दिया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने निवेश के जोखिम को कम करने, परियोजना को बैंक के लिए आकर्षक बनाने और निवेशकों का भरोसा बढ़ाने में बहुपक्षीय विकास बैंकों की अहम भूमिका पर भी जोर दिया, ताकि बड़े पैमाने पर निजी पूंजी जुटाई जा सके। भारत के अनुभव के बारे में सीतारमण ने कहा कि भारत सरकार ने निरंतर सार्वजनिक पूंजीगत व्यय और उससे जुड़े संरचनात्मक सुधारों के जरिए अपने अवसंरचना इकोसिस्टम को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले की तुलना में सार्वजनिक निवेश में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज हुई है, जो राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों, लॉजिस्टिक्स प्रणालियों, डिजिटल अवसंरचना और ऊर्जा नेटवर्कों में उत्पादक राष्ट्रीय परिसंपत्तियां बनाने की एक सोची-समझी रणनीति को दर्शाता है। इस अवसर पर ब्राजील की पूर्व राष्ट्रपति और न्यू डेवलपमेंट बैंक की प्रेसिडेंट डिल्मा रूसेफ ने सेमिनार में एक विशेष संबोधन दिया। आर्थिक मामलों की सचिव अनुराधा ठाकुर और फिक्की के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट विजय शंकर भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च हुआ शिपरॉकेट का आईपीओ, 14 अगस्त तक लगा सकते हैं बोली

**नयी दिल्ली :** एसएमई और बड़े रिटेलर्स को ई-कॉमर्स सॉल्यूशन मुहैया कराने वाली कंपनी शिपरॉकेट का 1,617.48 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 14 अगस्त तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 17 अगस्त को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 18 अगस्त को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 19 अगस्त को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। लॉन्चिंग के बाद दोपहर 02 बजे तक इस आईपीओ को 62 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 92 रुपये से लेकर 97 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 154 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम एक लॉट यानी 154 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,938 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर्स 1,94,194 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 2,002 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं।

# होम क्रेडिट इंडिया का नया कैम्पेन #खुदपरनिर्भर रोजमर्रा की वित्तीय स्वतंत्रता को करता है उजागर

**रांची :** होम क्रेडिट इंडिया, एक अग्रणी कंज्यूमर फाइनेंस कंपनी, ने अपने नए स्वतंत्रता दिवस ब्रांड कैंपेन #खुदपरनिर्भर को लॉन्च करने की घोषणा की है, जो खुद के वित्तीय फैसले लेने की आजादी का जश्न मनाता है। यह अभियान इस विश्वास पर आधारित है कि स्वतंत्रता केवल साल में एक बार मनाया जाने वाला सामूहिक माइलस्टोन नहीं है, बल्कि यह लाखों भारतीयों के लिए एक रोजमर्रा की व्यक्तिगत उपलब्धि भी है। यह अभियान वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के हर एक व्यक्तिगत क्षण को उस भारत के रूप में दशार्ता है जो एक समय में एक फैसला लेकर अधिक आत्मनिर्भर बन रहा है। यह कैंपेन सुलभ और सुविधाजनक वित्तीय साल्यूशन्स के साथ उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए होम क्रेडिट इंडिया की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है, साथ ही




ब्रांड के मूल दर्शन #जिंदगीहिट को भी जीवंत करता है। कैंपेन फिल्म यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक और लिंक्डइन पर अब लाइव उपलब्ध है।

**एक आवाज से लेकर रोजमर्रा की आजादी के कोरस तक**

**यह** फिल्म विभिन्न लिंग, उम्र, स्थान और जीवन के पड़ावों का प्रतिनिधित्व करने वाले 10 प्रमुख पात्रों को दर्शाती है। अपना पहला दोपहिया वाहन खरीदने और खुद कॉलेज की फीस भरने से लेकर व्यवसाय शुरू करने, घर का रिनोवेशन करने या कृषि में निवेश करने तक, यह कैंपेन उन कई तरीकों को दिखाता है जिनसे रोजमर्रा के जीवन में वित्तीय स्वतंत्रता नजर आती है। फिल्म की शुरूआत कानपुर की एक 24 वर्षीय युवती से होती है, जो कैमरे के सामने सीधे अपनी पहली स्कूटर खरीदने की उपलब्धि के बारे में बात करती है। इसके बाद कैमरा पीछे हटता है और जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों, क्षेत्रों और पीढ़ियों के अधिक लोगों को दिखाता है। हर व्यक्ति वित्तीय रूप से स्वतंत्र होने के अपने अनुभव को साझा करता है, जो #खुदपरनिर्भर होने के एक अलग अर्थ को दशार्ता है। जैसे-जैसे उनके व्यक्तिगत बयान एक साथ आते हैं, फिल्म व्यक्तिगत स्वतंत्रता के एक सामूहिक कोरस में बदल जाती है, जो व्यक्तिगत उपलब्धियों को एक आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर भारत के जश्न के रूप में बदल देती है। इस कैंपेन पर बात करते हुए, आशीष तिवारी, चीफ मार्केटिंग एंड पीपल ऑफिसर, होम क्रेडिट इंडिया ने कहाः स्वतंत्रता हमेशा से भारतीय कल्पना में सबसे शक्तिशाली विचारों में से एक रही है। लेकिन जहां हम हर स्वतंत्रता दिवस पर अपनी सामूहिक आजादी का जश्न मनाते हैं, वहीं लाखों भारतीय हर दिन स्वतंत्रता के अपने क्षणों को महसूस कर रहे हैं। चाहे वह अपने पैसों से पहली बार कुछ खरीदना हो, कोई व्यवसाय शुरू करना हो, अपनी शिक्षा की फीस देना हो या अपने परिवार के लिए कोई निर्णय लेना हो, ये क्षण अत्यधिक व्यक्तिगत गर्व से भरे होते हैं। #खुदपरनिर्भर के साथ, हम इस रोजमर्रा की वित्तीय स्वतंत्रता का जश्न एक सरल, ईमानदार और गहराई से रिलेटेबल तरीके से मनाना चाहते हैं। इस स्वतंत्रता दिवस पर, हम उन लोगों का जश्न मनाते हैं जो अपने वित्तीय फैसले खुद लेने और अपनी शर्तों पर जीने का चुनाव कर रहे हैं। #खुदपरनिर्भर अभियान की शुरूआत के साथ, होम क्रेडिट इंडिया एक संपूर्ण-पोर्टफोलियो वित्तीय सहायक के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करता है, जो टू-व्हीलर और पर्सनल लोन से लेकर कंज्यूमर ड्यूरेबल फाइनेंसिंग और लोन अगेंस्ट प्रॉपर्टी (एलएपी) तक ग्राहकों के अनुकूल समाधान प्रदान करता है।

## पेज एक के शेष

**झारखंड के 29 पुलिस अधिकारियों-कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस पर मिलेगा पुलिस पदक...**
पुलिस मुख्यालय ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिये हैं कि पदक प्राप्त करनेवाले अधिकारी और कर्मी 13 अगस्त 2026 की अपराह्न तक वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के समक्ष रिपोर्ट करें।
पुलिस मुख्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी पदक प्राप्तकर्ता का इस बीच स्थानांतरण या पदस्थापन हो गया है, तो सम्बन्धित वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक अथवा नियंत्रक पदाधिकारी इसकी सूचना पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिया जानेवाला यह सम्मान पुलिस अधिकारियों और कर्मियों की विशिष्ट, वीरतापूर्ण एवं सराहनीय सेवाओं के प्रति सम्मान का प्रतीक है।

**830 करोड़ रुपये की योजनाओं पर चर्चा...**
इसके अलावा 2014 की रिम्स नियमावली को वर्तमान जरूरतों के अनुरूप पुनर्गठित करने तथा स्वीकृत एवं कार्यरत पदों की संरचना की समीक्षा करने के भी निर्देश दिये गये।
बैठक में अपर सचिव शशि प्रकाश सिंह, रिम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. डीके सिन्हा, सहायक निदेशक बाघमारे प्रसाद कृष्ण सहित रिम्स एवं स्वास्थ्य विभाग के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

**जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं की सीबीआई जांच की मांग को लेकर छात्रों का आन्दोलन 19वें दिन जारी...**
तबीयत बिगड़ने पर उन्हें देर रात अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे पहले छात्र-अभ्यर्थी राहुल कुमार और देवेन्द्रनाथ महतो को भी सदर अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया था। आन्दोलनकारियों ने कहा कि अनशनकारियों का इलाज जारी रहने के बावजूद देर रात धरना स्थल पर प्रशासन की मौजूदगी कई सवाल खड़े करती है। छात्र आन्दोलनकारी कुणाल प्रताप सिंह समेत अन्य ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं से जुड़े मामलों में उठे सवालों का स्पष्ट और संतोषजनक समाधान जरूरी है। उनका आरोप है कि सरकार मामले की गंभीरता से बचने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर अभ्यर्थियों में असंतोष बढ़ा है। पूरे मामले की स्वतंत्र एजेंसी से जांच करा कर तथ्यों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए, ताकि अभ्यर्थियों का परीक्षा व्यवस्था पर भरोसा कायम रह सके। छात्र रोहित कुजूर ने कहा कि आन्दोलन का उद्देश्य भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित कराना है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में अभ्यर्थी वर्षों मेहनत करते हैं। ऐसे में परीक्षा में कथित धांधली के आरोपों की निष्पक्ष जांच जरूरी है। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार सीजीएल परीक्षा रद्द कर सीबीआई जांच कराने से क्यों परहेज कर रही है।
उधर, स्टेडियम परिसर में मौजूद अनशनकारी छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन और नारेबाजी की। आन्दोलनकारियों ने कहा कि प्रमुख मांगों पर ठोस निर्णय होने तक उनका आन्दोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभ्यर्थी और अन्य लोग मौजूद रहे।

**सरकार संसद में नीट परीक्षा को लेकर छात्र आन्दोलन पर चर्चा को तैयार : शाह...**
से जितना समय और जितने घंटे उचित समझें, उतना समय इस मुद्दे पर चर्चा के लिए आवंटित किया जाये। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय के दौरान वह सदन में उपस्थित रह कर इस मुद्दे पर चर्चा में भाग लेना चाहते हैं और विपक्ष के सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए तैयार हैं।
शाह ने कहा कि लोकतंत्र में चर्चा और संवाद से ही समाधान निकलता है। उन्होंने कहा कि उन्हें लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं में अटूट विश्वास है और उनका मानना है कि सदन चर्चा और संवाद के लिए ही है।
उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से विपक्ष के नेताओं से चर्चा कर इस महत्त्वपूर्ण विषय पर सदन में अच्छा वातावरण बनाने का आग्रह किया, ताकि पक्ष और विपक्ष के सभी सदस्य इस मुद्दे पर अपने विचार प्रस्तुत कर सकें।

**भाषण नहीं, छात्रों पर कार्रवाई का जवाब चाहिए...**
नहीं, उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए। अगर शाह ने आदेश दिये थे, तो उन्हें इस्तीफा देना चाहिए और अगर उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी, तो भी उन्हें अपनी जिम्मेदारी को लेकर इस्तीफा देना चाहिए।
राहुल गांधी ने कहा कि सवाल यह नहीं है कि अमित शाह संसद में आकर क्या भाषण देंगे। विपक्ष छात्रों के खिलाफ हुई कार्रवाई को लेकर स्पष्ट जवाब चाहता है। पिछले 20 दिनों से गृहमंत्री संसद में इस मुद्दे पर सामने नहीं आये और अब सत्र के अंतिम दौर में चर्चा की पेशकश की जा रही है।
उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से यह कहा जा रहा है कि गृहमंत्री सभी सवालों का जवाब देंगे, लेकिन विपक्ष पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह किस सवाल का जवाब चाहता है। वह छात्रों के खिलाफ किसी भी तरह की हिंसा के पक्ष में नहीं हैं और इस मुद्दे पर खुले तौर पर अपनी बात रख रहे हैं।
इससे पहले केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को विपक्ष पर संसद की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि सरकार छात्रों के विरोध-प्रदर्शन से जुड़े हर पहलू पर चर्चा के लिए तैयार है। शाह ने कहा कि विपक्ष बुधवार दोपहर तीन बजे तक लोकसभा अध्यक्ष को चर्चा के लिए पत्र दे, तो सरकार तीन बजे से अगले दिन तीन बजे तक चर्चा कराने के लिए तैयार है और वह खुद पूरी चर्चा के दौरान सदन में मौजूद रह कर सभी सवालों का जवाब देंगे। मॉनसून सत्र शुरू होने के बाद से वह नियमित रूप से संसद आ रहे हैं और अपने कक्ष में मौजूद रहते हैं, लेकिन विपक्ष दोनों सदनों की कार्यवाही नहीं चलने दे रहा है।

**विपक्ष चर्चा से भाग रहा है, यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं : रिजिजू...**
के सामने बार-बार चर्चा के लिए अपनी सहमति और तत्परता जाहिर की, लेकिन विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं हो रहा है। इसी वजह से केन्द्रीय गृहमंत्री को एकबार फिर लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखना पड़ा। रिजिजू के मुताबिक, गृह मंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में दोहराया है कि सरकार सदन में खुले, व्यापक और विस्तृत तरीके से चर्चा के लिए तैयार है। साथ ही, गृह मंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष से विपक्षी नेताओं को चर्चा के लिए सहमत कराने का आग्रह किया है।

**विपक्ष के जोरदार हंगामे के कारण फिर नहीं चली लोकसभा...**
बचे हैं और इनका इस्तेमाल कामकाज के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने विपक्ष के सदस्यों के वेल में आने पर इसे अनुशासनहीनता बताया और कहा कि सरकार तत्काल चर्चा शुरू करने के लिए तैयार है।

**जगदम्बिका पाल ने कहा...आनेवाली पीढ़ी को क्या संदेश देंगे?**
**लोकसभा** की आसंदी पर विराजमान हुए जगदम्बिका पाल ने भी विपक्ष से सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब सरकार चर्चा के लिए तैयार है और गृह मंत्री अमित शाह सभी बिन्दुओं पर जवाब देने को तैयार हैं, तो गतिरोध समाप्त होना चाहिए। उन्होंने विपक्षी सांसदों से वेल खाली करने और अपनी सीटों पर लौटने का आग्रह किया। स्पीकर ने कहा कि सदन में लगातार व्यवधान से आनेवाली पीढ़ी को क्या संदेश जायेगा। उन्होंने विपक्ष से चर्चा में भाग लेने की अपील की।

**भाजपा ने विपक्ष पर लगाया चर्चा से भागने का आरोप**
**भाजपा** के राज्यसभा सांसद नितिन नबीन ने विपक्ष के लगातार व्यवधान को लेकर उस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार हर महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष चर्चा से भाग रहा है और संसद का कामकाज रोक रहा है।
बुधवार को दिनभर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप तथा प्रदर्शन का दौर चलता रहा। लगातार हंगामे के चलते महत्त्वपूर्ण विधायी कामकाज प्रभावित हुआ। अब संसद की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे दोबारा शुरू होगी।

**राज्यसभा से राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (संशोधन) विधेयक 2026 ध्वनिमत से पारित...**
उन्होंने बताया कि सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद पिछले पांच वर्षों में कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। उन्होंने कहा कि 3,000 करोड़ रुपये की लागत से देश की 80,000 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के कम्प्यूटरीकरण का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक के कानून बनने से अब पात्र सहकारी समितियों और सहकारिता विकास से जुड़ीं संस्थाओं को सीधे ऋण और वित्तीय सहायता प्रदान कर सकेगा।
निगम के सहायता दायरे में कृषि और पशुधन के अलावा प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद तथा केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित अन्य वस्तुएं भी शामिल की गयी हैं। विभिन्न सहकारी संस्थाओं और विकास से जुड़ी इकाइयों की शेयर पूंजी में भी निवेश कर सकेगा। औद्योगिक वस्तुओं और संबंधित सेवाओं पर लागू कुछ पुराने भौगोलिक प्रतिबंध हटाये गये हैं, जिससे देशभर में सहकारी संस्थाओं तक वित्तीय सहायता पहुंचाना आसान होगा।
इससे पहले राज्यसभा में अमित शाह की गैर मौजूदगी को लेकर खड़गे-नड्डा में तीखी बहस देखने को मिली। सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने विधेयक पर चर्चा के दौरान अमित शाह की गैरमौजूदगी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस विधेयक के समक्ष गृहमंत्री का नाम है, उन्हें सदन में आना चाहिए । इस पर सदन के नेता जेपी नड्डा ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि विपक्ष के नेता सदन को गुमराह कर रहे हैं और विपक्ष चर्चा से बचने की कोशिश कर रहा है। इसके बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी बहस हुई। हंगामे के बीच कांग्रेस समेत विभिन्न विपक्षी दलों के सांसदों ने नारेबाजी की और सदन से वॉकआउट कर दिया। इसके बाद सदन में विधेयक पर चर्चा जारी रही।

**रांची के मधुकम वाले महादेव उरांव को सुप्रीम कोर्ट से भी लगा झटका...**
को जमीन से हटाने के लिए न्यायिक प्रक्रिया का सहारा लिया गया। अदालत ने इस पूरे घटनाक्रम को गम्भीरता से लेते हुए टिप्पणी की कि मामला जालसाजी की श्रेणी में आ सकता है। कोर्ट ने यह भी संकेत दिया कि याचिकाकर्ता पर 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। सर्वोच्च अदालत के इस सख्त रुख के बाद महादेव उरांव की ओर से याचिका वापस लेने का आग्रह किया गया। अदालत ने आग्रह स्वीकार कर एसएलपी खारिज कर दी। इस तरह मामले में हाईकोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट से भी महादेव उरांव को राहत नहीं मिली।

**हाईकोर्ट ने 12 परिवारों को दी थी बड़ी राहत**
**इससे** पहले 31 जुलाई 2026 को झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया था। अदालत ने रांची के रातू रोड स्थित मधुकम क्षेत्र में करीब 50-60 वर्षों से घर बना कर रह रहे 12 गैर-आदिवासी परिवारों को राहत देते हुए अतिक्रमण हटाने के पहले जारी आदेश को वापस ले लिया था। अदालत ने महादेव उरांव की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता पर 12 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था। यह राशि मामले से प्रभावित 12 परिवारों को एक-एक लाख रुपये के रूप में देने का निर्देश दिये गये थे। अदालत ने माना था कि याचिकाकर्ता ने न्यायालय के समक्ष महत्त्वपूर्ण तथ्यों का खुलासा नहीं किया और शपथ पत्र में भ्रामक जानकारी देकर अदालत को गुमराह करने का प्रयास किया।

## एक झलक

### इमरान की मौत की अफवाह ने पाक में बढ़ायी हलचल

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के जेल में निधन की अपुष्ट खबर ने देश की राजनीति में भूचाल ला दिया है। पाकिस्तानी पत्रकार ने अपने यूट्यूब चैनल पर दावा किया है कि तीन वरिष्ठ सैन्य सूत्रों ने उन्हें बताया है कि उन्हें आशंका है कि इमरान खान अब जिंदा नहीं हैं। पत्रकार ने हालांकि स्पष्ट किया कि यह जानकारी प्रत्यक्ष पुष्टि पर आधारित नहीं है, फिर भी इस दावे ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की स्थिति को लेकर जारी अटकलों को और तेज किया है। इमरान की सेहत और सुरक्षा को लेकर चिंताएं पहले से ही गंभीर बनी हुई थीं। उनके परिवार, पार्टी नेताओं, वकीलों और निजी डॉक्टरों को उनसे मिलने की अनुमति न मिलने को लेकर विवाद रहा है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने जून में उन्हें अस्पताल भेजने, नियमित मुलाकात और निजी डॉक्टरों से जांच करने की मांग की थी। इससे पहले मई में भी उनकी बहनों और खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी को अदियाला जेल पहुंचने से रोका गया था, जिस पर पार्टी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया था।

### फिलीपींस में स्वास्थ्य व बिजली संकट गहराया

**फिलीपींस** : उत्तरी फिलीपींस के इलोकोस क्षेत्र में भारी बारिश के कारण आई विनाशकारी बाढ़ ने जनजीवन बेहाल किया है। दक्षिण-पश्चिमी मानसून के कारण लगातार बारिश और बाढ़ की स्थिति बनी है, इसकारण स्वास्थ्य अधिकारियों ने जलजनित और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका पर गहरा अलर्ट जारी किया है। इलोकोस क्षेत्रीय स्वास्थ्य केंद्र ने लोगों से बाढ़ के बीच विशेष स्वास्थ्य सावधानियां बरतने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग (डीओएच) की इलोकोस क्षेत्रीय निदेशक डॉ. हेलेन डी. टोबियास ने लेप्टोस्पायरोसिस, डेंगू और अन्य संक्रामक रोगों से बचाव के लिए सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि बाढ़ का दूषित पानी, विशेषकर जानवरों के मूत्र से, लेप्टोस्पायरोसिस संक्रमण का कारण बन सकता है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे बाढ़ के पानी के संपर्क में आने के बाद शरीर के हिस्सों को साबुन और साफ पानी से धोएं, तथा किसी भी लक्षण के तुरंत बाद चिकित्सीय सहायता लें।

### ईरान-पाक : द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमति

**तेहरान** : ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने तेहरान में पाकिस्तानी गृह मंत्री सैयद मोहसिन रजा नकवी से मुलाकात की। बैठक के दौरान दोनों देशों ने द्विपक्षीय सहयोग को सभी क्षेत्रों में और आगे बढ़ाने पर सहमति जाहिर की। राष्ट्रपति पेजेशकियन ने ईरान के साथ संबंध मजबूत करने की पाकिस्तान की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि तेहरान राजनीतिक, आर्थिक, व्यापारिक, सांस्कृतिक और सुरक्षा सहित हर क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने को तैयार है।
ईरानी राष्ट्रपति ने बैठक में दोनों पड़ोसी देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और जन-संबंधों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के नेतृत्व की ओर से एकजुटता बढ़ाने और ईरान के साथ रिश्तों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता तेहरान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### बीएलए ने एक पाक जासूस को उतारा मौत के घाट

**क्वेटा** : बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी अब कह रही है कि वह पाकिस्तानी हूकूमत के मुखबिरों को नहीं छोड़ेगी। हाल ही में इस संगठन ने क्वेटा में एक व्यक्ति की हत्या की जिम्मेदारी ली है, उनकी ओर से कहा गया है कि मारे गए व्यक्ति का नाम फारूक मोहम्मद हसनी था और उसे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के साथ काम करने की वजह से मारा गया है। सूत्रों के मुताबिक ये घटना क्वेटा के सरयाब मिल इलाके में हुई। बीएलए का कहना है कि मारे गए हसनी को खुफिया एजेंसियों से जुड़े एक समूह का सदस्य माना जाता था।

# घाटकोपर में पहाड़ी का हिस्सा घरों पर गिरने से सात लोगों की मौत, सात घायल

एजेंसी

**मुंबई** : घाटकोपर के अशोक नगर में गौसिया चाल के करीब छह घरों पर बुधवार को तडके पहाड़ी का हिस्सा धसक कर गिर जाने से हुई घटना में अब तक तीन बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई है। मौके पर मलबे में और भी लोगों के दबे होने की आशंका है, इसलिए फायर ब्रिगेड, एनडीआरएफ और पुलिस की टीम राहत और बचाव कार्य कर रही है।
मुंबई नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान मोहम्मद समीर अंसारी (14), साहिल हुसैन अब्दुल काजी (19), लगभग 45 साल के एक अज्ञात व्यक्ति, अबान आरिफ शेख (2), मनत आरिफ शेख (4), मर्जिना आरिफ शेख (27) और विकेत रमेश यादव (27) के तौर पर की गई है। इस घटना में तीन घायलों फराना दिलबर खान (28), दिलबर अमनुल्ला खान (38) और शमीम मुस्लिम खान (26) को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। चार अन्य घायलों सोहेल अंसारी (18), मोहम्मद अंसारी (14), नईमुद्दीन इकबाल खान (28)



और साजिद अंसारी (16) को कुर्ला में नगर निगम के भाभा अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत भी स्थिर है।
मुंबई नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि बचाव अभियान चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि प्रभावित इलाके का रास्ता बहुत संकरा। यहां एक बार में केवल एक व्यक्ति ही गुजर सकता है और भारी मशीनरी लगाना मुश्किल हो रहा है। खोज और बचाव अभियान चल रहा था, जिसमें फायर ब्रिगेड, पुलिस, एनडीआरएफ, एम्बुलेंस सेवा और नगर निगम के वार्ड कर्मचारियों की टीमें मौके पर तैनात की गई हैं।
मुंबई की मेयर रितु तावड़े ने बचाव अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से भी मुलाकात की और उन्हें मदद का भरोसा दिलाया। मेयर ने हर मृतकों के परिवार को तुरंत 4 लाख रुपये और हर घायल व्यक्ति के इलाज के लिए 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया। उन्होंने बचाव अभियान में शामिल एजेंसियों को अपनी कोशिशें तेज करने और आपस में तालमेल बनाए रखने का निर्देश दिया है।

### पीएम मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की आत्मकथा का किया विमोचन

# संघर्षों की कहानियां युवाओं को देंगी नयी राह : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से आत्मकथाएं पढ़ने और दूसरे लोगों के जीवन के संघर्षों से सीख लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि रील और सोशल मीडिया के दौर में शॉर्टकट की प्रवृत्ति बढ़ रही है। युवाओं को याद रखना चाहिए कि शॉर्टकट छोटा कर देता है। आत्मकथाओं के जरिए किसी व्यक्ति के जीवन के साथ उस दौर के इतिहास को भी करीब से समझा जा सकता है।
उन्होंने यह विचार पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की आत्मकथा ट्रायम्फ ऑफ द इंडियन रिपब्लिकः माय लाइफ, माय स्ट्रगल्स के लोकार्पण समारोह में व्यक्त किए। मोदी ने कहा कि कोविंद की जीवन यात्रा, उनके संघर्ष और देश के लिए योगदान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। यह आत्मकथा भारतीय लोकतंत्र और भारतीय समाज के लिए धरोहर बनेगी। पुस्तक का शीर्षक यह संदेश देता है कि पूर्व राष्ट्रपति कोविंद के जीवन के संघर्ष व्यक्तिगत थे, लेकिन उनसे मिली सफलता भारत के गणतंत्र और लोकतंत्र की जीत है।
मोदी ने उनके साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि उन्हें पूर्व राष्ट्रपति को करीब से जानने और राष्ट्रपति के रूप में उनका मार्गदर्शन पाने का अवसर मिला। उन्होंने कोविंद के स्नेह और आत्मीयता को अपनी बड़ी पूंजी बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविंद ने सामान्य परिवार से निकलकर अपनी मेहनत और क्षमता के बल पर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने का सफर तय किया।
उन्होंने कहा कि कानपुर देहात में एक सामान्य परिवार में जन्मे कोविंद के घर में एक बार आग लग गई थी। इस हादसे में उनकी मां की मृत्यु हो गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतनी कम उम्र में मां को खोना बेहद दर्दनाक था, लेकिन कोविंद इन परिस्थितियों से टूटे नहीं बल्कि और मजबूत होकर आगे बढ़े। पड़ोस की एक महिला ने उनके पालन-पोषण में मदद की, जबकि उनके पिता ने परिवार को संभाला और बच्चों को संस्कार दिए। कोविंद अपने पिता को अपना हीरो मानते हैं।
प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविंद ने बचपन की कठिन परिस्थितियों के बीच शिक्षा को अपनी ताकत बनाया। संसाधनों की कमी को उन्होंने कमजोरी नहीं बनने दिया और मेहनत के बल पर आगे बढ़ते हुए राष्ट्रपति पद तक पहुंचे। उन्होंने



### भारत में दुनिया के 60% से अधिक जंगली एशियाई हाथी : मोदी

**विश्व** हाथी दिवस पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाथी को भारत की पारिस्थितिकी विरासत का अभिन्न हिस्सा बताते हुए देश के मजबूत संरक्षण प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया के 60 प्रतिशत से अधिक जंगली एशियाई हाथी पाए जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में 33 हाथी अभयारण्य हैं, जो हाथियों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके दीर्घकालिक संरक्षण के प्रयासों को मजबूती प्रदान कर रहे हैं।
मोदी ने हाथी संरक्षण के प्रयासों में योगदान देने वाले वनकर्मियों, वैज्ञानिकों, पशु चिकित्सकों, महावतों और स्थानीय समुदायों के प्रति गर्व और आभार व्यक्त किया।
प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्व पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व हाथी दिवस पर हम उस विशालकाय और गौरवशाली हाथी का उत्सव मनाते हैं, जो भारत की पारिस्थितिकी विरासत का अभिन्न हिस्सा रहा है।
उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि भारत दुनिया के 60 प्रतिशत से अधिक जंगली एशियाई हाथियों का घर है। उन्होंने कहा कि देश के 33 हाथी अभयारण्य हाथियों के लिए आवास उपलब्ध कराते हैं और उनके दीर्घकालिक संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को मजबूत करते हैं। प्रधानमंत्री ने संरक्षण से जुड़े सभी वनकर्मियों, वैज्ञानिकों, पशु चिकित्सकों, महावतों और स्थानीय समुदायों की भूमिका की भी सराहना की।

# छात्रों पर हिंसा और चढ़ावा चोरी समेत सभी मुद्दों पर चर्चा हो, सरकार शर्त नहीं रख सकती : पवन खेड़ा

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने बुधवार को कहा कि संसद में चर्चा छात्रों के विरोध-प्रदर्शन तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि अयोध्या के राममंदिर के चढ़ावे से जुड़े आरोप, छात्रों पर हुई कार्रवाई, कथित पेपर लीक और छात्रों की आत्महत्याओं समेत सभी मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष पहले दिन से इन सभी मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहा है और सरकार को चर्चा के लिए शर्तें नहीं रखनी चाहिए।
संसद भवन में पत्रकारों से बातचीत में खेड़ा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि सरकार छात्रों के विरोध-प्रदर्शन से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा के लिए तैयार है और विपक्ष 24 घंटे के भीतर चर्चा के लिए प्रस्ताव दे तो सरकार चर्चा कराने को तैयार है। खेड़ा ने कहा कि सत्ताधारी दल को



चर्चा के लिए शर्त रखने का अधिकार नहीं है।
उन्होंने कहा कि विपक्ष स्पष्ट रूप से कह रहा है कि यदि चर्चा होगी तो छात्रों पर हुई कार्रवाई, कथित चढ़ावा चोरी, पेपर लीक, छात्रों की आत्महत्याओं और प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन, आंसू गैस तथा अन्य बल प्रयोग जैसे मुद्दों पर भी चर्चा होगी। गृह मंत्री को सदन में आकर इन मुद्दों पर जवाब देना होगा। खेड़ा ने गृह मंत्री के संसद में नियमित रूप से मौजूद रहने के बयान पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि संसद परिसर में आना और सदन में मौजूद रहना अलग-अलग बातें हैं। यदि गृह मंत्री संसद की कैंटीन या अन्य जगहों पर आते हैं तो इसे सदन में आना नहीं कहा जा सकता। चर्चा के लिए विपक्ष से लोकसभा अध्यक्ष को लिखकर देने की मांग पर खेड़ा ने कहा कि विपक्ष पहले दिन से अपनी मांग स्पष्ट कर चुका है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को दोबारा यह बताने की जरूरत नहीं है कि किन मुद्दों पर चर्चा होनी है। सरकार को छात्रों पर हुई कथित हिंसा, पेपर लीक और छात्रों की आत्महत्याओं समेत सभी संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार होना चाहिए। सरकार इन मुद्दों पर चर्चा करने से क्यों बच रही है।
खेड़ा ने कहा कि संसद का सत्र शुरू हुए करीब 17-18 दिन बीत जाने के बाद सरकार की ओर से चर्चा की बात कही जा रही है। विपक्ष लंबे समय से गृह मंत्री से सदन में आकर जंतर-मंतर और देश के अन्य हिस्सों में छात्रों के खिलाफ हुई कार्रवाई पर बयान देने की मांग कर रहा है।

### दिल्ली के नये मास्टर प्लान 2047 को मंजूरी

**नयी दिल्ली** : दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली के नए मास्टर प्लान 2047 को मंजूरी दी है। उन्होने बुधवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में दिल्ली के मुख्य सचिव, डीडीए के उपाध्यक्ष, प्राधिकरण के सदस्य और संबंधित विभागों व एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। उपराज्यपाल ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह प्लान दिल्ली के दीर्घकालिक विजन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत 2047 मिशन के अनुरूप बनाता है।

### मध्य प्रदेश में एनालॉग पनीर पर लगा प्रतिबन्ध, मुख्यमंत्री ने जारी किये निर्देश

एजेंसी

**भोपाल** : महाराष्ट्र, गुजरात और छत्तीसगढ़ की तर्ज पर अब मध्य प्रदेश सरकार ने भी एनालॉग पनीर के उत्पादन, बिक्री और इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की बैठक में इसके स्पष्ट निर्देश दिए। सरकार का उद्देश्य नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थों पर लगाम लगाकर प्राकृतिक दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना है।
दरअसल, एनालॉग पनीर को असली दूध के विकल्प के रूप में तैयार किया जाता है। इसे बनाने में



असली दूध के बजाय या दूध के साथ वनस्पति वसा (वेजिटेबल फैट), स्टार्च और अन्य रसायनों/सामग्रियों का उपयोग किया जाता है। लागत कम होने के कारण बाजार में होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर इसकी खपत काफी बढ़ गई थी। मध्य प्रदेश में रोजाना करीब 300 से 400 क्विंटल यानी महीने में लगभग 900 से 1200 टन एनालॉग पनीर की बिक्री का अनुमान जताया गया है।

### गुजरात में गेरतपुर-अहमदाबाद खंड पर 153 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा चार लेन आरओबी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय रेलवे ने गुजरात में पश्चिम रेलवे के गेरतपुर-अहमदाबाद खंड में लेवल क्रॉसिंग संख्या 305 पर चार लेन वाले रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 153 करोड़ रुपये की लागत आएगी।
रेल मंत्रालय के अनुसार, यह परियोजना पश्चिम रेलवे में रेलवे ओवरब्रिज, रेलवे अंडरब्रिज, फुटओवर ब्रिज के निर्माण, जल निकासी व्यवस्था में सुधार और मौजूदा आरओबी-आरयूबी के पुनर्निर्माण से संबंधित व्यापक कार्य के तहत स्वीकृत की गई है।
रेलवे क्रॉसिंग घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्र में स्थित है। इसे देखते



हुए आरओबी के लिए लंबे एप्रोच और बड़े ढांचे की आवश्यकता होगी। रेलवे पुल वाले हिस्से की कुल लंबाई 106 मीटर होगी, जिसमें 53-53 मीटर के दो कंपोजिट गर्डर लगाए जाएंगे। इसके बाद 150 मीटर लंबा वायाडक्ट होगा, जबकि रेलवे की ओर का एप्रोच 595 मीटर लंबा होगा।
नए आरओबी के निर्माण से सड़क उपयोगकर्ताओं को रेलवे फाटक पर ट्रेनों के गुजरने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा और रेल लाइन के ऊपर वाहनों की आवाजाही हर समय निर्बाध बनी रहेगी। इससे क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित आवागमन, यात्रा समय में कमी और लेवल क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से राहत मिलने की उम्मीद है।

### प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय का नया पोर्टल लॉन्च

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) ने बुधवार को अपना नया एकीकृत पोर्टल लॉन्च किया। नए पोर्टल के जरिए पीएमएमएल से जुड़ी विभिन्न डिजिटल सेवाओं और वेबसाइटों को एक मंच पर लाया गया है। इसे नागरिकों, शोधकर्ताओं और अन्य उपयोगकर्ताओं के लिए अधिक सुलभ और आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया गया है।
पीएमएमएल की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक नया पोर्टल पहले से अलग-अलग उपलब्ध वेबसाइटों और डिजिटल सेवाओं को एक साथ जोड़ता है। इसका उद्देश्य उपयोगकताओं को अलग-अलग वेबसाइटों पर जाने की जरूरत कम करना और प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय से जुड़ी सामग्री, सेवाओं तथा अभिलेखीय संसाधनों तक आसान पहुंच उपलब्ध कराना है।

### 'राका' की रिलीज से पहले लीक हुआ दीपिका का रोल

**मुम्बई** : निर्देशक एटली की बहुचर्चित फिल्म 'राका' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। अल्लू अर्जुन अभिनीत इस मेगा बजट फिल्म के प्रमुख किरदारों से जुड़ी कुछ जानकारियां कथित तौर पर लीक हो गई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में दीपिका पादुकोण एक गर्भवती महिला की भूमिका निभाएंगी, जिसका अपने अस्तित्व और सुरक्षा के लिए संघर्ष कहानी का अहम हिस्सा होगा। बताया जा रहा है कि दीपिका ने गर्भावस्था के दौरान भी फिल्म की शूटिंग की है। रश्मिका मंदाना फिल्म में एक गाइड और रक्षक की भूमिका में नजर आएंगी, जो दीपिका के किरदार को एक रहस्यमयी और वैदिक प्रेरित खतरनाक दुनिया में सुरक्षित रखने का प्रयास करती है। इसके अलावा जान्हवी कपूर एक आदिवासी रानी के किरदार में दिखाई देंगी, जिसकी भूमिका



कहानी की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हालांकि, निमार्ताओं की ओर से इन किरदारों को लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।
भारतीय सिनेमा की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्मों में शामिल मानी जा रही 'राका' को भव्य स्तर पर तैयार किया जा रहा है। फिल्म में अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में हैं और इसे दिसंबर 2027 में रिलीज करने की योजना है। हालांकि, रिलीज की सटीक तारीख का ऐलान अभी बाकी है। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही जबरदस्त उत्साह बना हुआ है।

# इंडिया गेट से कर्तव्य पथ तक निकली तिरंगा यात्रा

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिति में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार को इंडिया गेट से कर्तव्य पथ तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।
दिल्ली सरकार की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम देशभर में चल रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आयोजित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में हजारों विद्यार्थियों आदि ने भी भागीदारी की और हाथों में तिरंगा थामकर राष्ट्र के प्रति गौरव और सम्मान की भावना को व्यक्त किया। यह तिरंगा यात्रा इंडिया गेट से शुरू होकर रफी मार्ग, कर्तव्य पथ तक निकाली गई। यात्रा में दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा एवं नागरिक भी उपस्थित रहे।
तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली एवं कॉलेज विद्यार्थियों के साथ एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों की भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। युवाओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामकर पूरे उत्साह के साथ यात्रा में हिस्सा लिया। यह भागीदारी स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों के प्रति सम्मान और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भूमिका का संदेश देती नजर आई।
इस अवसर पर नितिन नवीन ने कहा



कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' आज जनभागीदारी का एक सशक्त अभियान बन चुका है। तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रगौरव की भावना से देश का हर वर्ग उत्साहपूर्वक इस अभियान से जुड़ रहा है। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि इस स्वतंत्रता दिवस अपने अमर शहीदों को नमन करते हुए 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ें और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को और मजबूत करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ें।
मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त केवल स्वतंत्रता का उत्सव ही नहीं, बल्कि भारत की गौरवशाली यात्रा और उपलब्धियों को याद करने का भी अवसर है। आजादी के बाद भारत ने अनेक चुनौतियों को पार करते हुए विकास, विज्ञान, तकनीक, अर्थव्यवस्था, शिक्षा और आधारभूत संरचना सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह यात्रा देश के करोड़ों नागरिकों के परिश्रम, संकल्प और सामूहिक योगदान की कहानी है। हर राष्ट्र की यात्रा में चुनौतियां और सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है, लेकिन स्वतंत्रता दिवस हमें यह देखने का अवसर देता है कि हमने कहां से शुरूआत की थी और आज कहां तक पहुंचे हैं। भारत की उपलब्धियों पर गर्व करते हुए हमें आने वाले वर्षों के लिए और बड़े संकल्प लेने चाहिए।
मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों से अपील की कि इस स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक घर तिरंगे के रंग में रंगे और देशभक्ति की भावना हर नागरिक के मन में दिखाई दे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ते हुए प्रत्येक नागरिक अपने घरों की छतों पर तिरंगा फहराएं और तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा करें। यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान, गौरव और एकता की सामूहिक अभिव्यक्ति है। जब देश का प्रत्येक नागरिक अपने घर पर तिरंगा फहराएगा, तो यह दृश्य भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव का संदेश पूरे देश और दुनिया तक पहुंचाएगा।